सुप्रभात
रांची, शनिवार
17.12.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net पौष, कृष्ण पक्ष, नवमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 | वर्ष : 10 | अंक : 154



12 गूगल पर मोस्ट सर्च्ड एशियन अभिनेत्री बनीं कैटरीना कैफ

## न्यूज डायरी

### जस्टिस अपरेश संभालेंगे चीफ जस्टिस का दायित्व

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट के जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन के 19 दिसंबर को होने वाले अंतिम कार्य दिवस के बाद 20 दिसंबर से मुख्य न्यायाधीश के कार्यों का दायित्व संभालने संबंधी निर्देश जारी किया गया है। भारत सरकार के केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्रालय की ओर से जारी आदेश के अनुसार हाईकोर्ट के वरीय जज होने के तहत जस्टिस अपरेश कुमार सिंह को नई जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

### भारत ने बांग्लादेश को दिया 513 का लक्ष्य

**चटगांव।** गेंदबाजों के कातिलाना प्रदर्शन की बदौलत बांग्लादेश की पहली पारी को भारत ने महज 150 रनों पर समेट दी। भारत ने पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन शुक्रवार को दूसरी पारी में दो विकेट पर 258 रन बना कर मेजबान टीम को जीत के लिये 513 रन का लक्ष्य दिया। भारत ने पहली पारी में 404 रन बनाये थे। इस लिहाज से उसने मेजबान टीम के खिलाफ 254 रन की लीड हासिल की। पुजारा की सेंचुर और गिल के करियर के पहले शतक से भारत को यह बढ़त मिली।

### रामगढ़ में बाइक सवार दो युवकों की मौत

**रामगढ़।** रामगढ़ थाना क्षेत्र के चुटूपालू घाटी में शुक्रवार को अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को रौंद दिया, जिससे उनकी मौत हो गयी। फिलहाल, दोनों युवकों की शिनाख्त नहीं हो सकी है। रामगढ़ थाना प्रभारी सुशील कुमार सिंह ने बताया कि किसी ट्रक ने बाइक जेएच 02 एम 2982 को रौंद दिया। हादसा इतना दर्दनाक था कि बाइक सवार दोनों युवकों का सिर बुरी तरह से कुचल गया।

### विजय दिवस पर सशस्त्र बलों को दी श्रद्धांजलि

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने विजय दिवस के अवसर पर 1971 के युद्ध में भारत की असाधारण जीत सुनिश्चित करने वाले सशस्त्र बलों के सभी बहादुर जवानों को शुक्रवार को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### परीक्षा नियमावली को हाइकोर्ट ने सही ठहराया

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने शुक्रवार को सीमित उप समाहर्ता प्रतियोगिता परीक्षा नियमावली को सही ठहराया है। हाई कोर्ट ने अनुकंपा के आधार पर हुई नियुक्ति को भी नियमित नियुक्ति मानने का निर्देश दिया है। इसके अलावा तीन रिट याचिका को भी कोर्ट ने स्वीकृत किया और इन्हें सीमित उप समाहर्ता प्रतियोगिता परीक्षा में शामिल होने के लिए योग्य माना है।

### झारखंड हाइकोर्ट से पारा शिक्षकों को लगा झटका

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन और न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की पीठ ने टेट पास पारा शिक्षकों के समायोजन से जुड़े मामले पर शुक्रवार को फैसला सुनाते हुए पारा शिक्षकों की याचिका खारिज कर दी है। हाई कोर्ट के इस फैसले से पारा शिक्षकों को बड़ा झटका लगा है। याचिकाकर्ता सुनील कुमार यादव एवं अन्य के द्वारा करीब 111 याचिकाएं पारा शिक्षकों के सहायक शिक्षक के रूप में वेतन और नियमितिकरण के मामले में हाई कोर्ट में दाखिल की गयी है।

### राजौरी में आतंकी हमला, दो लोगों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में शुक्रवार सुबह आर्मी अस्पताल के पास आतंकी हमला हुआ। फायरिंग में दो लोगों की मौत हो गयी। सेना व्हाइट नाइट कोर के अधिकारियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि फायरिंग आतंकवादी ने की है।

## समीक्षा बैठक में सीएम ने कहा- अधिकारी निष्ठा से काम करें, कोताही बर्दाश्त नहीं

# दिव्यांग व निराश्रित महिलाओं को रोजगार से जोड़ें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/देवघर।** सीएम हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को नसीहत दी है कि अपनी जिम्मेदारियों को निष्ठा पूर्वक निभायें, लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी किसी सूरत में छोड़े नहीं जायेंगे। उन्होंने कहा कि बैंकों का रवैया केसीसी के प्रति ठीक नहीं है, इसे सुधारें। श्री सोरेन शुक्रवार को परिसदन में देवघर व गोड्डा जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांग व निराश्रित महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए सर्वजन पेंशन को आधार बनायें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सरकार ने

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुधारने पर जोर, केसीसी के प्रति बैंकों का रवैया ठीक नहीं, सुधारे

आपको काम करने में पूरी स्वायत्ता दी है, लेकिन, इसका यह मतलब नहीं कि आप कार्यों के निष्पादन में लापरवाही बरतें। मुझे जो जानकारियां मिल रही है, उसमें सरकार की ड्रीम प्रोजेक्ट वाली योजनाओं के प्रति आपकी गंभीरता नहीं दिख रही है। यह लापरवाही और कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आप अपनी जिम्मेदारियों को सही पूर्वक नहीं निभायेंगे तो आप के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सरकार मजबूर होगी।

### बाबा की पूजा कर सीएम ने मांगी राज्य की खुशहाली



शुक्रवार अपने देवघर प्रवास के क्रम में कामनालिंग बाबा बैद्यनाथ की पूजा-अर्चना करते सीएम हेमंत सोरेन।

### 29 को लाभान्वित होंगे योजनाओं के लाभुक

सीएम ने कहा कि बैंकों का रुख केसीसी के प्रति ठीक नहीं है, इसे सुधारें। नहीं तो सरकार किसानों के हित में काम नहीं करने वाले बैंकों के खिलाफ उचित कार्रवाई करेगी। श्री सोरेन ने कहा कि 29 दिसंबर को उनकी सरकार के 3 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस मौके पर सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के लाभुकों को राशि लाभुकों के खाते में उपलब्ध करानी है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं को लेकर मिले आवेदनों के सत्यापन का कार्य हर हाल में पूरा हो जाना चाहिए। समीक्षा बैठक में श्रम नियोजन मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, खेल मंत्री हफीजुल हसन, सांसद विजय हांसदा, विधायक प्रदीप यादव, दीपिका पांडेय सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह के अलावा अन्य आला पदाधिकारी उपस्थित थे।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती जरूरी :** मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का मकसद ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने की है। किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य की बड़ी आबादी गांवों में रहती है। (शेष पेज 11 पर)

# हाइकोर्ट ने जेएसएससी नियुक्ति नियमावली रद्द की

## 10वीं, 12वीं झारखंड से पास करना सरकार ने किया था अनिवार्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट ने संशोधित जेएसएससी नियुक्ति नियमावल को शुक्रवार को को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन और न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने माना कि झारखंड सरकार द्वारा नियोजन नीति में किया गया संशोधन गलत और असंवैधानिक है, इसलिए इसे रद्द किया जाता है। नयी नियमावली के तहत झारखंड से 10वीं और 12वीं पास अभ्यर्थी ही परीक्षा में बैठ सकते थे। वहीं इसके अलावा 14 स्थानीय भाषाओं में से हिंदी और अंग्रेजी को बाहर कर दिया गया था, जबकि उर्दू, बांग्ला और उड़िया सहित 12 अन्य स्थानीय भाषाओं को शामिल किया गया था। प्रार्थी का कहना था कि नयी नियमावली में राज्य के संस्थानों से ही दसवीं और प्लस टू की परीक्षा पास करने की अनिवार्य किया जाना संविधान की मूल



भावना और समानता के अधिकार का उल्लंघन है। इससे वैसे अभ्यर्थी जो राज्य के निवासी होते हुए भी बाहर से पढ़ाई की है, उन्हें नियुक्ति परीक्षा से नहीं रोका जा सकता है। नयी नियमावाली में संशोधन कर क्षेत्रीय एवं जनजातीय भाषाओं की श्रेणी से हिंदी और अंग्रेजी को बाहर कर दिया गया है, जबकि उर्दू, बांग्ला और उड़िया को रखा गया है। अदालत ने प्रार्थी रमेश हांसदा की दलील को माना कि हेमंत सरकार के द्वार नियुक्ति नियमावली में किया गया संशोधन गलत और असंवैधानिक है। अधिवक्ता कुमार हर्ष ने जानकारी देते हुए कहा कि झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ रवि रंजन और न्यायाधीश सुजीत नारायण प्रसाद की अदालत ने इस मामले पर शुक्रवार को अहम फैसला सुनाया है। पूर्व में अदालत ने मामले की सुनवाई कर आदेश सुरक्षित रख लिया था। पूर्व में सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट के वरीय अधिवक्ता परमजीत पटालिया ने याचिका की सुनवाई पर ही प्रश्न उठाया था। (शेष पेज 11 पर)

### युवाओं की हकमारी नहीं होने देंगे, सुप्रीम कोर्ट तक जायेंगे : हेमंत

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने हाइकोर्ट में वर्ष 2021 की नियुक्ति नियमावली को असंवैधानिक करार देते हुए रद्द कर देने के बाद कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि इस निर्णय से राज्य में सरकारी नौकरी को लेकर जारी कई नियुक्ति विज्ञापनों पर बड़ा पेंच लग गया है। कोर्ट ने फैसला सुनाते हुए इस नीति के तहत हुई बहाली और नियुक्ति के लिए जारी विज्ञापन को भी रद्द कर दिया है। खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम को लेकर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने कहा है कि युवाओं और बेरोजगारों के हित में सरकारी की बनायी नीति के लिए हमलोग कानूनी और राजनीतिक लड़ाई लड़ेंगे। झारखंड के युवाओं के अधिकारों और हक को कोई भी नहीं छीन सकता। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार को चाहे हाईकोर्ट जाना हो या सुप्रीम कोर्ट, सरकार जायेगी और जीतेगी भी।

**कानूनी और राजनीतिक लड़ाई लड़ेंगे और जीतेंगे**

# मोस्ट वांटेड लवकुश शर्मा को पुलिस ने दबोचा

### झारखंड एटीएस ने बिहार के अरवल में पकड़ा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड पुलिस के लिए सिरदर्द बना मोस्ट वांटेड गैंगस्टर लव कुश शर्मा आखिरकार पुलिस की गिरफ्त में आ ही गया। मिली जानकारी के अनुसार झारखंड एटीएस की टीम ने लवकुश शर्मा को बिहार के अरवल जिले से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इसे अपनी बड़ी कामयाबी मान रही है। हालांकि इसकी अधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ज्ञात हो कि दिनदहाड़े शिबू सोरेन के आवास के सामने हुई कालु लामा की हत्या के बाद से लव कुश शर्मा भूमिगत हो गया था। उस पर हत्या के कई और मामले दर्ज हैं। जिसके बाद रांची पुलिस के साथ-साथ एटीएस भी लव कुश वर्मा की तलाश में जुटी हुई थी। एटीएस लगातार लव कुश शर्मा को लेकर अपनी सूचनाओं को एकत्र कर रही थी। इसी दौरान एटीएस की टीम को यह सूचना मिली कि बिहार के अरवल में लव कुश शर्मा अपने एक रिश्तेदार के यहां छिपा हुआ है। आनन-फानन में एटीएस के तेजतर्रार अफसरों को लव कुश शर्मा को दबोचने की जिम्मेदारी देकर बिहार के अरवल भेजा गया। आखिरकार एटीएस को सफलता मिली और लव कुश शर्मा को शुक्रवार धर दबोचा। लव कुश के साथ एक और व्यक्ति को एटीएस ने हिरासत में लिया है। इसके पूर्व पुलिस ने लव कुश शर्मा के भाई सोनू शर्मा और उनके पिता को गिरफ्तार किया था। रांची के बरियातू लालपुर सहित कई थाना क्षेत्रों में आतंक का पर्याय बना लव कुश लगातार अपराधिक वारदातों को अंजाम दिलवा रहा था।

### झारखंड, बंगाल के 33 ठिकानों पर आइटी को मिले कई दस्तावेज

# इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक से जुड़े हैं डॉ आलम

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के डाक्टर मजिद आलम, सरिया कंपनी सलूजा, मोगिया व गंगा प्रसाद ग्रुप से जुड़े झारखंड-बंगाल के 33 ठिकानों पर दूसरे दिन भी आयकर की छापेमारी जारी रही। 36 घंटे से अधिक समय से चल रही की छापेमारी में आयकर विभाग को अब तक तीन करोड़ रुपये से अधिक नकदी मिल चुके हैं। वहीं करोड़ों रुपयें के टैक्स चोरी के सबूत व दस्तावेज मिले हैं, जिसकी जांच जारी है। जांच एजेंसी को डॉ. माजिद पर आठ करोड़ से अधिक कर चोरी का शक है।

छापेमारी अभी चलने की संभावना है। आयकर विभाग के बिहार-झारखंड के अधिकारी सभी ठिकानों पर मुस्तैदी से जुटे है। यह छापेमारी सभी संबंधितों से जुड़े झारखंड के 30 व कोलकाता के तीन ठिकानों पर चल रही है। इनमें रांची, गिरिडीह व देवघर प्रमुख हैं, जहां कर चोरी के बड़े खुलासे की संभावना जतायी है।

**इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक के सदस्य हैं डा. आलम :** आयकर विभाग डॉ मजीद आलम के इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक से संबंधित कागजात की जानकारी जुटा रही है। वह इस्लामिक डेवलपमेंट बैंक में सदस्य हैं। इस बैंक का मुख्यालय जेद्दा में है। भारत में इसका कार्यालय हैदराबाद में है। (शेष पेज 11 पर)

### कैश कांड मे अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

**रांची।** पैसा देकर जनहित याचिका से नाम वापस करवाने के मामले में जेल में बंद कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उन्हें जमानत दी है। निचली अदालत और हाइकोर्ट ने उनकी याचिका को खारिज कर दिया गया। उसके बाद उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी, उसी याचिका पर सुनवाई के उपरांत अदालत ने उन्हें जमानत की सुविधा देने का आदेश दिया है। जेल में बंद कारोबारी अमित अग्रवाल मामले में पिछली सुनवाई के दौरान अदालत में उनके अधिवक्ता ने गुहार लगायी थी कि उनके क्लाइंट को सिर्फ इसलिए गिरफ्तार किया गया है, क्योंकि उन्होंने राजीव कुमार की शिकायत की। अमित अग्रवाल ने अपनी याचिका में कहा है कि जबरन वसूली के मामले में अधिवक्ता राजीव कुमार के खिलाफ वो शिकायतकर्ता थे। उनकी शिकायत व कोलकाता पुलिस द्वारा बिछाए गये जाल के बाद राजीव कुमार को 50 लाख रुपये नकद के साथ गिरफ्तार किया गया था लेकिन ईडी ने उन्हें आरोपी बना दिया।

## राज्य सरकार और आइएमए महिला विंग के मेगा हेल्थ कैंप में बोले बन्ना

# ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर से महिलाओं को करेंगे सुरक्षित

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची रामगढ़।** ब्रेस्ट और सर्वाइकल कैंसर महिलाओं के लिए एक बड़ा अभिशाप है। झारखंड सरकार महिलाओं को इस अभिशाप से सुरक्षित करने का बीड़ा उठा चुकी है। शुक्रवार को रामगढ़ में नये सदर अस्पताल भवन का उद्घाटन करने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कही। स्वास्थ्य मंत्री शुक्रवार को रामगढ़ सदर अस्पताल में वीमेन डॉक्टर्स विंग आइएमएए और झारखंड स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वधान में स्तन एवं सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन शिविर में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने अस्पताल में लायी गयी सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग एवं प्री-कैंसर के उपचार की मशीन भी जनता की सेवा में सुपुर्द किया।



इस मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर में फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट, गुरुग्राम की प्रशिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रश्मि रेखा बोरा की टीम की टीम ने महिला मरीजों की जांच की। साथ ही झारखंड की 50 सरकारी स्त्री रोग विशेषज्ञों को स्तन एवं सर्वाइकल प्री-कैंसर की अत्याधुनिक मशीनों से जांच एवं उपचार का प्रशिक्षण भी दिया। (शेष पेज 11 पर)

# जनरल नियाजी के शब्दों को याद दिला पाक का कुरेदा जख्म

### विजय दिवस पर एयरफोर्स ने बमबारी की याद ताजा की

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** 16 दिसंबर 1971 में पाकिस्तान पर जीत को लेकर देश भर में शुक्रवार को विजय दिवस मनाया जा रहा है। इसी दिन साल 1971 में पाकिस्तानी सेनाध्यक्ष जनरल आमिर अब्दुल्ला खान नियाजी ने अपने 93 हजार सैनिकों के साथ बिना किसी शर्त के लेफ्टीनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के सामने युद्ध में सरेंडर किया था। अरोड़ा इस युद्ध में भारतीय सेना और मुक्ति वाहिनी के संयुक्त बल का नेतृत्व कर रहे थे।




इसी युद्ध के परिणाम स्वरूप ही बांग्लादेश अस्तित्व में आया था। बांग्लादेश, तब पाकिस्तान का हिस्सा था, युद्ध के बाद एक स्वतंत्र देश के रूप में अस्तित्व में आया था। आखिर पाकिस्तान उस जंग में क्यों हारा था। पाकिस्तान की तरफ से सरेंडर करने वाले जनरल नियाजी ने खुद इसकी वजह बताई। शुक्रवार को एयरफोर्स ने जनरल नियाजी के शब्दों को याद दिला पाकिस्तान का 51 साल पुराना जख्म कुरेद दिया।

**सिर्फ तुम्हारी वजह से हारे... :** पाकिस्तान के साथ उस युद्ध में पाकिस्तान के 93 हजार सैनिक सुरक्षित रहने के बावजूद भी पाकिस्तान आत्मसमर्पण को मजबूर हुआ था। इस स्थिति में होने के बावजूद पाकिस्तान ने सरेंडर क्यों किया, यह सवाल जनरल नियाजी से पूछा गया। जनरल नियाजी ने जो जवाब दिया वह सुनकर हर भारतवासी का सीना गर्व से फूल जाता है। सरेंडर से जुड़े सवाल के जवाब में जनरल नियाजी ने एक भारतीय वायुसेना के अधिकारी की वर्दी पर विंग्स की ओर इशारा किया था और कहा था, तुम्हारी वजह से हारे, भारतीय वायुसेना की वजह से।

**एयरफोर्स ने ताजा की बमबारी की यादें :** अपने एक अन्य ट्वीट में एयरफोर्स ने पाकिस्तानी इलाके में बमबारी की तस्वीरें भी शेयर कीं। उस युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने भारतीय वायुसेना पर अचानक हमला कर दिया था। भारतीय वायुसेना इस हमले के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं थी। इसके बाद भारतीय वायुसेना में मुंहतोड़ जवाब दिया। (शेष पेज 11 पर)

### हिंदपीढ़ी में एक युवक की हत्या से आक्रोश, आरोपी के घर में लगायी आग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** राजधानी रांची में एक युवक की हत्या के बाद स्थानीय लोगों का आक्रोश भड़क गया। गुस्साये लोगों ने पांच घरों में आग लगा दी। रांची के हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र यह हादसा होने के बाद देर रात तक हंगामा जारी रहा। भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। पुलिस मामले को शांत कराने में जुटी है। स्थिति नियंत्रण में है, पर तनाब कायम है।

**लिटिल गार्डेन के पास हुई चाकूबाजी :** जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार को करीब 12 बजे के बीच हिंदपीढ़ी थाना क्षेत्र में स्थित लिटिल गार्डेन स्कूल के पास निजामनगर निवासी मोटू नाम का लड़का, अमजद (29) से मोबाइल लूटने की कोशिश कर रहा था। अमजद के विरोध करने पर मोटू ने चाकू मार दिया। चाकू अमजद के पेट में लगा और उसका फेट फट गया।

स्थानीय लोग आनन-फान में उसे अस्पताल ले जाने लगे, पर रास्ते में ही अमजद की मौत हो गयी। देर शाम युवका का शव हिंदपीढ़ी पहुंचते ही लोग उत्तेजित हो गये।

मुहल्ला के लोगों ने मोटू के भाई, उसकी मां समेत पांच लोगों के घरों पर हमला कर दिया। सभी के साथ लोगों ने जमकर मारपीट की। फायरिंग भी की खबर है।

## स्पीड न्यूज



### ईएसआई हॉस्पिटल में नवजात बच्चों का पुनर्जीवन पर कार्यशाला

**आदित्यपुर।** ई एस आई अस्पताल में जन्म के समय नवजात बच्चो का पुनर्जीवन कैसे किया जाय इस पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन अस्पताल के अधीक्षक डॉ एम पी मिंज द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में नवजात बच्चा जो जन्म के समय देर से या न रोते है तो उन्हें किस तरह कृतम अम्बो बैग द्वारा वेंटिलेशन दे कर बचाय जाय इस पर हैंड ऑन ट्रेनिंग दी गई।

इस अवसर पर नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ आखोरी मिंटू सिन्हा ने प्रेजेंटेशन कर विस्तृत रूप से समझाया। डॉ हरेंद्र ने पुतला के ऊपर वंहा के डॉक्टरो एवं नुर्सो को ट्रेनिंग दी। डॉ श्रीनिवास एवं डर देव ने भी इस ट्रेनिंग में नई जानकारिया प्रदान की।इस कार्यशाला में डॉ शुभ्रा, डॉ भावना, डॉक्टर लाल डॉ विभाष, डॉ अविनाश तथा लेबर रूम एवं ऑपरेशन थिएटर के सभी स्टाफ ने हिस्सा लिया।

### विश्वकर्मा समाज के युवा और महिला के कमेटी गठन की प्रक्रिया शुरू

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के कार्यकारिणी की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष राम विलास शर्मा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से युवा और महिला कमिटी बनाने पर सहमति बनी। जो आगामी रविवार 18 दिसम्बर को जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज सांस्कृतिक भवन, न्यु बाराद्वारी में सुबह 11:00 बजे होनी तय हुई है। जमशेदपुर के सभी विश्वकर्मा वंशी युवा और महिलाओं से आग्रह है की कमिटी गठन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज के महामंत्री सुजीत शर्मा ने बताया कि जमशेदपुर विश्वकर्मा समाज की अनुशंगी ईकाई के रूप में युवा और महिलाओं की कमिटी को अनुमोदन कर बनाई जाती है। जो समाज के द्वारा निर्देशित समाजीक कार्यक्रमों मे: अपनी भागीदारी निभातें है। धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने की। बैठक मे.उपाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, सह सचिव महेश शर्मा ,सह सचिव राजकुमार शर्मा उपस्थित हुए।

### 22 दिसंबर को गोलमुरी नियोजनालय में लगेगा एक दिवसीय रोजगार मेला

**जमशेदपुर।** शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से विभिन्न नियोजकों के लिए अवर प्रादेशिक नियोजनालय, गोलमुरी, जमशेदपुर परिसर में दिनांक 22 दिसम्बर 2022 को एक दिवसीय दत्तोपंत ठेंगड़ी रोजगार मेला 2022 का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय एवं वाह्य नियोजकों से तकनीकी एवं गैर तकनीकी लगभग 600 रिक्तियां प्राप्त हैं। योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो झारखण्ड के किसी भी नियोजनालय में पूर्व से निबंधित नहीं है, वे अपने संबंधित नियोजनालय में निबंधन कराते हुये इस मेले में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों (छाया प्रति के साथ), जाति प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड की छायाप्रति, पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, नियोजनालय का मूल वैध निबंधन कार्ड/पत्र तथा अपने बायोडाटा के साथ निर्धारित तिथि को 10 से 4 बजे तक इस मेला में शामिल होकर रोजगार पा सकते हैं।

### विधायक ने किया पीसीसी सड़क का शिलान्यास

**चांडिल।** शुक्रवार को विधायक सविता महतो एवं जिला परिषद सदस्य पिंकी लायक ने गोविंद विद्यालय तामूलिया के पिछे करीब 20 लाख की लागत से बनने वाली पीसीसी सड़क का फीता काटकर शिलान्यास किया। विधायक ने संवेदक को ससमय और गुणवत्तापूर्ण सड़क निर्माण करने का निर्देश दिया। जिप सदस्य पिंकी लायक ने कहा आने वाले समय में कई और विकास के कार्य धरातल पर दिखेंगे। इस मौके पर झामुमो के केंद्रीय सदस्य काब्लू महतो, पूर्व जिला परिषद सह झामुमो नेता ओमप्रकाश लायक, दिलीप महतो सहित कई लोग उपस्थित थे।

# सरलाल ग्रुप के सहयोग से निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर छह से

- रामकृष्ण चौधरी ने की मारवाड़ी महिला मंच सुरभि शाखा की भूरि-भूरि प्रशंसा
- साकची श्री अग्रसेन भवन में पोस्टर विमोचन, पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 दिसंबर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विकलांगता मुक्त भारत के सपने को साकार करने हेतु मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी सुरभि शाखा द्वारा तीन दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन नये साल में 6 से 8 जनवरी 2023 तक साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में किया जायेगा। इसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को मिले इस उदेश्य को लेकर संस्था की महिलाओं एवं मारवाड़ी समाज के कई गणमान्य लोगों द्वारा प्रचार-प्रसार हेतु शुक्रवार 16 दिसम्बर को साकची स्थित श्री अग्रसेन भवन में पोस्टर विमोचन किया गया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए आयोजनकर्त्ताओं ने बताया कि यह नेक कार्य रानी देवी चौधरी की पुण्य स्मृति में सरलाल ग्रुप के चेयरमैन रामकृष्ण चौधरी द्वारा आयोजित किया जा रहा है।

जिस किसी भी जरूरतमंद लोगों को इसकी आवश्यकता है वह पंजीकरण करवा कर कार्यक्रम का लाभ उठा सकते हैं। उन्हें हाथ एवं पैर निःशुल्क लगवाया जाएगा ताकि वे अपने रोजमर्रे के कार्य को आसानी से कर सकें। पंजीकरण की अंतिम तिथि 30 दिसंबर 2022 शुक्रवार रखी गई है। पंजीकरण हेतु 7979803956, 7292885320, 7979735689, 9006115709, नंबरों पर संपर्क कर सकते है।



पोस्टर का विमोचन करते सरलाल ग्रुप के चेयरमैन आरके चौधरी, आलोक चौधरी, समाजसेवी अरुण बांकरेवाल व अन्य अतिथिगण।

उन्होंने बताया कि सुरभि शाखा द्वारा कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार ऑटो के माध्यम से जमशेदपुर से सटे ग्रामीण क्षेत्रों में किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी शाखा की पूरी टीम अपना विशेष योगदान दे रही है।

**कार्यक्रम में ये भी रहे उपस्थित :** इस मौके पर प्रमुख रूप से समाजसेवी रामकृष्ण चौधरी, आलोक चौधरी, राहुल चौधरी, ओमप्रकाश रिंगसिया, महावीर मोदी, सुरेश कांवटिया, शंकर सिंघल, अजय चेतानी, अरुण बाकरे वाल, अरुण गुप्ता, संतोष अग्रवाल, बजरंग लाल अग्रवाल, संवारमल अग्रवाल, दीपक पारिक, बबलू अग्रवाल, पंकज छावछरिया, अरुण गुप्ता, बबलू अग्रवाल, लखन लाल अग्रवाल, भारत बंसल, सुरभि शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी, सचिव निधि अग्रवाल, संयोजक पूजा अग्रवाल एवं मनीषा संघी, पारूल चेतानी आदि मौजूद थी। मालूम हो कि अखिल भारती मारवाड़ी युवा मंच के प्रकल्पों में से एक मुख्य प्रकल्प है कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण। जिसके तहत इस वर्ष लॉकडाउन के बाद पूरे देश में लगभग 46 शिविर लगाये गये जिसमें 5000 से अधिक लोग लाभान्वित हुए।

# गर्मी में पर्याप्त बिजली देने की अभी से हो तैयारी : सरयू राय

- विधायक ने निगम के अधिकारियों संग की महत्वपूर्ण बैठक, दिने निर्देश
- बिजली बिल की विसंगतियों को दूर किये बिना नहीं काटें कनेक्शन
- जहां पोल नहीं वहां पोल लगायें, ज्यादा लोड वाले ट्रांसफॉरमर की क्षमता बढ़ायें

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बिरसानगर सब स्टेशन में निगम के अधिकारियों संग बैठक करते जमशेदपुर पूर्वी विस क्षेत्र के विधायक सरयू राय।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ती सुनिश्चित करने को लेकर विधायक सरयू राय ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बिरसानगर सब स्टेशन में बैठक किया। बैठक में बिजली की केबलिंग करने, ट्रांसफार्मर, एसएमडीबी बॉक्स लगाने, जर्जर व झूल रहे तारों को बदलने सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। विधायक सरयू राय ने अधिकारियों से कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को गुणवत्ता युक्त बिजली आपूर्ती सुनिश्चित करना है।

विधायक श्री राय ने कहा कि उन्होंने क्षेत्र भ्रमण के दौरान देखा कि आज भी कई स्थलों पर बाँस के खंभों के सहारे उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ती की जा रही है। उन्होंने ऐसे सभी स्थानों पर से बाँस बल्ली हटाकर बिजली का पोल लगवाने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान श्री राय ने अधिकारियों से कहा कि कई क्षेत्रों में केबलिंग और एसएमडीबी बॉक्स लगाने का कार्य अधूरा है इसे अविलंब पूर्ण करने के लिए कहा। वर्तमान में कई स्थलों पर 100 केवीए का ट्रांसफॉर्मर लगे हुए हैं जो कि आबादी के अनुसार पर्याप्त नहीं है। उन्होंने वास्तुविहार, बिरसानगर, भुइयांडीह, विजया गार्डेन गेट नं. 1, बिरसानगर, जोन नं. 10, शक्तिनगर आदि क्षेत्रों में 200 केवीए का नया ट्रांसफॉर्मर लगाने का निर्देश बिजली विभाग के अधिकारियों को दिया।

विधायक सरयू राय ने निर्बाध विद्युत आपूर्ती के लिए तार, पोल, जम्फर, ट्रांसफॉर्मर को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से सब स्टेशन, फीडर और ट्रांसफॉर्मर की विस्तृत जानकारी मांगी एवं कहा कि विद्युत आपूर्ती नियंत्रण के लिए अतिरिक्त फीडर का भी निर्माण किया जाय। विधायक श्री राय ने अधिकारियों से कहा कि आने वाली गर्मी में उपभोक्ताओं को दिक्कत न हो इसकी तैयारी अभी से करने की आवश्यकता बतायी। उन्होंने गर्मी की तैयारी के लिए विभाग के द्वारा बिजली के सभी लंबित कार्यों का निपटारा शीघ्र कर लिया जाय। अधिकारियों ने बताया कि बागुनहातु में एक नया फीडर बनाया गया है जिसे 4-5 दिनों में चालु कर दिया जाएगा। विभाग के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि दिसंबर तक सभी स्थानों पर पोल बदल दिए जाएंगे। फरवरी तक 33 हजार, 11 हजार क्षमता के सभी केबल ठीक कर लिए जाएंगे। विधायक श्री राय ने बिजली बिल में हो रही त्रुटियों से उपभोक्ताओं की परेशानी को संज्ञान में लेते हुए कहा कि गलत बिजली बिल में तेजी से सुधार किया जाय और जबतक गलत बिजली बिल में सुधार नहीं होता है तबतक उपभोक्ताओं का बिजली कनेक्शन काटी नहीं जाय। फूल लोड बिजली मिलने के बाद भी यदि उपभोक्ताओं तक सुचारू रूप से बिजली नहीं मिलती है इसे लोकल फोल्ट समझा जाएगा इसलिए हर हाल में वितरण में आ रही रूकावटों को दुरूस्त किया जाय।

बैठक में मुख्य रूप से बिजली विभाग कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं विधायक के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

## एक नजर में




### श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में कोरल रेसिटेशन कार्यक्रम

**जमशेदपुर।** आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ पब्लिक स्कूल में बाल विहार कक्षा के बच्चों का कोरल रेसिटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर विद्यालय के सभागार में प्राचार्य संजय कुमार सिंह एवं एकेडमिक डायरेक्टर श्री दिलीप कुमार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का श्री गणेश कियो बाल बिहार के छात्रों को विद्यालय की शिक्षिकाएं कक्षा नर्सरी की सारिका सिंह एल केजी कक्षा की बेबी कुमारी एवं शिवानी साहू यू केजी की शिक्षिका मधु पांडे, सुषमा अग्रवाल एवं दीपा कुमारी सिंह ने छात्रों को कार्यक्रम के लिए तैयार किये। रंग-बिरंगे परिधान में बच्चे बहुत सुंदर लग रहे थे, साथ ही मंच पर उनका कविता गायन, नृत्य एवं वाचन बड़ा ही मनमोहक रहा विद्यालय के प्राचार्य ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों में नकल करने एवं ज्ञान की प्राप्ति की जिज्ञासा बहुत अधिक होती है उसके इन खूबियों को निखारना विद्यालय की जिम्मेदारी होती है और हम इसके लिए वचनबद्ध है छात्रों का स्टेज में आना और अपने प्रतिभा को प्रदर्शित करना भविष्य में आगे बढ़ने की शुभ संकेत है और इस कार्य के लिए शिक्षिकाओं ने जो कड़ी मेहनत की गई उनकी भूरी-भूरी प्रशंसा की साथ ही अभिभावकों का सहयोग के लिए उन्हें आभार व्यक्त किया। वहीं एकेडमिक डायरेक्टर ने कहा कि बच्चे छोटे होते हुए भी स्टेज पर अपनी कला को बखूबी दिखायें और अभिभावकों का इस तरह का सहयोग सराहनीय हैविद्यालय भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रम करने के लिए सदा तत्पर रहेगा जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो। कार्यक्रम के लिए यू केजी की शिक्षिका शिवानी साहू ने मंच संचालन का काम बखूबी निभाया साथ ही यूकेजी की शिक्षिका दीपा कुमारी सिंह ने आगंतुक अभिभावक को बहुमूल्य समय देने के लिए विद्यालय परिवार की ओर से धन्यवाद ज्ञापन की।

### स्वर्णरेखा को स्वच्छ रखने के उपाय बतायेंगे नमामि गंगे के पूर्व डीजी राजीव रंजन मिश्रा

>> शहर में पहली बार टेडएक्स टॉक इवेंट आयोजित करने जा रहा स्वच्छता पुकारे फाउंडेशन

उद्यमिता, कला, संगीत और प्रबंधन क्षेत्र में प्रयोगधर्मी शख्शियतें व्यक्त करेंगी उद्गार



**जमशेदपुर।** 17 दिसंबर की सुबह 10 बजे से जमशेदपुर के सेंटर फॉर एक्सीलेंस में जमशेदपुर का पहला और झारखंड का दूसरा टेडएक्स टॉक इवेंट आयोजित होने जा रहा है। इस इवेंट के आयोजक हैं स्वच्छता पुकारे फाउंडेशन के संस्थापक गौरव आनंद एंड टीम। गौरव गंगा के तटों को स्वच्छ बनाने से लेकर जमशेदपुर की स्वर्णरेखा नदी को स्वच्छ बनाने के लिए छेड़े गए अभियान में अपनी भूमिका को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो चुके हैं। हाल में ही स्वच्छता पुकारे फाउंडेशन को कनाडा के बैंककुअर आधारित टेड एक्स का लाइसेंस टेड एक्स बिष्टुपुर के नाम से मिला है और इसी बैनर तले कल का कार्यक्रम आयोजित होने जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि होंगे भारत सरकार के नमामि गंगे अभियान के पूर्व डायरेक्टर आइएएस जनरल राजीव रंजन मिश्रा जो अपने भाषण में स्वर्णरेखा नदी को स्वच्छ बनाने के कुछ संभावित उपायों पर भी चर्चा करेंगे। उक्त जानकारी आज एक संवाददाता सम्मेलन में गौरव आनंद ने दी। उन्होंने बताया कि टेड एक ऐसा प्लेटफॉर्म है, जहां दुनियाभर के विचार साझा किए जाते हैं और यहां से पूरी दुनिया में फैल जाते हैं। यह एक मंच है, जहां लीग से हटकर दुनिया को कुछ देने वालों का सम्मान किया जाता है। टेड एक्स एक स्वतंत्र इवेंट है जिसमे एक्स का मतलब होता है, टेड का गुणन। 6 महीने की मेहनत के बाद टेड द्वारा ये लाइसेंस टेड एक्स बिष्टुपुर के नाम से जमशेदपुर को मिला यह लाइसेंस केवल 100 व्यक्तियों को ही इस कार्यक्रम में शामिल होने की अनुमति देता है। गौरव आनंद ने बताया कि टेड एक्स बिष्टुपुर का मकसद शहर को एक नयी पहचान के साथ साथ नवप्रवर्तकों और निमार्ताओं का एक समुदाय बनाना है जो , हमारे समाज को सही दिशा में ले जाएगा। साथ मिलकर हम सबसे प्रेरक और अभिनव समाधानों की तलाश करेंगे जो, सीमाओं से परे हो, एक उस तरह की दुनिया बनाने के लिए जिसकी सभी सीमाओं को हम आगे धकेल देंगे, जिस दुनिया में हम सभी रहना चाहते हैं। इसी सोच के साथ 17 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम में देश और दुनिया के 12 वक्ता आकर एक विषय पर बोलेंगे, व्हाट नेक्स्ट पुरे दिनभर चलने वाले इस कार्यक्रम में प्रत्येक वक्ता केवल 15 मिनट के समय में ही अपने विचार साझा कर सकेंगे। ये पूरे शहर के लिए गर्व की बात होगी जहां एक ही मंच पर 11 वक्ता अपने विचार एवं अनुभवों को साझा करेंगे। कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 9 बजे से पंजीयन के साथ शुरू होगी एवं 9:30 बजे से कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हो जायेगी। कार्यक्रम का समापन शाम 6 बजे होगी। कार्यक्रम में श्री राजीव रंजन मिश्रा, नमामि गंगे प्रोजेक्ट के पूर्व डीजी, बिरेन भुटा, पूर्व चीफ सीएसआर टाटा स्टील, डॉ अजय कुमार, पूर्व आईपीएस अधिकारी, जैसे वक्ता उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण सुमित कुटानी होंगे जिनकी मधुर आवाज कार्यक्रम को संगीतमय कर देंगे।

### भोजपुरिया क्रिकेट लीग के दूसरे राउंड का मैच शुरू



**जमशेदपुर।** कुल मैच हुए 5 जिसमे पहले मैच जीता साई स्पोर्टिंग, दूसरे मैच को आरसीबी ने जीता तो तीसरे मैच के विजेता बनी एवरग्रीन चौथे मैच को लिवर पुल तो पांचवे मैच में कदमा वारियर्स ने बढाई बढ़त मैच में बतौर अतिथि विश्व भोजपुरी विकास परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष निवास तिवारी, महामंत्री मिथिलेश श्रीवास्तव, मुन्ना चौबे उमा शंकर सिंह मौजूद रहे उन्होंने सभी खिलाड़ियों से मिल उनके साथ परिचय लेकर खिलाड़ियों के प्रति उन्हे भोजपुरी के प्रति बढ़ते रुझान और खेल में भी बढ़ते रुचि की सराहना की।

### लोयोला स्कूल की प्लेटिनम जुबिली में काबुली वाला की प्रस्तुति छा गयी





लोयोला स्कूल अपना प्लेटिनम जुबिली समारोह मना रहा है। साल भर चलने वाले कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज पूर्ववर्ती छात्रों की उपस्थिति में वर्तमान छात्र-छात्राओं ने रवींद्र नाथ टैगोर लिखित नाटक काबुली वाला की रोमांचक संगीतमय प्रस्तुति दी। नाटक के संवाद छह भाषाओं में बोले जा रहे थे।

## जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की बीएससी आईटी की छात्रा को मिला 18 लाख का पैकेज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी की बीएससी आईटी की छात्रा प्रियदर्शिनी पांडेय का चयन 18 लाख के पैकेज पर हुआ है। उनका चयन बंगलौर की केपीएमजी कंपनी में कंसल्टेंट के पद हुआ है। प्रियदर्शिनी ने आज यूनिवर्सिटी की कुलपति प्रो (डॉ) अंजिला गुप्ता जी से शिष्टाचार मुलाकात की और आशीर्वाद लिया। कुलपति ने छात्रा को भविष्य में और आगे बढ़ने के लिए शुभकामनाएं दीं।

यूनिवर्सिटी के बेहतर शैक्षणिक माहौल पर चर्चा करते हुए उन्होंने सभी छात्राओं को इससे प्रेरणा लेने की सलाह दी। प्रियदर्शिनी ने विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कुलपति महोदया की सक्रियता से बहुत सारी कंपनी यहां की छात्राओं की प्रतिभा को अब पहचान पा रही हैं। कुलपति ने छात्रा को कहा कि समय निकालकर यहां की छात्राओं को मोटिवेट करने के साथ-साथ अपने अनुभवों को साझा करें।



कुलपति से मिलती छात्रा प्रियदर्शिनी पांडेय।

# खनिज के अवैध परिवहन के खिलाफ आज से और सख्ती

- डीसी विजया जाधव ने टास्क फोर्स को दिये कड़े निर्देश
- डेढ़ माह में टास्क फोर्स जब्त कर चुका है 110 हाइवा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय कक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव की अध्यक्षता में हुई। बैठक में जिले में अवैध खनन की रोकथाम एवं अवैध ढुलाई पर नकेल लगाने को लेकर कई बिंदुओं पर चर्चा हुई। उपायुक्त ने खनन विभाग एवं टास्क फोर्स में शामिल पदाधिकारियों को अवैध खनन एवं परिवहन के विरूद्ध सख्ती के निर्देश दिये। बैठक में वन क्षेत्र में अवैध खनन स्थलों को चिन्हित कर उनकी भराई कराने एवं रोकथाम के लिए वन विभाग की कार्रवाई की भी समीक्षा की। वन विभाग के पदाधिकारी ने बताया कि पिछले एक माह में अवैध खनन के विरूद्ध 4 एफआईआर दर्ज कराये गये हैं।



टास्क फोर्स की मीटिंग में निर्देश देती डीसी विजया जाधव।

## टाटा-बक्सर ट्रेन शुरू करने और टाटा-एनार्कुलम ट्रेन नियमित करने को रेल मंत्री से मिले सांसद

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**जमशेदपुर।** सांसद विद्युत वरण महतो केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से दिल्ली में मुलाकात की एवं उन्हें कुछ प्रमुख रेल मांगों से अवगत कराया एवं पूर्व की मांगों को संबंध में अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। सर्वप्रथम सांसद ने टाटानगर से बक्सर के लिए नई रेल सेवा प्रारंभ करने के अपनी वर्षों पुरानी मांग को उनके समक्ष रखा। सांसद श्री महतो ने उन्हें पुनः स्मरण कराया कि जमशेदपुर क्षेत्र के लोगों की यह प्रमुख मांग है। रेल मंत्री श्री वैष्णव इस्तेमाल तत्काल रेलवे के तीन चार वरिष्ठ अधिकारियों को तलब किया और जानना चाहा कि अब तक इस दिशा में क्यों विलंब हो रहा है। अधिकारियों ने उन्हें स्पष्ट किया कि वे लोग इसके कार्य योजना में लगे हैं और जल्दी इस ट्रेन सेवा की सुविधा शुरू होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त श्री महतो ने टाटा एनार्कुलम ट्रेन सेवा को नियमित करने की मांग की। उन्होंने कहा टाटा एलेप्पी एक्सप्रेस यहां से नियमित रूप से चलती थी।

# ध्रुव : एक दिव्यात्मा का आलोक वरण का भव्य लोकार्पण

- झारखंड के पूर्व लोकायुक्त डी एन उपाध्याय को समर्पित है पुस्तक
- पूर्व लोकायुक्त को याद कर रो पड़े दिल्ली के लोकायुक्त हरीशचंद्र मिश्रा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** धालभूम क्लब साकची में स्व डीएन उपाध्याय की स्मृति में गत 15 दिसंबर की देर शाम सारस्वत श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में ध्रुव- एक दिव्यात्मा का आलोकवरण स्मृति ग्रंथ का भी लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिल्ली के लोकायुक्त हरीश चंद्र मिश्रा जी, विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति चंद्रशेखर सिंह, झारखण्ड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति दीपक रौशन, न्यायमूर्ति राजेश कुमार, झारखण्ड हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति अपरेश सिंह, खूंटी के जिला जज संजय कुमार और उद्घाटनकर्ता विधायक सरयू राय जी उपस्थित थे। इस पुस्तक में कुल 66 आलेख हैं जो साहित्यकारों, परिचितों के द्वारा दिये गये हैं।

कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन, एवं डीएन उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया। स्वागत भाषण उनकी पुत्री शुचि के द्वारा दिया गया। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ऐंजिल उपाध्याय ने अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए एक भावपूर्ण कविता तुम ठीक तो हो सुनाई जिसको सुनकर सब द्रवित हो गये।



पुस्तक का विमोचन करते दिल्ली के लोकायुक्त हरीशचंद्र मिश्रा व न्यायमूर्ति गण। साथ में विधायक सरयू राय।

कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए विधायक सरयू राय ने कहा कि सत्ता के दो अंग विधायिका और न्यायपालिका इस तरह घुल मिल गए हैं कि कौन किसको प्रभावित कर रहा है और कौन किसको नियंत्रित कर रहा समझ नहीं आता है। आज भी लोगों को न्यायालय से उम्मीदें हैं मगर न्यायालय मुकदमों के बोझ से लदी हैं। हालांकि आज मौका दूसरा है फिर भी ये बातें कह रहा हूं। ऐसे मुद्दों पर बेबाक राय से कुछ बदलाव की कोशिश होनी चाहिए। दिवंगत न्यायमूर्ति डी एन उपाध्याय भी बदलाव की कोशिशों पर जोर देते थे। शिक्षक कुमार अमलेंदु ने दिवंगत डी एन उपाध्याय पर लिखित पुस्तक के बारे में लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि इसमें दिवंगत उपाध्याय जी के व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को अनेकों आलेखों के माध्यम से दर्शाया गया है।

स्पीड न्यूज

## 3 किशोरियों को किया गया रेस्क्यू

**चंदवा।** चंदवा पुनि सह थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता की अगुवाई में चंदवा पुलिस की टीम ने गुरुवार की देर शाम रांची जा रही यात्री बस से 3 किशोरियो का सफल रेस्क्यू किया। तीनो किशोरियो को अग्रतर कार्रवाई के बाद शुक्रवार को सीडब्ल्यूसी को सुपुर्द कर दिया गया। जानकारी के अनुसार तीनो किशोरियों को सिलाई का प्रशिक्षण देने के नाम पर बाहर भेजा जा रहा था। तीनो किशोरी मेदिनीनगर से श्रीराम नामक यात्री बस पर चढ़ी थी, उनका टिकट कोई दूसरा व्यक्ति करा रहा था। उसी बस में सफल कर रहे एक प्रोफेसर को किशोरियों के हाव भाव को देखकर शक हुआ तो उन्होंने चंदवा के मीडियाकर्मियों को इसकी सूचना दी, जिसके बाद उनके द्वारा पुलिस को सूचना दी गयी। जिसके बाद चंदवा पुलिस की टीम के द्वारा चंदवा बस पड़ाव पर तीनों किशोरियों रेस्क्यू कर थाना ले आया गया।

## मोटरसाइकिल से गिरकर तीन युवक घायल

**कोडरमा।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत लोचनपुर पुल के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों की पहचान लक्खीबागी निवासी 17 वर्षीय राहुल कुमार पिता महेश कुमार, लोचनपुर निवासी 17 वर्षीय सुनील साव पिता स्व जागेश्वर साव व 17 वर्षीय खिरोधर कुमार पिता जगन्नाथ साव के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार उक्त सभी एक मोटरसाइकिल से नाउवाडीह के तरफ जा रहे थे, इसी क्रम में लोचनपुर पुल के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर दुर्घटना का शिकार हो गया। घटना के बाद असपास के लोगों के द्वारा घायलों को सदर अस्पताल भेजा गया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद राहुल कुमार को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया।

## प्रशिक्षणार्थियों को मिला यूनिफॉर्म व इंडक्शन किट

**कोडरमा।** नगर पंचायत दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के कौशल प्रशिक्षण एवं नियोजन घटक अंतर्गत असिस्टेंट इलेक्ट्रीशियन ट्रेड पर 120 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण पीपल ट्री वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षणार्थियों को शुक्रवार को नगर पंचायत प्रशासक जितेंद्र कुमार जैसल के द्वारा यूनिफॉर्म एवं इंडक्शन किट का वितरण किया गया। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षणार्थी नियमित रूप से क्लास करना सुनिश्चित करें। वैसे प्रशिक्षणार्थी जो स्वयं का व्यवसाय करना चाहते हैं उन्हें बैंकों से 7 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। वर्तमान में इलेक्ट्रिशियन कार्य जिसमे हाउस वायरिंग, घरेलू उपकरणों की रिपेयरिंग एवं इंडस्ट्री आदि सभी स्थानों पर मांग है। मौके पर सूरज उरांव, संजीत कुमार साहु, दिलीप कुमार गुप्ता सभी ट्रेनर एवं प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## नवजात का क्षत-विक्षत शव बरामद

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र के बाईपास स्थित कैलाशपुरी मोहल्ला वार्ड संख्या दो से तिलैया पुलिस ने शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे एक नवजात शिशु का क्षत-विक्षत शव बरामद किया है। वहीं कैलाशपुरी मोहल्ले में नवजात शिशु का शव मिलने के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को इसकी सूचना दी गई, जिसके बाद तिलैया थाना के एसआई आनंद मोहन मौके पर पहुंचकर मामले की जांच करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताते चलें कि पुलिस ने बच्चे का सिर्फ सिर और पैर ही बरामद किया है। शरीर का शेष हिस्सा कुत्तों के द्वारा नोच कर खाने की बात कही जा रही है। पुलिस ने अंदेशा जताया है कि बायपास रोड में संचालित किसी अस्पताल में बच्चे की मौत होने के बाद हो सकता है, अस्पताल कर्मियों के द्वारा इसे फेंक दिया गया हो। मौके पर एसडीपीओ प्रवीन पुष्कर, तिलैया थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर, एसआई लव कुमार आदि मौजूद थे।

## सीएम ने देवघर एवं गोड्डा जिले में चल रहे प्रगति कार्यों का जायजा लिया, कहा

# वंचित लोगों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर हाल में दिलायें



खबर मन्त्र संवाददाता

**देवघर।** सरकार ने कई महत्वकांक्षी योजनाएं शुरू की है। ये योजनाएं धरातल पर उतरे, यह हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन योजनाओं को लेकर आपने जो आंकड़े दिए हैं। वह तो काफी उत्साहवर्धक है ,लेकिन हकीकत में लोगों के बीच इन योजनाओं को लेकर वैसा उत्साह नहीं देखने को मिल रहा है। अधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को गंभीरता से ले। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शुक्रवार को देवघर परिसदन में देवघर एवं गोड्डा जिला में चल रहे विकास कार्यों के प्रगति की समीक्षा के दौरान अधिकारियों से ये बातें कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की योजनाओं का मकसद ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ ग्रामीणों को अपने पैरों पर खड़ा करना है, ताकि उनके जीवन स्तर में अपेक्षित सुधार हो सके। आपको जो कार्य आवंटित हैं उसे पूरी जिम्मेवारी के साथ पूरा करें। अगर जरूरत पड़ी तो विकास कार्यों की प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी समीक्षा होगी

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बड़ी आबादी गांवों में रहती है। कृषि और पशुपालन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की धूरी है। अधिकारियों की जिम्मेवारी है कि किसानों, पशुपालकों और श्रमिकों को इन योजनाओं का पूरा का पूरा लाभ मिले। मुख्यमंत्री ने बताया कि गोड्डा एवं देवघर के परिभ्रमण के दौरान बुनकरों एवं कर्मकारों ने मुलाकात की। उन्होंने बताया कि उनके बनाये उत्पाद ब्रांडेड दुकानों में बिक रहे हैं, लेकिन उन्हें उसका समुचित लाभ नहीं मिल रहा। ऐसे में उनका वाजिब हक और अधिकार मिले, यह अधिकारियों का कर्तव्य बनता है।

**इन योजनाओं की हुई समीक्षा**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सर्वजन पेंशन योजना, प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मनरेगा अन्तर्गत मानव दिवस सृजन, राजस्व न्यायालय, आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार, जिले में चल रही विभिन्न परियोजनाओं एवं जिलों के विधि-व्यवस्था की समीक्षा की।

**अधिकारियों को दिये निर्देश**

सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत वैसी किशोरियां जिनकी शिक्षा विलंब से शुरू हुई है उनका 20 वर्ष पूर्ण होने के कारण योजना का लाभ नहीं उठा पा रहे। इस हेतु नियमावली तैयार कर उन्हें भी इस योजना का लाभ दिलाने का करें कार्य। सर्वजन पेंशन में वैसे लोग जिनकी मृत्यु हो गयी है उनका डेटा जमा करें। ऐसा न हो कि मृत्य व्यक्ति के नाम पर कोई पेंशन ले रहा हो और जो जरूरतमंद है वह वंचित रह जाये। मुख्यमंत्री पशुधन योजना के तहत 29 दिसम्बर तक देवघर जिला में 2500 एवं गोड्डा जिला में 2000 लाभुकों को जोड़ने का काम करें।

**ये मंत्री अधिकारी थे मौजूद**

समीक्षा बैठक में श्रम नियोजन एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानन्द भोक्ता, कृषि मंत्री बादल, खेल कूद एवं युवा मामले विभाग के मंत्री हफीजुल हसन, राजमहल सांसद विजय हांसदा, पोड़ैयाहाट विधायक प्रदीप यादव, महगामा विधायक श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह, मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव राजीव अरुण एक्का, सचिव विनय चौबे, सचिव अबू बकर सिद्दीकी, सचिव अमिताभ कौशल, सचिव कृपानंद झा, सचिव के श्रीनिवासन, डीजीपी नीरज सिन्हा, आयुक्त, संथाल परगना प्रमंडल, दुमका, चंद्र किशोर उरांव,पुलिस उप महानिरीक्षक, सुदर्शन प्रसाद मंडल, देवघर उपायुक्त, मंजूनाथ भजंत्री, पुलिस अधीक्षक, सुभाष चंद्र जाट, गोड्डा उपायुक्त जीशान कमर, पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा एवं जिला के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

## डीएवी के प्रियांशु दुबे का हुआ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन



**मेदिनीनगर।** डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक मीट 2022 का आयोजन पलामू खेल एसोसिएशन द्वारा मेदिनीनगर के जीएलए कॉलेज के मैदान में आयोजित किया गया। इसमें एमके डीएवी पब्लिक स्कूल मेदनीनगर के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के छात्र प्रियांशु दुबे ने ऊंची कूद में प्रथम पुरस्कार स्वर्ण पदक जीतकर विद्यालय का मान बढ़ाया। प्रियांशु दुबे का चयन पटना में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु किया गया है। संजीत ने 600 मीटर, आयुष ने 60 मीटर एवं अभिनव ने 80 मीटर की दौड़ में कांस्य पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय की प्रातः कालीन प्रार्थना सभा में इन छात्रों को मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर विद्यालय के प्राचार्य डॉ जीएन खान ने सम्मानित किया। मौके पर खेल शिक्षक डॉ राजेंद्र कुमार राणा एवं अन्य खेल शिक्षकों को भी धन्यवाद कहा। इस अवसर पर खेल शिक्षक राजीव कुमार मिश्रा, विक्रम राय एवं काजोल भी उपस्थित थे।

## अटॉर्नी जनरल वेंकटरमणि को पद मुक्त करे भारत सरकार : चंद्रवंशी महासभा



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** अटार्नी जनरल आर वेंकटरमणि द्वारा महाराज जरासंध पर की गयी आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा पलामू जिला शाखा के द्वारा अटॉर्नी जनरल के गलत बयानी के विरोध में शहर के हमीदगंज में धरना का कार्यक्रम किया गया। धरना प्रदर्शन में महासभा के झारखंड प्रदेश मंत्री निलय चंद्रवंशी ने कहा कि महासभा महामहिम राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से मांग करती है कि उच्च पद पर आसीन अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट में दाखिल किए गए जवाब में वर्णित महाराज जरासंध से संबंधित टिप्पणी को भी हटाये। मौके पर जिला अध्यक्ष डॉ गणेश चंद्रवंशी , प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र राम चंद्रवंशी, प्रदेश मंत्री निलय कुमार चंद्रवंशी, जिला अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद चंद्रवंशी, सतीश कुमार चंद्रवंशी भीम राम चंद्रवंशी रामनरेश चंद्रवंशी राजेश कुमार चंद्रवंशी, कुणाल कुमार चंद्रवंशी, प्रदेश संगठन मंत्री सुधीर कुमार चंद्रवंशी, अभिषेक राज, लक्ष्मण चंद्रवंशी, आकाश कुमार चंद्रवंशी, दिलीप कुमार दिल्लू, रिंकू चंद्रवंशी, रविंद्र चंद्रवंशी, संजीव कुमार चंद्रवंशी, अश्वनी चंद्रवंशी उपस्थित थे।

एक नजर में

## राज्य सभा में ओबीसी को 52% आरक्षण की मांग उठी



**मेदिनीनगर।** आरक्षण पर राज्य सभा में सांसद मनोज झा ने ओबीसी वर्ग को 52 प्रतिशत आरक्षण देने की आवाज उठाई है। जिससे आजसू पार्टी के आंदोलन का राष्ट्रीय स्तर पर संसद में आवाज बुलंद हुई है। इसकी जानकारी देते हुए आजसू पार्टी के केन्द्रीय सचिव सह गढवा जिला प्रभारी सतीश कुमार ने कहा कि हर्ष की बात है कि आजसू पार्टी पिछले कई वर्षों से जनसंख्या अनुपात मे ओबीसी समुदाय को 52 प्रतिशत आरक्षण देने की आंदोलन करते रहा है। झारखंड की हेमंत सोरेन सरकार ने पिछडा वर्ग को केवल ठगने और गुमराह करने का प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि मजबूती से समाज आगे आये ताकि पिछड़ा वर्ग को हक व अधिकार मिलता रहे।

## दो दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट संपन्न, स्माईल क्लब के टीम बना विजेता



**पटमदा।** पटमदा प्रखंड की जोड़सा पंचायत के तुंगबुरु फुटबॉल मैंदान में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आदिवासी युवा शक्ति क्लब की ओर से दो दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। टूनार्मेंट के दूसरे दिन गुरुवार को बतौर मुख्य अतिथि के रूप में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। इस दौरान संबोधित करते हुए विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि इस मैंदान में दूरदराज से पंहुचे खिलाड़ियों ने प्रदर्शन किया। जिसमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों ने बाजी मार ली। उन्होंने कहा कि हारने वाले खिलाड़ियों को निराश होने की आवश्यकता नहीं है क्योंकि हार कर जितने वाले को ही बाजीगर कहते हैं। वजेता टीम को नगद 50 हजार के साथ ट्राफी, उप विजेता टीम को नगद 40 हजार व ट्रॉफी तीसरे व चौथे स्थान पर रहे दोनों टीम को 20-20 हजार रुपये देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान कमेटी के अध्यक्ष छुटुलाल मुर्मू, पंचानन मुर्मू, साहेब हांसदा, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, सुभाष कर्मकार, अश्विनी महतो, छुटुलाल हांसदा, श्यामापद महतो, पंचानन दास, श्यामू महतो, सिजेन हेम्ब्रम, रेफरी आनंद महतो, लंबोदर मांडी समेत अन्य कई लोग मौजूद थे।

## आईसा ने इंटर व डिग्री कॉलेज को लेकर मनातू में किया प्रदर्शन




खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मनातू प्रखंड मुख्यालय पर इंटर और डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन आइसा ने पुरानी बाजार से ब्लॉक परिसर तक हजारों की संख्या में मार्च निकाला।यह मार्च एक सभा में तब्दील हो गई। सभा का संचालन आइसा जिला सचिव गौतम कुमार दांगी ने किया। मौके पर राज्य सचिव त्रिलोकीनाथ ने कहा कि आज पूरे देश में शिक्षा खतरे में है। झारखंड के 95 प्रतिशत स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक नहीं है। यूनेस्को के रिपोर्ट में प्रदेश के लगभग सात हजार स्कूलों में एक शिक्षक है। केंद्र सरकार शिक्षा के अधिकार के तहत निशुल्क शिक्षा का हवाला देते प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप हटाने की कोशिश कर रही है। मनातू जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में इंटर और डिग्री कॉलेज का न होना सरकार के शर्म की बात है। मनातू प्रखंड के छात्र दूर के निजी कॉलेज में नामांकन लेने को मजबूर हैं। मौके पर आइसा के पूर्व जिलाध्यक्ष दिव्या भगत ने कहा कि सरकार छात्र युवाओं के प्रति उदासीनता दिखा रही है। भाकपा माले और पांकी विधानसभा के चर्चित नेता डॉ बीएन सिंह ने कहा शिक्षा हमारा मौलिक अधिकार है। लेकिन सरकार सत्ता के नशे में चूर है। सरकार को आमजन की कोई चिंता नहीं है। सभा को आइसा राज्य कमिटी सदस्य पवन यादव, नीतीश यादव, अनीश कुमार, इजहार अली हैदर, सुदामा यादव,जाहिद, रौशन समेत दर्जनों छात्र नेताओं ने संबोधित किया।

## भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के हुसैनाबाद अंचल कमेटी की बैठक



**मेदिनीनगर।** भाकपा के हुसैनाबाद अंचल कमिटी की बैठक कामरेड भोला सिंह की अध्यक्षजा में हुई। बैठक में कहा गया कि 26 दिसंबर को उपायुक्त पलामू के समक्ष प्रदर्शन के इस इलाके से सैकड़ों लोग शामिल होंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता सूर्यपत सिंह ने कहा कि आज की पूंजीवादी पार्टी के पैसे का खेल कर रही है। भाजपा की मोदी सरकार के राज में आम जनता से बड़े पैमाने पर जी एस टी एवं कई तरह के टैक्स वसूलकर परेशान किया जा रहा है। बड़े कारपोरेट घरानों का कर्ज माफ किया जा रहा है। सरकारी कंपनियों को प्राइवेट के हाथों बेचा जा रहा है। भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी, भोला सिंह, सुरेश ठाकुर, अभय कुमार भुइयां, अंचल सचिव गणेश सिंह ने कहा कि बैठक में सरयू सिंह, धर्मदेव राम, चितरगुन, अर्जुन प्रजापति, असलम खान, बलिराम सिंह, बीफन राम, सीता राम, सहित कई लोग उपस्थित थे। बैठक में देवरी शाखा का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से धर्मदेव राम को शाखा सचिव को चुना गया।

## स्कूलों में 'विजय सन्देश' पढ़ मनाया गया विजय दिवस



**जमशेदपुर।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद, जमशेदपुर द्वारा विद्यार्थियों को विजय दिवस के अवसर पर सुनाए गये विजय गाथा में कहि गयी। 16 दिसंबर 1971 को बांग्लादेश युध्द में पाकिस्तान पर भारत की ऐतिहासिक जीत के उपलक्ष्य में पूर्व सैनिकों सेवा परिषद् ने शुक्रवार को शहर के विद्यालयों में युध्द की कहानी युध्दवीरों की जुबानी कार्यक्रम कर विजय दिवस मनाया।लगभग 5 स्कूलों में पूर्व सैनिकों और प्राचायों ने विजय संदेश पढ़कर सुनाए। बच्चों को बताया कि हार बाद किस तरह पाकिस्तान के जनरल नियाजी ने 93,000 सैनिकों के साथ भारत के लेफ्टिनेट जेनरला जगजीत सिंह अरोड़ा के समक्ष आत्मसमर्पण किया था और इसके परिणामस्वरूप विश्व के नक्शे पर एक नए देश बांग्लादेश का जन्म हुआ।पूर्व सैनिक सेवा परिषद की ओर से आयोजित कार्यक्रम मे जमशेदपुर स्कूलों मे विजय सन्देश पढ़ 1971 के युद्ववीरो में नमन किया गया, जिसमे एनटीटीएफ गोलमुरी में पूर्व सैनिक रमेश राय ,हिंदुस्तान मित्र मंडल मध्य विद्यालय मे सत्यप्रकाश सिंह एवं बर्materials खालसा स्कूल में संतोष सिंह ने विजय सन्देश पढ़ 1971 की जीत को याद किया।हिंदुस्तानी सेना के वीरता शौर्य और पराक्रम की कहानी हैं वर्ष 1971 का भारत पाकिस्तान युद्ध। 03 से 16 दिसम्बर यानी मात्र 14 दिनों की इस लड़ाई में हमारी सैन्य रणनीति और सैनिकों के बुलंद हौसलों की वजह से 93000 से भी ज्यादा पाकिस्तानी सैनिकों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया और दुनिया के युद्ध इतिहास का एक अविस्मर्णीय दिन बन गया,जिसे हम हिंदुस्तानी विजय दिवस के रूप में मनाते हैं। युद्ध इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ कि किसी देश की सेना ने अपने पराक्रम से सिर्फ इतिहास ही नहीं रचा बल्कि दुनिया के नक्शे पर एक नए देश बांग्लादेश का उदय कर भूगोल भी बदल दिया। हमें उन वीर शहीदों को आज नमन करना चाहिए। शहीद स्मृति स्थल गोलमुरी से 18 को पूर्व सैनिक सेवा परिषद शौर्य पराक्रम यात्रा निकाल विजय दिवस के शौर्यमय अवसर पर शहीदों को श्रद्धांजली अर्पित करेगी। विजय सन्देश पढ़ युवाओं में भारतीय सेना की पराक्रम एवं शौर्य को जिवंत रखना ही मुख्य लक्ष्य है।मौके पर भारतमाता की जय और वीर शहीद अमर रहें के उदघोष से वातावरन में ओज भर दिया।कार्यक्रम का नेतृत्व संगठन के अध्यक्ष विनय यादव एवं महामंत्री जितेंद्र सिंह के द्वारा किया गया।

# विधायक रेल संबंधी विभिन्न समस्याओं को लेकर केंद्रीय रेल मंत्री से मिले

खबर मन्त्र संवाददाता

**जयनगर (कोडरमा)।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के रेल संबंधी विभिन्न समस्याओं को लेकर के विधायक अमित कुमार यादव के दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री सह सांसद कोडरमा अन्नपूर्णा देवी के नेतृत्व में गुरुवार को प्रतिनिधिमंडल ने केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से दिल्ली में मुलाकात किये। वहीं विधायक अमित कुमार यादव ने बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत परसाबाद रेलवे स्टेशन पर मुंबई-हावड़ा मेल, पुरोषोतम एक्सप्रेस का ठहराव, रेलवे आरक्षण काउंटर शीघ्र चालू किए जाने, लोकल पैसेंजर ट्रेनों में किए गए किराया वृद्धि को वापस लिए जाने आदि के लिए यदुडीह में शौचालय की मांग सहित कई मुद्दे उठाएं और जन हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन सौंपा। रेलमंत्री ने जल्द ही विधायक की मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार कर उचित कार्रवाई का आश्वासन देते हुए बताया की रेलवे में जो हाई स्पीड ट्रेन चलने वाली है, दिल्ली टू कोलकाता जिसे लेकर जो घेराबंदी हो रही है। जिसमें जानवर सहित आम लोगों का भी आवागमन उधर से नहीं हो इसलिए उसको पूरा पैक किया जा रहा था। इस पर मंत्री ने उसको तत्काल आज से काम को रोक दिए जाने की बात कही और एक नया नक्शा बनाया जाएगा। नए नक्शे में यह प्रावधान रहेगा की किसी भी तरह से उसमे जानवर नहीं जाए।

साथ ही परसाबाद स्टेशन की जो मूलभूत सुविधाएं हैं चाहे शौचालय हो चाहे आरक्षण काउंटर हो एवं बहूत जल्द वहां पर परसाबाद स्टेशन पर मुंबई मेल और पुरुषोत्तम एक्सप्रेस का ठहराव वहां पर किया जाएगा। इसके साथ-साथ विभिन्न मांग जो भाड़ा संबंधी था या फिर चैबे स्टेशन का मांग था या जदूआडीह, हीरोडीह, सरमाटांड की जो मांगें थी। इसके साथ ही जो लोकल ट्रेनों में जो पैसेंजर ट्रेन में एक्सप्रेस का भाड़ा लिया जा रहा है, उसमे भी गंभीरता पूर्वक विचार कर पहल करने का आश्वासन दिया। मौके पर जमुआ के विधायक केदार हाजरा, जिला परिषद सदस्य केदारनाथ यादव, दुर्गा यादव, सुधीर सिंह, दीपक सिंह, प्रदीप साव, बिनोद बर्नवाल समेत अन्य लोग मौजुद थे।

## कॉ आपरेटिव कालेज में ऐतिहासिक सांस्कृतिक सह वार्षिक महोत्सव सम्पन्न



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर को आपरेटिव कालेज में वर्षों के बाद शुक्रवार को महाविद्यालय के द्वारा ऐतहासिक संसकृतिक सह वार्षिक महोत्सव सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र छात्राओं के द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसको देखकर श्रोतागण मंत्रमुग्ध हो गए। दिनभर चले इस कार्यक्रम की शुरूआत में कोल्हान विश्वविद्ययालय के कुलपति डा प्रोफेसर गंगाधर पांडा के द्वारा आन लाइन विधिवत रूप से महाविद्धयालय के रूसा फंड से बने भवन व कैंटिन का उद्घाटन किया गया। मौके पर डॉ अमर सिंह ने कहा कि यह कॉलेज के आधारभूत संरचना के विकास की शुरूअत है आने वाले दिनों में कई अन्य नए भवन यहां बनेंगे। उन्होंने कहा कि लंबे समय के बाद कॉलेज सांस्कृति व वार्षिक उत्सव मना रहा है। महाविद्धयालय के विश्वविद्धयालय बनने को लेकर डीपीआर तैयार हो रहा है।

खबर मन्त्र
रांची . शनिवार.17 दिसंबर 2022
अभिव्यक्ति
epaper.khabarmantra.net

# राजकोषीय घाटे की चिंता

देश के बजट में सबसे अधिक चिंता राजकोषीय घाटा को लेकर होती है। यह आय की तुलना में अधिक व्यय की समस्या है जिस पर पूरी दुनिया की नजर रखती है। तीन प्रतिशत तक का घाटा आदर्श स्थिति मानी जाती है। भारत जैसे विकासशील देश के लिये घाटे का बजट अर्थशास्त्र की दृष्टि से गंभीर समस्या नहीं है लेकिन केन्द्र और राज्य सरकार की नीतियों से अगर यह घाटा बढ़ता है तो इसका असर देश की छवि और कल्याणकारी योजनाओं के साथ आधारभूत संरचना के विकास रक्षा तैयारी सहित पूरी व्यवस्था पर पड़ता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2024 के लिए पेश करने जा रही बजट में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 5.5 से 6 प्रतिशत के बराबर रख सकती हैं। इस मामले से जुड़े लोगों ने यह जानकारी दी है। इसका मतलब यह है कि सरकार अपने राजकोषीय समेकन के खाके पर कायम रहेगी, जिसके तहत वित्त वर्ष 26 तक राजकोषीय घाटा 4.5 प्रतिशत तक लाने का लक्ष्य रखा है। सवाल यह है कि हम मध्यम अवधि के राजकोषीय समेकन के खाके पर टिके रहेंगे, जिसकी प्रतिबद्धता वित्त मंत्री ने 2021 के केंद्रीय बजट में जताई थी। वित्त वर्ष 23 के केंद्रीय बजट के साथ संसद में पेश पिछले मध्यावधि राजकोषीय नीति वक्तव्य में वित्त मंत्रालय ने कहा था, ह्यवित्त वर्ष 22 के बजट में की गई प्रतिबद्धता के अनुरूप, सरकार वित्त वर्ष 26 तक राजकोषीय घाटा जीडीपी के 4.5 फीसदी से नीचे लाने के लिए राजकोषीय समेकन का एक व्यापक मार्ग अपनाएगी। सरकार टिकाऊ, व्यापक आधार वाली आर्थिक वृद्धि हासिल करने के अपने प्रयासों को निरंतर जारी रखेगी और राजकोषीय शुद्धता के मार्ग का पालन करते हुए ऐसे उपाय करेगी, जो लोगों के जीवन-आजीविका की रक्षा के लिए आवश्यक हो सकते हैं।

# हार की माला

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की संसदीय दल की बैठक हुई, जिसमें गुजरात की ऐतिहासिक जीत के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भव्य स्वागत किया गया। बैठक में सी आर पाटिल की प्रधानमंत्री द्वारा की गई सराहना को इस रूप में भी देखा जा रहा है कि आने वाले दिनों में पार्टी उन्हें कोई अहम जिम्मेदारी दे सकती है। पाटिल को प्रधानमंत्री मोदी का बेहद करीबी और विश्वसनीय सहयोगी माना जाता है। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा की भी सराहना की। हालांकि नड्डा के गृह राज्य हिमाचल में विधानसभा चुनाव में भाजपा हार गयी और सत्ता से बाहर हो गयी। इस बैठक में गुजरात की जीत के अतिरिक्त हिमाचल की हार पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की प्रयासों की सराहना की गयी। निश्चित तौर पर गुजरात की जीत को एक स्वाभाविक जीत और हिमाचल की हार को भाजपा के जी-जान लगा देने वाले प्रयास के बाद भी हार के रुप में देखा जाना चाहिए। अगर इसे 2024 के चुनाव का सेमीफाइनल कहा जा रहा था तो भाजपा सेमीफाइनल में हार चुकी है। हिमाचल में कांग्रेस की जीत के मुद्दों को देखें तो बेरोजगारी और महंगाई के अतिरिक्त कुछ लोक लुभावन नारे कांग्रेस ने दिये थे। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व प्रियंका को छोड़कर इस चुनाव को लेकर जनता और हिमाचल के परम्परा के भरोसे ही चुनाव लड़ रहा था। गुजरात एक धनी राज्य है और हिमाचल, यूपी-बिहार और झारखंड की तरह गरीब राज्य है। इस दृष्टिकोण से भाजपा अगर आकलन करे तो 2024 में भाजपा को कठिन स्थितियों का सामना करना पड़ेगा क्योंकि राजनीतिक मजबूरी विपक्ष को चुनाव में एक होने पर मजबूर करेगा। सीधी टक्कर में भाजपा हिमाचल, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हार चुकी है। देश में हिमाचल फैक्टर हावी हुआ तब इसका असर अगले चुनाव में यह साफ दिखेगा।

# फीफा कप को किसने जोड़ा मजहब से






**आरके सिन्हा**

> भारत के करोड़ों फुटबॉल प्रेमी परंपरागत रूप से ब्राजील और अर्जेंटीना की टीमों के कलात्मक खेल को पसंद करते हैं। मुझे याद है पेले 2015 में दिल्ली में सुब्रतो कप के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि थे। पेले ने फाइनल मैच का पूरा आनंद लिया था।

**कतर** में चल रहे फीफा विश्व कप में लगातार उलटफेर हो रहे हैं। यह ही एक ऐसा खेल है जिसमें अच्छी क्वालिटी के खेलों का रोमांच बढ़ता है जब नतीजे अप्रत्याशित आते हैं। कमजोर समझी जाने वाली टीमें भी बड़ी शक्तिशाली टीमों को परास्त कर देती हैं। इस बार के फीफा कप को इसलिए भी याद रखा जाएगा कि लगातार इसके इस्लामीकरण करने की कोशिश ही होती रही। यह जब आरंभ हुआ तो इस बात को जरूरत से ज्यादा महिमामंडित किया गया कि इसका आयोजन एक इस्लामिक देश कर रहा है। फिर नॉकआउट राउंड में स्पेन को हराने के बाद पहली बार क्वॉर्टर फाइनल में पहुंची मोरक्को टीम के खिलाड़ियों ने फिलिस्तीनी झंडे के साथ जीत का जश्न मनाया। मैच में मोरक्को ने स्पेन को पेनल्टी शूटआउट में 3-0 से हराया था।

देखिए, खेल और खिलाड़ी देश की सीमाओं से परे हैं। मोहम्मद अली, दादा ध्यानचंद, सचिन तेंदुलकर या रोज फेडरर को किसी देश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता। ये सही मायने में विश्व नागरिक हैं। पर किसी खिलाड़ी या टीम को उसके मजहब के कारण पसंद करना या उसे चीयर करना समझ से परे है। इस बार यह बार-बार हुआ। सारी दुनिया ने इस बार फीफा कप के इस्लामीकरण करने की कोशिशों को तब भी देखा था जब सऊदी अरब को अर्जेंटीना की टीम पर ऐतिहासिक जीत मिली थी। सऊदी अरब की जीत पर हमारे देश के कुछ खास उत्साही लोग भी इतरा रहे थे। जैसे कि हम पहले कह चुके हैं कि आप श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए किसी भी खिलाड़ी या टीम को चीयर कीजिए। इसमें कतई गलत नहीं है। पर कतर, सऊदी अरब तथा मोरोक्को के हक में इसलिए खुश होना कि ये इस्लामिक देश हैं, कतई सही नहीं माना जा सकता। यानी आप खेल भावना को समझ ही नहीं सके।

आप अजेंटीना के मेसी की ड्रिबलिंग या फ्रांस के चमत्कारी फारवर्ड कायलियन एमबापे से प्रभावित नहीं हुए। भारत के करोड़ों फुटबॉल प्रेमी परंपरागत रूप से ब्राजील और अर्जेंटीना की टीमों के कलात्मक खेल को पसंद करते हैं। कुछ साल पहले तक तो भारत में सिर्फ ब्राजील की टीम को ही चीयर किया जाता था। भारत में ब्राजील के पेले और अर्जेंटीना के सुपर स्टार डिएगो माराडोना को करोड़ों खेल प्रेमी अपना नायक मानते हैं। ये जब भी भारत आए तो इनका गर्मजोशी से स्वागत हुआ। मुझे याद है पेले 2015 में दिल्ली में सुब्रतो कप के फाइनल मैच के मुख्य अतिथि थे। पेले ने फाइनल मैच का पूरा आनंद लिया था। उन्हें देखने के लिए अंबेडकर स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था। उन्होंने फाइनल मैच के बाद एक खुली जीप पर सारे स्टेडियम का चक्कर लगाकर दर्शकों का अभिवादन स्वीकार किया था। पेले ने इस मौके पर कहा था- 'मैं सुब्रतो कप में हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं। मुझे भारत के युवा फुटबॉल खिलाड़ियों से मिलकर बहुत अच्छा लगा।उन्हें चाहने वाले उन्हें इसलिए नहीं पसंद कर रहे थे क्योंकि वे किसी खास देश या धर्म से संबंध रखते हैं। यह ही होना भी चाहिए। लेकिन, फीफा कप के दौरान तो सारी दुनिया कुछ अलग ही मंजर देख रही है। फीफा आयोजन समिति भी निकम्मी साबित हो रही है कि वह मूक दर्शक बनी हुई है। उसकी तरफ से तब भी कोई आपत्ति दर्ज नहीं हुई थी जब कतर में कठमुल्ला जाकिर नाईक भी पहुंच गया था। उसका लक्ष्य सिर्फ अन्य धर्म के लोगों को इस्लाम में धर्मांतरण करवाना रहता है। वे इस्लाम से इतर सभी धर्मों का लगातार अपमान करता है, नीचा दिखाता है और खिल्ली उड़ाता रहता है। वह भारत से भागा हुआ अपराधी है। उस पर भारत में तमाम गंभीर आरोपों में केस चल रहे हैं। एक बार वह भारत आया तो फिर जीवन भर जेल की सलाखों के पीछे ही रहेगा। फीफा आयोजन समिति को कायदे से कतर सरकार को कसना चाहिए था कि उसने इतने बड़े आयोजन से पहले आखिरकार इस बदनाम जाकिर नाईक को अपने देश में आमंत्रित किया ही क्यों ? इसका उद्देश्य क्या था ?बहरहाल, भारत में जो लोग फीफा कप को एक अलग चश्मा पहनकर देख रहे हैं उन्हें कभी वक्त मिले तो वे यह जान लें कि दुनिया के इस्लामिक राष्ट्रों में कितना आपसी प्रेम है। अफगानिस्तान में तालिबान के कब्जे के बाद भयंकर हाहाकार मचा हुआ है। वहां से ज्यादातर स्थानीय अफगानी नागरिक भी अपना देश छोड़कर कहीं और जाकर बसना चाह रहे हैं। उन्हें अफगानिस्तान में अब अपने बीवी-बच्चों के साथ एक मिनट भी रहना सुरक्षित और सही नहीं लग रहा है। अफगानिस्तान में सरेआम कत्लेआम चालू है। पर अफगानिस्तान के मुसलमानों को इस्लामिक देश अपने यहां शरण देने के लिए तैयार तक नहीं हैं। दुनिया के इस्लामिक देशों के अपने को नेता मानने वाले पाकिस्तान, सऊदी अरब तथा तुर्की जैसे देश पूरी तरह चुप हैं। पाकिस्तान का काला चेहरा खुलकर सामने आ रहा है। उसने अपनी अफगानिस्तान से लगने वाली सरहदों पर भरपूर सेना को तैनात कर दिया है। पाकिस्तान कह रहा है कि हमारे यहां तो पहले से ही लाखों अफगानिस्तान के शरणार्थी हैं। हम अब और नहीं लेंगे। तो फिर पाकिस्तान अपने को सारी दुनिया के मुसलमानों का रहनुमा क्यों मानता है। फिर उसने तख्तापलट में तालिबानियों का सहयोग क्यों किया ?

अफगानिस्तान संकट के बहाने पाकिस्तान के दोहरे चरित्र को समझना आसान होगा। पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर के मुसलमानों के हक के लिए सारी दुनिया के मुसलमानों का आये दिन खुलकर आह्वान करता है। वह संयुक्त राष्ट्र से लेकर तमाम अन्य मंचों पर भारत को घेरने की कोशिशों में भी नाकाम रहता है। पर पाकिस्तान यह तो बताए कि वह क्यों नहीं अफगानिस्तान के मुसलमानों को अपने यहां शरण देता? क्या कुछ हजार मुसलमान और आने से पाकिस्तान नष्ट हो जाएगा? 57 इस्लामिक देशों का संगठन इस्लामी सहयोग संगठन (ओआईसी) भी पूरी तरह नकारा ही साबित हुआ है। ये संकट में भी एक-दूसरे के लिए खड़े नहीं होते हैं। रोहिंग्या मुसलमानों को शरण देने का ही मसला ले लें। म्यांमार के सबसे करीबी पड़ोसी बांग्लादेश ने भी रोहिंग्या मुसलमानों को लेने से मना कर दिया था। सीरिया या इराक में मुस्लिमों द्वारा मुस्लिमों को मारने का कभी भी विरोध नहीं किया जाता। ओआईसी के सदस्यों में भी तानातनी रहती ही है। ईरान-सऊदी अरब एक-दूसरे के जानी-दुश्मन हैं। पाकिस्तान और बांग्लादेश में छत्तीस का आंकड़ा तो सबको पता ही है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान भी एक-दूसरे के शत्रु हैं। इसके बावजूद भारत के सहारनपुर से दरभंगा में रहने वाले कुछ लोगों को कतर, सऊदी अरब और मोरोक्को में अपना अक्स नजर आता है।

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

## खास बात

### हमारी फौज के रीत

**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

**भारतीय** फौज से गुलामी के प्रतीकों को हटाने के अभियान का तहे-दिल से स्वागत किया जाना चाहिए। देश के हर क्षेत्र से गुलामी को दूर करना, उसमें उसका योगदान बहुत ही शिथिल रहा। यह काम अब भाजपा सरकार भी जरूर कर रही है। उसे यदि उस गुलामी की पूरी समझ हो तो वो इस अमृत महोत्सव वर्ष में ही संपूर्ण पराधीनता मुक्त अभियान की शुरूआत कर सकती है। फिलहाल हमारी फौज में पराधीनता के एक प्रतीक को हटाया गया उस समय, जब विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत को समुद्र में छोड़ा गया। उस जहाज पर लगे हुए सेंट जार्ज के प्रतीक को हटाकर उसकी जगह शिवाजी का प्रतीक लगाया गया। यह मामला सिर्फ प्रतीकों तक ही सीमित नहीं है। जातियों के नाम पर सेना की टुकड़ियों के भी नाम तुरंत बदले जाने चाहिए। 1857 के स्वातंत्र्य संग्राम से घबराए अंग्रेज शासकों ने भारतीय लोगों को जातियों में बांटने की तरकीबें शुरू की थीं, उनमें से यह भी एक बड़ी तरकीब थी। उन्होंने शहरों और गांवों के नाम भी अंग्रेज अफसरों के नाम पर रख दिए थे। जगह-जगह उनके पुतले खड़े कर दिए थे।

मुझे याद है कि अब से लगभग 50 साल पहले अहमदाबाद में लगा किसी अंग्रेज का पुतला मैंने तोड़ा था, वह भी राजनारायण जी (इंदिरा गांधी को हराने वाले) के कंधे पर चढ़कर। कांग्रेस सरकारों ने सड़कों के कुछ नाम तो बदले लेकिन हमारी फौज में अभी भी अंग्रेजों का ढर्रा चल रहा है। कांग्रेस सरकार के रक्षा मंत्रालय की हिंदी समिति के सदस्य के नाते मैंने अंग्रेजी में छपी फौज की सैकड़ों नियमावलियों को हिंदी में बदलवाया ताकि साधारण फौजी भी उन्हें समझ सकें। इस समय फौज में 150 ऐसे नियम, नाम, इनाम, परपराएं, रीति-रिवाज और तौर-तरीके हैं, जिनका भारतीयकरण होना जरूरी है। ह्यबीटिंग द रिट्रीट समारोह में ह्यएबाइड विथ मी गाने की जगह लता मंगेशकर के ह्यऐ, मेरे वतन के लोगों को शुरू करना तो अच्छा है लेकिन जहां तक फौज के भारतीयकरण का प्रश्न है, उसे अंग्रेजों के रीति-रिवाज से मुक्त करवाना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी है, अपनी फौज को आत्मनिर्भर बनाना।

# भय और शक्ति

## धर्म-प्रवाह

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**

**रानी** भय से कांप रही थी। मुनि बोले हे रानी। भय त्याग कर बोलो, यह घटना कैसे घटित हो हुई। तब रानी बोली हे महामुनि संसार में सब लोग अपने लिये उत्तम वस्तु चाहते हैं। अतः सत्यवती के लिये जो चरु आप तैयार किये उसमें अवश्य कोई विशेषता होगी यह विचारकर मैंने चरु की अदला-बदली कर ली। यह सुनकर ऋषि बोले तुमने यह क्या किया?तुमलोग क्षत्रिय हो। इसलिये मैं तुम्हारे लिये क्षत्रिय गुण से संपन्न क्षात्रतेज वाले पुत्र का संकल्प किया था और हमलोग ब्राह्यमण हैं इसलिये ऐसे पुत्र का संकल्प किया था कि जिसमें ब्राह्यमणोचित तेज हो, सात्विक हो और बेदों की सर्वोच्च ऋचा की रचना करेगा। अतः हे सत्यवती तुम्हारे गर्भ से युद्धोन्मादक हिंसक पुत्र उत्पन्न होगा और रानी ब्राह्यणचित तेज संपन्न पुत्र की माता होगी। जो वेदों के सर्वोच्च ऋचाओं की रचना करेगा। इतना सुनकर सत्यवती बोली कि नहीं मुझे यद्धोन्मादक पुत्र नहीं चाहिए। मुझे वहीं पुत्र चाहिए जिसके लिए आप संकल्प करके चरु तैयार किये थे। ऋषि बोले जो होना था वह हो गया।

अब मैं शास्त्र के विरूद्ध उलट-फेर कैसे कर सकता हूं। तब वह ऋषि का चरण पकड़ बोली- आप कुछ भी करने में समर्थ हैं। अतः आप मेरे लिये ऐसा किजीए कि मरे गर्भ से क्षत्रीयगुण संपन्न हिंसक पुत्र की उत्पति न हो। मुनि बोले- तुम्हारी प्रार्थना से इतना ही कर सकता हूं कि तुम्हारा क्षत्रीयोचित गुण से संपन्न युद्ध उन्मादक नहीं होगा।


(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम)

नीमचिकीर टांड, रांगाडीह मोड़, सोनाहातू पश्चिमी में आयोजित आजसू पार्टी क्षेत्रीय सम्मेलन में शामिल होकर ग्रामीणों की समस्याओं, विकास कार्यों तथा गूंज महोत्सव-2022 की तैयारियों को लेकर चर्चा की।

**– सुदेश महतो, आजसू सुप्रीमो**

## रोचक ट्वीट

असफलता के अनेक कारण हैं जैसे अज्ञानता, अयोग्यता,संकल्प का अभाव अथवा लक्ष्य के प्रति उत्साह की कमी, लेकिन अपनी पराजय में दूसरों को दोषी न मानें महान लक्ष्य निर्धारित करें और आत्मविश्वास,शुभ संकल्प तथा साहस के साथ आगे बढ़ें सफलता अवश्य मिलेगी ! **–स्वामी अवधेशानंद गिरी**





लाख करें दुष्प्रचार
बनायें बातें झूठी
मगर, इस ठोस सच्चाई की झलक
उनकी भी बातों में है
देश सुरक्षित हाथों में है !

**– अन्नपूर्णा देवी**

# जीएसटी का रजिस्ट्रेशन हम कैसे करा सकते हैं?



**अजयदीप बाधवा**

## जीएसटी

**जीएसटी निबधंन या रजिस्ट्रेशन कैसे होता है?** जिन व्यवसायियों का सालाना टर्नओवर 40 लाख रुपये से अधिक होता है, उनके लिए जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराकर जीएसटीआइएन लेना जरूरी होता है. कुछ राज्यों में टर्नओवर की यह सीमा 20 लाख रुपये से अधिक है. इसलिए, अगर आप इस टर्नओवर के दायरे में आते हैं, तो आपको जीएसटी का रजिस्ट्रेशन कराना होगा। मान लें इस वर्ष तक आपकी कुल सालाना विक्रय, जिसे हम टर्नओवर कहते है, 19 लाख है तो आपको न जीएसटी ग्राहक से लेना है और न सरकार को देना हैं। आपको जीएसटी रजिस्ट्रेशन की आवश्यकता नहीं है। छोटे व्यापारियों के लिए यह बहुत बड़ी राहत है। पर अगर इस वर्ष आपका सालाना टर्निवर 40 लाख या ज्यादा हो जाता है तो आपको जीएसटी में रजिस्ट्रेशन कराना आवश्यक है। इसमें एक व्यवस्था और है कि अगर आप कि सालाना ट्यूरीवर 40 लाख से ज्यादा है पर 1.50 करोड़ से कम है तो आप कंप्सिशन स्कीम के तहत जीएसटी रजिस्ट्रेशन करवा सकते है जिसमे आपको महज 1 % जीएसटी देना होता है और आप को मासिक के स्थान पर त्रैमासिक अर्थात तीन माह में एक बार ही जीएसटी रिटर्न भरना होता है। जीएसटी में रजिस्ट्रेशन की कोई फीस नहीं है। आप खुद ही जीएसटी पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं या किसी कर सलाहकार की मदद ले सकते हैं। कहने का तात्पर्य है कि जिन लोगों का सालाना टर्नओवर 40 लाख रुपये से अधिक होता है, उनके लिए जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराकर जीएसटीआइएन लेना जरूरी होता है( कुछ राज्यों में टर्नओवर की यह सीमा 20 लाख रुपये है)। हाल ही में जीएसटी काउंसिल ने किसी राज्य के अंदर ई-कॉमर्स पोर्टल के जरिये सप्लाई के नियम को आसान बना दिया है। ऑनलाइन सप्लायर का सालाना टर्नओवर 40 लाख रुपये से कम है या 20 लाख रुपये से कम का जीएसटी है, तो उसे जीएसटी रजिस्ट्रेशन कराने की जरूरत नहीं होगी. यह नया नियम 1 जनवरी, 2023 से लागू होगा। जीएसटी रजिस्ट्रेशन के लिए फोटोग्राफ, पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक डीटेल्स, एकाउंट स्टेमेंट और कैंसिल चेक,ऑथराइजेशन फॉर्म या बोर्ड रेजोल्यूशन जैसे दस्तावेजों की आवश्कता पड़ती है। जीएसटी रजिस्ट्रेशन के 15 अंकों या अक्षरों का जीएसटीआइएन मिलता है जिसमें प्रथम दो अंक आप के राज्य को बताते है और अगले 10 अंक आपका पैन नंबर होता है। शेष अंक या अक्षर कुछ भी हो सकता है। व्यवसाय को अपना यह जीएसटी नंबर अपने कार्यालय में पब्लिक की जानकारी के लिए डिस्प्ले करना होता है। अजय दीप वाधवा, कर सलहकार

जीएसटी रजिस्ट्रेशन का सबसे बड़ा लाभ है कि इसके बिना आप जीएसटी ले नही सकते। जिसका तात्पर्य है कि एक व्यवसाई बिना रजिस्ट्रेशन के जीएसटी नंबर नहीं ले सकता और बिना इसके जब वो समान की खरीद करेगा तो उसको तो जीएसटी देना होगा पर वो अपने ग्राहक से जीएसटी ले नही पाएगा। इस से उसको इनपुट क्रेडिट नहीं मिलेगा और जीएसटी उसको अपनी जेब से भरना पड़ जायेगा जो उसके लिए आर्थिक क्षति होगी। फिर जीएसटी रजिस्ट्रेशन से एक सम्मान की अनुभूति भी होती है कि आप भी करदाता हैं और देश के विकास में आपका सहयोग है। रजिस्ट्रेशन करवा लेने से अंदर की गलत भावना भी समाप्त हो जाती है इसके बाद सरकारी कर अधिकारी अनावश्यक जांच और तंग नहीं करेंगे।

(लेखक सीएमए, कोल इंडिया के सेनि अधिकारी,जीएसटी के कई पुस्तकों के लेखक और कर सलाहकार हैं।)

## कॉर्टून वर्ल्ड

गरीबी और शिक्षा ...



## लेटर टू एडिटर

### परंपराओं का सिमटना

पारिवारिक रिश्तों के दरकने के मूल में हमारी सामाजिक व पारंपरिक परंपराओं का सिमटना भी है। भौतिक संस्कृति के प्रसार से तमाम जीवन मूल्यों का अवमूल्यन होता जा रहा है। लेकिन जैसे-जैसे हमारे जीवन में समाज की भूमिका खत्म हुई और संयुक्त परिवार बिखरे, एकाकी परिवार रिश्तों का त्रास झेलने लगे। नैतिक मूल्यों को आत्मसात करके ही ऐसी घटनाओं को रोका जा सकता है।

**–विवेकानंद श्री, रांची**

### चेतना जरूरी

**सिडनी** में खेले गये क्रिकेट टैस्ट मैच के दौरान दर्शकों द्वारा भारतीय खिलाड़ियों के खिलाफ की गई नस्लभेदी टिप्पणी की जितनी निंदा की जाए कम है। इस प्रकार की सोच मानवता की शत्रु है। नस्लभेदी सोच को खत्म करने के लिए सख्त कानूनी व्यवस्था व सामाजिक चेतना की जरूरत है। यह एक सभ्य समाज के लिए अति अशोभनीय है। अच्छे प्रदर्शन की प्रशंसा करें कि उन पर कोई अभद्र टिप्पणी करने की।

**–सतीश शर्मा, हजारीबाग**

# दुनिया में बढ़ते तापमान से उपजी बड़ी चुनौती

**डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा**

## पर्यावरण

**यदि** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ रिमोट सेंसिंग के वरिष्ठ वैज्ञानिकों की माने तो बढ़ते तापमान का असर आने वाले दिनों में तेजी से देखा जाएगा। संभावना तो यहां तक व्यक्त की जा रही है कि यही हालात रहे तो जीवन-दायिनी गंगा-यमुना नदी का जलस्तर गिर सकता है। हालात यहां तक हो सकते हैं कि गंगा-यमुना के बहाव क्षेत्र में तेजी से पानी का स्तर कम हो जाए। यहां तक कि इस क्षेत्र में पानी का संकट हो सकता है। यह चेतावनी आज की नहीं हैं अपितु भू-वैज्ञानिकों और पर्यावरणविद लंबे समय से दे रहे हैं। प्रकृति भी लगातार डेढ़-दो दशक से चेता रही है पर हम उसकी अनदेखी कर रहे हैं। आज हिमालय क्षेत्र भूगर्भीय हलचल का केंद्र बनता जा रहा है। गत दशकों में हिमालय पर्वतमाला शृंखला में सर्वाधिक हलचल देखने को मिली है। साल में एक-दो नहीं अपितु आये दिन धरती हिलने लगी है। भूस्खलन होने लगे हैं। साल में एक-दो बड़े भूस्खलन आम होते जा रहे हैं। देवभूमि आज भूगर्भीय हलचल का केंद्र है। हिमालय में ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं। यहां तक कि हिमालयी शृंखला से निकलने वाली नदियों के उद्गम स्थल लगातार पीछे खिसक रहे हैं। पिछले सालों में विनाश के भयावह हालातों से हम रूबरू हो चुके हैं। दरअसल गंगा-यमुना के उद्गम स्थल या यूं कहें कि संपूर्ण उत्तराखंड क्षेत्र जिसमें चार धाम आते हैं, सनातन काल से आस्था का केन्द्र रहे हैं। इनकी अपनी अहमियत रही है तो प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी हिमालय क्षेत्र की अपनी भूमिका रही है। इस क्षेत्र का तेजी से विकास हुआ है। आज चारधाम की यात्रा सहज और आम आदमी तक के पहुंच में है। हमें और हमारी जैसी पुरानी पीढ़ी के लोगों को अच्छी तरह से याद है कि चारधाम की यात्रा पर जाने से पहले और यात्रा से सकुशल वापसी के लिए बड़े आयोजन होते थे। हमने तो यहां तक देखा है कि गंगाजी की यात्रा करने पर चाहे वह हरिद्वार की हो या ऋषिकेश की। गंगाजल के पूजन का भव्य आयोजन होता था। इसे गंगोज के नाम से जाना जाता था। घर-परिवार और नाते-रिश्तेदार जुटते थे। पूजन-हवन होता था और फिर सहभोज तो होना ही था।

आज परिस्थितियों में बदलाव आया है। गंगा-यमुना का यह पवित्र क्षेत्र आज आस्था से अधिक पर्यटन का केन्द्र बन गया है। लोग घूमने के बहाने जाते हैं। यहां तक तो ठीक कहा जा सकता है पर जिस तरह से प्रतिबंधित वस्तुओं खासतौर से प्लास्टिक और इसी तरह की सामग्री का कचरा केंद्र बनाने से पर्यावरणीय प्रदूषण की समस्या आम हो गई है। लोग चंद घंटों के लिए जाते हैं और प्लास्टिक कचरा और अन्य सामग्री वहां छोड़ आते हैं। इसी तरह से विकास के नाम पर जिस तरह से कंक्रीट का जंगल विकसित किया जा रहा है उसे भी पर्यावरण की दृष्टि से उचित नहीं माना जा सकता है।

हजारों की संख्या में प्रतिदिन वाहनों की रेलमपेल से फैल रहा प्रदूषण अलग है। इससे वातावरण में बदलाव आ रहा है। तापमान बढ़ रहा है। प्रकृति में विकृति की जा रही है। आखिर इसकी भी कोई सीमा होनी ही चाहिए। हिमालय क्षेत्र में तापमान वृद्धि के कारण बर्फ पिघलने की रफ्तार तेज हो गई है। पिछले चार साल के सेटेलाइट डेटा विश्लेषण ही चौकाने व चेताने के लिए काफी हैं। ऐसे में समय रहते उपाय खोजने ही होंगे। नहीं तो जीवनदायिनी गंगा-यमुना में पानी तो कम होगा ही साथ ही क्षेत्र का सारा संतुलन ही बिगड़ जाएगा।

स्थानीय कारकों के अलावा कार्बन उत्सर्जन का परिणाम भी कहीं न कहीं यहां भी दिख रहा है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# महाघोटाले के बात बेबुनियाद: एनटीपीसी

खबर मन्त्र संवाददाता

**बड़कागांव।** विभिन्न समाचार पत्रों एवं न्यूज पोर्टल के माध्यम से एनटीपीसी पकरी बरवाडीह के खनन परियोजना में महा घोटाले का न्यूज प्रकाशित किया जा रहा है। इस संदर्भ में एनटीपीसी पकरी बरवाडीह इन समाचारों का खंडन करते हुए यह बताना उचित समझती है कि जिस भूमि पर अवैध खनन करने की बात की जा रही है वह वन भूमि भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा दिनांक 17.09.2010 को एनटीपीसी को कोयला खनन कार्यों के लिये हस्तांतरित कर दिया गया है। अतः अवैध खनन की रिपोर्ट, सरासर बेबुनियाद तथा एवं तथ्यहीन है। एनटीपीसी को भारत सरकार के कोयला मंत्रालय द्वारा पकरी बरवाडीह कोल ब्लॉक आवंटित की गई है तथा एनटीपीसी कोयला खनन से संबंधित सभी वैधानिक अनुमति प्राप्त करने के तत्पश्चात ही वर्ष 2016 के दिसंबर माह में कोयला खनन का कार्य शुरू किया है। परियोजना में शामिल सभी रैयति एवम वन भूमि का हस्तांतरण भारत एवं झारखंड सरकार के सम्बंधित विभागो द्वारा एनटीपीसी को कोयला खनन कार्यों के लिये किया जा चुका है। अतः अवैध खनन का समाचार एनटीपीसी के छवि को खराब करने हेतु प्रकाशित किया जा रहा है। समाचार में वन विभाग के जिस रिपोर्ट का उल्लेख किया गया है वह रिपोर्ट फॉरेस्ट क्लीयरेंस की शर्त संख्या 8 के अनुपालन से संबंधित है न कि अवैध खनन से। इस संदर्भ में यह बताना उचित होगा कि पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना के लिए आवंटित ब्लॉक से होकर मुख्य रूप से तीन मौसमी नालाएं गुजरती है। पूर्व में पकवा नाला, पश्चिम में खोरा नाला एवं मध्य में दुमुहानी नाला खनन क्षेत्र के पूर्व में स्थित पकवा नाला और पश्चिम में स्थित खोरा नाला के लिए भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा निधारित सभी शर्तो को पूरा किया गया है। मध्य में स्थित दुमुहानी नाला खनन क्षेत्र के मध्य मे आता है तथा नियमानुसार ओपन कास्ट कोयला खनन परियोजना में आने वाले संरचनाओं को हटाया / रीलोकेट या डायवर्ट किया जाना अनिवार्य है। तथा इसके लिए एनटीपीसी ने सक्षम स्तर से अनुमति भी प्राप्त किया है। अतः प्राप्त अनुमति के अनुसार दुमुहानि नाले के रास्ते को परिवर्तित कर पकवा एवम खोरा नाला में समाविष्ट किया गया है। उक्त आशय की जानकारी एनटीपीसी के पीआरओ दिलीप ठाकुर ने दी।

## मांगों पर सकारात्मक पहल करे प्रबंधन, नहीं तो होगा आंदोलन : डॉ. आशीष


डॉ.आशीष कुमार की फाइल फोटो

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** कोल माईंस वर्कर्स यूनियन के बरका-सयाल क्षेत्रीय सचिव डॉ. आशीष कुमार ने सयाल डी में कार्यरत पीएसएमई कंस्ट्रक्शन आउटसोर्सिंग कंपनी में कार्यरत मजदूरों के वेतन भुगतान को ले बरका-सयाल महाप्रबंधक को पत्र सौंपा है। पत्र में यूनियन ने मजदूरों को कोल इंडिया हाई पावर कमेटी का वेतन भुगतान करने, मजदूरों से आठ घंटा काम लेने, 12 प्रतिशत पीएफ काटने, मेडिकल सुविधा देने, बैंक के माध्यम से मजदूरों को वेतन भुगतान करने, सालाना बोनस देने, मेडिकल कार्ड उपलब्ध कराने, मजदूरों को जूता-टोपी व गुड़ मुहैया कराने, आई कार्ड देने, एचआर की सुविधा देने, डस्ट एलाउंस देने, प्रदूषण पर रोक लगाने, नियमित रूप से सड़कों पर पानी का छिड़काव करने, पोड़ा गेट से लेकर सौंदा बस्ती रेलवे क्रॉसिंग तक जर्जर सड़क को बनाने आदि की मांग की है। पत्र में कहा है कि पीएसएमई कंपनी अविलंब इन मांगों को पूरा करने अन्यथा यूनियन आंदोलन को बाध्य होगी। पत्र की प्रतिलिपि सीएमडी, कोयला मंत्री भारत सरकार, सयाल पीओ, पीएसएमई प्रबंधन, श्रम मंत्रालय भारत सरकार, विधायक विनोद सिंह, एक्टू के महासचिव राजीव डिमरी, एसओपी बरका-सयाल को भी प्रेषित की गई है।

## झामुमो मांडू प्रखंड कमेटी की बैठक संपन्न

### सदस्यता अभियान सहित विभिन्न समिति गठन व कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर हुई चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** झामुमो मांडू प्रखंड कमेटी की बैठक शुक्रवार को शहीद निर्मल महतो स्मृति भवन नयामोड़ में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय सचिव राजकुमार महतो,पार्टी के वरिष्ठ नेता रामचंद्र वर्मा, मोहम्मद अलाउद्दीन,जिला प्रवक्ता संतोष कुमार, कैलाश मांझी मौजूद थे।

बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष नरेश हांसदा व संचालन प्रखंड सचिव सुरेश चंद्र पटेल ने की।बैठक में प्रखंड के सभी पंचायतों में पंचायत समिति गठन करने के लिए पंचायत प्रभारियों की नियुक्ति की गई। पार्टी का सदस्यता अभियान इस बैठक में प्रारंभ किया गया। पंचायत समिति पुनर्गठन के साथ-साथ बूथ समिति का गठन करने तथा मांडू प्रखंड के पंचायत समिति का कार्यकर्ता सम्मेलन करने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में मौजूद लोगों ने झारखंड की लोकप्रिय हेमंत सरकार द्वारा 1932 खतियान तथा ओबीसी को 27% आरक्षण दिए जाने के प्रस्ताव को राज्य सरकार से पास कराकर कैबिनेट में भेजे जाने पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा उनके मंत्रिमंडल के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।झारखंड सरकारकी जनोपयोगी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। बैठक में मोहम्मद अलाउद्दीन, रामनाथ महतो, मोहम्मद गुलाम नबी, मोहरलाल महतो, राजनाथ महतो, विजय राम, राजू रहमान, लखन रजवार, दीपक टूडू, मोहम्मद साबिर, हेमलाल सिंह, मंगू मांझी, बालगोविंद किस्कू ,राजदीप महतो, उमाशंकर गुप्ता राजा खान, सीता राम मांझी,भुनेश्वर महतो,मोहम्मद अकरम, बोधन मांझी, मोहम्मद आसिन, संजीव हेंब्रम, सहदेव उरांव सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।


सदस्यता अभियान प्रारंभ करते

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता के गुरू नानक स्कूल पहुंचने पर किया गया स्वागत

**रामगढ़।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शुक्रवार को श्री गुरू नानक पब्लिक स्कूल पहुंचे। स्कूल पहुंचने पर स्कूल मैनेजमेंट कमेटी के सदस्यों तथा गुरूद्वारा प्रधान ने स्वास्थ्य मंत्री का पुष्प गुच्छ व मामेंटों देकर स्वागत किया। वहीं, विद्यालय के बच्चों ने स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत स्वागत गान से किया। स्वास्थ्य मंत्री बच्चों के साथ कुछ देर रहे और उनके बीच अबाकस पुरस्कार का वितरण किया। मंत्री ने बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। स्कूल कमेटी के सदस्यों ने स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता द्वारा विद्यालय के लिए समय देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। इस अवसर पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रामगढ़ के अध्यक्ष सरदार परमदीप सिंह कालरा मित प्रधान सरदार अमरजीत सिंह सैनी, स्कूल अध्यक्ष सरदार हरपाल सिंह अरोड़ा, उपाध्यक्ष सरदार परमिंदर सिंह जस्सल, उपाध्यक्ष सह प्रबंधक सरदार मनमोहन सिंह लांबा, प्रधानाचार्य हरजाप सिंह, मीडिया प्रभारी सरदार करमजीत सिंह जग्गी उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं ने नुक्कड़ नाटक व रैली निकालकर किया जागरूक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत डीएवी तोपा में स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ शुक्रवार 16 दिसंबर को किया गया। इस कार्यक्रम के तहत स्कूल के छात्र छात्राओं की एक टोली द्वारा स्कूल से चलकर पूरे कॉलोनी क्षेत्र में रैली निकालकर व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसके पूर्व विद्यालय प्राचार्य एके प्रखर ने स्वच्छता पर प्रकाश डालते हुए अपने वक्तव्य में कहा कि स्वस्थ रहने का मूल मंत्र है स्वच्छता। हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ होगा, तभी हमारा मन व तन तंदुरुस्त रहेगा। हम सबों का प्रथम कर्तव्य है अपने पास पड़ोस की साफ सफाई रखना। जब हमारा घर, पास पड़ोस साफ सुथरा रहेगा, तभी प्रदेश व राष्ट्र को स्वच्छ रखने की कल्पना की जा सकती है। इसके लिए हर एक को अपना कदम आगे बढ़ाना होगा। स्वच्छ रखें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। नुक्कड़ नाटक व स्वच्छता रैली के दौरान सभी बच्चे अपने अपने हाथों में स्वच्छता से संबंधित नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे थे। रैली में शामिल सभी छात्र छात्राएं बारी बारी से हिंदी, मगही, भोजपुरी, बांग्ला, पंजाबी, मराठी, गुजराती आदि भाषा में लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रहे थे। कार्यक्रम में शिक्षक एके सुमन, अवध किशोर सिन्हा, सुदामा कुमार, शिक्षिका अर्चना कुमारी, सोनाली के अलावे छात्र-छात्राओं में आराध्या, अरमान खान आदि शामिल थे।


नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता की शपथ लेते छात्र-छात्राएं

## बच्चों व गर्भवती महिलाओं के टीकाकरण को ले चला जागरूकता अभियान

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रामगढ़ डीसी के निर्देश पर पिरामल संस्था द्वारा गर्भवती महिलाओं व बच्चों के टीकाकरण को ले शुक्रवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें टीवी संबंधित रोग को ले विशेष जानकारी दी गई। संस्था के अजय नारायण दुबे व मुखिया अजय पासवान ने कहा कि समय के अनुसार गर्भवती महिला व बच्चे का टीकाकरण जरूरी है। क्षेत्र के आंगनबाड़ी की सेविका सहायिका व सहिया दीदी स्वास्थ्य पोषण को ले लोगों को जागरूक करें।

## विहिप व बजरंग दल ने मनाया शौर्य दिवस, निकाला जुलूस

खबर मन्त्र संवाददाता

**चरही।** शुक्रवार को विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के द्वारा शौर्य दिवस मनाया गया। जिसमें भव्य तरीके से गाजे-बाजे के साथ चरही-घाटो रोड से मोटरसाइकिल जुलूस निकालते हुए चरही, परेज, पिंडरा, 42 नंबर, 38 कॉलोनी, तापिन बस्ती, 23 नंबर, कजरी, तापिन साउथ और बहेरा सहित कई क्षेत्रों में भ्रमण किया गया। जुलूस के दौरान सड़को पर मोटरसाइकिल तथा चारों ओर भगवा झंडा लहरा रहे थे। साथ ही भारत माता की जयकारे से क्षेत्र गूंजते रहे। मुख्य रूप से हजारीबाग जिला विहिप मंत्री प्रदीप कुमार सोनी,जिला प्रमुख गौतम कुमार सोनी, जिला कोषाध्यक्ष नागेन्द्र कुमार, प्रखंड मंत्री सतीश कुमार साहू, प्रखंड अध्यक्ष बिनोद ठाकुर, गौरक्षा प्रमुख शिवानंद तिवारी, बजरंगदल संयोजक रोहित रवानी, चरही प.स. आशा रॉय, कुसुम देवी, पंचायत संयोजक गौतम सिंह, राहुल सिंह, सूरज चौहान, अनिल कुमार साव, आनंद चौहान, विकास सिंह राठौड़, बासुदेव महतो, हलधर गंझू, दीपू यादव, मुकेश वर्मा, सहित सैकड़ों विहिप और बजरंग दल के कार्यकर्त्ता शामिल थे।


विहिप और बजरंगदल के द्वारा चरही तथा अन्य शौर्य दिवस निकाला जुलूस

## हमारे देश की सेना का शौर्य एवं पराक्रम अद्भुत: प्राचार्य


कार्यक्रम में मौजूद

खबर मन्त्र संवाददाता

**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में शुक्रवार को विजय दिवस के शुभ अवसर पर 1971 के युद्ध में भारतीय वीर सैनिकों के शौर्य एवं पराक्रम को याद किया गया। इस अवसर पर शिशु-बाल एवं किशोर भारती द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य उमेश प्रसाद ने बच्चों को पाकिस्तान के साथ 1971 के युद्ध में वीर सैनिकों की गौरवगाथा सुनाते हुए कहा कि हमारे देश की सेना का शौर्य एवं पराक्रम अदभुत है।

कार्यक्रम में बच्चों को कई शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा 1971 के युद्ध के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करते हुए बच्चों को भारतीय सैनिकों की वीरता एवं पराक्रम को सुनाया गया। इस युद्ध में नब्बे हजार से अधिक पाकिस्तानी सैनिकों ने भारतीय सैनिकों के समक्ष घुटने टेक दिए थे। इस शुभ विजय दिवस पर विद्यालय में भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने जोशपूर्ण देशभक्ति गीतों, राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत कविताओं से सबमें राष्ट्रीय भावना को उद्वेलित किया।

कार्यक्रम में आचार्या शुक्ला चौधरी, गायत्री कुमारी, दुर्गा प्रसाद महतो, अमरदीप, अनिल कुमार सिंह, सुमन कुमारी, ममता कुमारी, पूनम सिंह, शशिकांत, इंद्रजीत सिंह, मिथिलेश कुमार खन्ना, रेखा कुमारी आदि उपस्थित थे।

बच्चों में मानशी पंडा, वर्षा कुमारी, उत्कर्ष झा, नीरज पटेल, रागिनी कुमारी, नूतन उपाध्याय, आराध्या शाहदेव, रानी कुमारी, माही, काजल, सोनम, यशवी की प्रमुख भागीदारी रही।

## पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उप चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं: अमृतलाल मुंडा

**रजरप्पा।** आजसू प्रधान कार्यालय चितरपुर में प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर नायक की अध्यक्षता में एवं वरिष्ठ नेता अमृतलाल मुंडा की उपस्थिति में प्रखंड कमेटी की एक बैठक हुई। जिसमें रामगढ़ विधानसभा में होने वाले उपचुनाव को लेकर विचार विमर्श किया गया. साथ ही पार्टी की ओर से भावी उम्मीदवार सुनीता चौधरी को कैसे भारी से भारी मतों से विजयी बनाना है उसको लेकर आपस में मंथन किया गया। और उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने बारी बारी से अपनी अपनी बातों को रखा. मौके पर अमृतलाल मुंडा ने सभी को आश्वस्त किया की जिस तरह का विचार आया है सभी बिंदुओं पर गौर करते हुए आगे का रणनीति तय किया जाएगा और सभी कार्यकताओं को पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जाएगा। पार्टी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उप चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। मौके पर आजसू प्रखंड सचिव दशरथ कुमार, प्रखंड कार्यकारी अध्यक्ष भानु प्रकाश महतो, अजजा जिला सचिव अशोक राम बेदिया, जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश चौधरी, सतीश महतो, जनक साव, सतीश कुमार, प्रयाग माँझी, मलेश्वर नायक, विशेश्वर महतो, राजेश कुमार, ईश्वरी प्रसाद, महेंद्र मुर्मू सहित कई कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## कोयला मजदूरों की समस्यायों व क्षेत्रीय कमेटी पुनर्गठन को लेकर बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता

**कुजू।** झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन, कुजू क्षेत्र की बैठक शुक्रवार को नयामोड़,कुजू स्थित यूनियन कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संगठनात्मक को और अधिक सुदृढ़ करने, कोयला मजदूरों की समस्याओं सहित सदस्यता बढ़ाने पर चर्चा की गई। यूनियन के क्षेत्र कमेटी के पुनर्गठन के लिए बैठक में मौजूद सभी लोगों ने एक स्वर से यूनियन के क्षेत्रीय अध्यक्ष बोधन मांझी व सचिव रामचंद्र वर्मा को अधिकृत किया। बैठक में मोहम्मद अल्लाउद्दीन, रामकुमार सिंह, हुलास मांझी, रामनाथ महतो, सुरेश मांझी, मो.यासीन, पूरन मांझी, बहाराम मांझी, बबलू मांझी, बृजलाल मांझी, शाकिर अंसारी, सहदेव राम, चरका मांझी, राजनाथ महतो, कैलाश मांझी, सीताराम मांझी आदि शामिल हुए।

## कॉल्पो स्कोप और कर्यो थेरेपी मशीन का उद्घाटन

### सदर अस्पताल में ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन शिविर का आयोजन


उद्घाटन करते

खबर मन्त्र संवाददाता

**रामगढ़।** वीमेन डॉक्टर्स विंग आईएमए झारखंड व स्वास्थ्य विभाग झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वाधान में शुक्रवार को सदर अस्पताल रामगढ़ में ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उदघाटन राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने दीप प्रज्जवलित कर किया। ब्रेस्ट एवं सर्वाइकल कैंसर की अत्याधुनिक जांच पद्धति कॉल्पो स्कोप एवं कर्यो थेरेपी मशीन का स्वास्थ्य मंत्री ने फीता काटकर उदघाटन किया। मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर मे फोर्टिस मेमोरियल रीसर्च इंस्टीच्यूट की प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रश्मि बोरा व उनकी टीम द्वारा शिविर सैकडों महिला मरीजों की जांच की गई । साथ ही झारखण्ड की 50 सरकारी स्त्री रोग विशेषज्ञों को स्तन एवं सर्वाइकल प्री-कैंसर की अत्याधुनिक मशीनों से जांच और उपचार का प्रशिक्षण भी प्रदान कराया गया। इस क्रम में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा की राज्य सरकार सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर उन्मूलन के लिए गंभीर है। वूमेन डॉक्टर्स विंग ने सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन की रोड मैप को बनाने में काफी साथ दिया है । अब ब्रेस्ट कैंसर उन्मूलन के लिए भी काम शुरू किया गया है। कहा केंद्र के सहयोग से इसके रोकथाम के लिए टीकाकारण पर जोर दिया जाएगा।

वीमेन डॉक्टर्स विंग, आईएमए तथा स्वास्थ्य विभाग, झारखण्ड द्वारा सर्वाइकल कैंसर की स्क्रीनिंग हेतु वित्तीय वर्ष 2021-2022 में अप्रैल 2021 से मार्च 2022 तक के लिए 2,70,678 (दो लाख सत्तर हजार छः सौ अठहत्तर) का लक्ष्य निर्धारित किया था। निर्धारित लक्ष्य में से कुल 1,26,976 (एक लाख छब्बीस हजार नौ सौ छेहत्तर) लक्ष्य की प्राप्ति हुई। कार्यक्रम से पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता के आगमन पर जिला प्रशासन की ओर से उनका उत्साह के साथ स्वागत किया गया।

## एक नजर में

### मुखिया ने कजरी उप स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

**चरही।** चूरचू प्रखंड के बहेरा पंचायत के मुखिया देवकी महतो ने शुक्रवार को कजरी में स्थापित उप स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया।श्री महतो ने कहा कि उप स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति काफी दयनीय है।केंद्र में पानी पीने की सही व्यवस्था नही है।साथ ही गर्भवती महिला के लिये प्रसव की भी कोई व्यवस्था नहीं है।केंद्र में महिला प्रसव के लिए अलग से कोई कमरा का निर्माण नहीं कराया गया है।जिस कारण क्षेत्र के ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पडता है।इन सभी कमियों को देखते हुए मुखिया ने केंद्र में कार्यरत ऐसीयोन जोजो और रेखा देवी से मिलकर अन्य समस्याओं से अवगत हुए।उन्होंने कहा कि मुखिया मद से एक पैड मशीन और पानी पीने के लिए आरो मशीन की सुविधाएं जल्द ही उपलब्ध कराने की बात कही।साथ ही सालों से खराब पड़े पानी टंकी का भी मरम्मत करवाया जाएगा।

### किसानों के बीच लोन का वितरण

**टाटीझरिया।** टाटीझरिया प्रखंड के भारतीय स्टेट बैंक झरपो शाखा द्वारा खैरा,अमनारी,जरगा,झरपो ,बेडमकका और ,पुनाई,के 16 किसानों के बीच 9 लाख 72 हजार रुपये ऋण लाभुक किसानों को वितरण किया गया जिसमें मुख्य रूप , शाखा प्रबंधक विवेक कुमार ने कहा कि किसान अपना जिविकोपार्जन का काम प्रधानमंत्री मुद्रा डेयरी लोन लेकर कर सकता है । बैंकों में अपना लेन देन सही रखें पुनः आपको इसका लाभ मिलेगा। आप लोगों को जो ऋण दिया जा रहा है उससे गाय खरीदे और साथ मे गाय का लगभग 6 हजार रुपया लगेगा बीमा भी करवा लेंगे जो बाद में आपके लिए फायदा होगा ।लोन की राशि का उपयोग सही तरीके से करे लाभुक किसानों में रेखा देवी ,रंजीत कुमार,प्रकाश यादव, शंकर कुमार जगतपाल राणा, सिमा देवी, छोटन कुमार,शंकर कुमार, मनोरम देवी, गायत्री देवी, प्रियंका कुमारी, मनोज कुमार, रेखा देवी, मनोज कुमार, कपिलदेव प्रसाद, पूजा देवी, कौशल्या देवी समेत अन्य उपस्थित थे ।

### दहेज मुक्त शादी करने का निर्णय लिया

**बरकट्ठा।** एक तरफ कहीं न कहीं दहेज के लिए लड़कियों को हत्या जैसी खबर सुनने को मिलती है। वहीं दूसरे ओर समाज में ऐसे कई लोग है जो लड़कियों के लिए वरदान साबित होते है। आज हम बात कर रहे है ।बरकट्ठा प्रखंड के ग्राम पंचायत कपका की शुक्रवार को देवशंकर पंडित पिता वेदों कुम्हार व लड़की काजल कुमारी पिता स्व भोला कुम्हार अटका बिहारो निवासी की । जो आज साथ सात फेरे लिए। जो समाज में इसकी चर्चा खूब हो रही है। दोनो ने दहेज मुक्त शादी करने का निर्णय लिया । शुक्रवार को कपका में शादी की रस्में पूरी की गई। पंचायत समिति सदस्य डालेश्वर पंडित,महावीर पंडित,मनोज पंडित,नागेश्वर पंडित,बसंत पंडित, टेको पंडित, संतोष पंडित,हीरालाल पंडित, रामलाल पंडित, रूपलाल पंडित, सुरेंद्र पंडित, अशोक सिंह के अलावे कुम्हार जाति के लोगो उपस्थित थे।

### फर्नीचर शोरूम संचालक को किया जख्मी

**कटकमसांडी।** फर्नीचर शोरूम संचालक रोमी निवासी रईस खान को नशेड़ियों ने भूजाली व लोहे का रॉड से मारकर बूरी तरह से जख्मी कर दिया। फिलहाल रईस खान को शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज हजारीबाग में भर्ती कराया गया है। मामला पेलावल ओपी क्षेत्र के रोमी की है। जानकारी के मुताबिक घटना का अंजाम नशेड़ियों द्वारा दी गई। जख्मी का बयान सदर पुलिस द्वारा ली गई है। बता दें कि रईस खान एक सामाजिक व्यक्ति है। वह गरीबों के बेटियों की शादी में फर्नीचर व आर्थिक सहयोग देने मे कभी पीछे नही रहे हैं। उनके मकान के पीछे नशेड़ियों का अड्डा है, जिसका विरोध अक्सर रईस खान द्वारा किया जाता था।

### निःशुल्क मोतियाबिंद जांच शिविर 20 को

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** गरीब समाजसेवी संघ के तत्वावधान में डिवाइन ओंकार आई हॉस्पीटल के सौजन्य से 20 दिसंबर को भुरकुंडा पंचायत भवन में निःशुल्क मोतियाबिंद जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर लगाया जायेगा। उक्त जानकारी देते हुए संघ के लोगों ने बताया कि उक्त शिविर में रजिस्ट्रेशन के लिए आधार कार्ड या वोटर कार्ड लेकर आना होगा। जांच के उपरांत मोतियाबिंद पाये गये मरीजों का निःशुल्क ऑपरेश डिवाइन ओंकर मिशन रामगढ़ में कराया जायेगा। सभी प्रक्रिया निःशुल्क होगी।

### डीलर द्वारा कम अनाज दिए जाने का आरोप लगाया

**इचाक।** अलौंजा खुर्द गांव के कार्ड धारियों ने बीडीओ को आवेदन देकर जन वितरण डीलर द्वारा कम अनाज दिए जाने का आरोप लगाया है। वहीं प्रतिलिपि मे जिला खाद्ध आपूर्ति को आवेदन में कार्ड धारियों ने कहा है कि डीलर अर्जुन प्रसाद मेहता राशन लेने के लिए दुकान पर पहुंचने वाले महिला पुरुष कार्ड धारियों के साथ अभद्र व्यवहार एवं बदसलूकी करते हैं। इसके साथ ही वजन की मात्रा से कम अनाज देते हैं पूरी अनाज मांगने पर वह साफ तौर पर धमकाते हुए कह देते हैं, कि जिस बाप के पास जाना है चले जाओ हमारा कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता है। कार्ड धारियों ने बीडीओ से आग्रह किया है कि अर्जुन प्रसाद मेहता बरसों से डीलरशिप करते आ रहा है वह दबंग आदमी है ,शरारती तत्वों से उसका संबंध है जिसके कारण कार्ड धारियों को हमेशा धमकाते रहता है और कार्ड कैंसिल कर देने की धमकी भी बार-बार देता है। कार्ड धारियों ने मामले की उच्चस्तरीय जांच करा कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है, इधर ग्रामीणों ने कहा है कि पूरी राशन मांगने वाले कार्ड धारियों को डीलर द्वारा चावल और गेहूं फेटकर एक साथ दिया जाता है लेने में आनाकानी करने पर दुकान से धकेल कर बाहर कर दिया जाता है। जिससे पूरे गांव के कार्ड धारी डीलर के व्यवहार से आहत हैं ,ग्रामीणों ने कहा है कि यदि डीलर पर करवाई नही किया गया तो गांव के सभी कार्डधारी कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ जाऐगें।

## खेल में भी कैरियर बनाने का अवसर देता है सीसीएल प्रबंधन : शशि महतो


शशि मोहन महतो को पुरस्कृत करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददाता

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीसीएल के बीके एरिया में आयोजित अंतर क्षेत्रीय कैरम एकल प्रतियोगिता में सौंदा डी निवासी सह मगध संघमित्रा में कार्यरत सीसीएलकर्मी शशि मोहन महतो ने उत्ष्ट प्रदर्शन कर चैम्पियन बने हैं। इस प्रतियोगिता में एरिया अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं के दर्जनों कैरम खिलाड़ियों ने भाग ली थी। शशि मोहन महतो की शानदार सफलता पर संघमित्रा क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। प्रतियोगिता के बाद मगध परियोजना के पीओ नृपेंद्र नाथ ने उन्हें ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया। साथ ही उम्मीद जताई कि शशि मोहन महतो सीसीएल स्तरीय कैरम प्रतियोगिता में भाग लेकर बेहतर प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने शशि मोहन महतो को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की भी कामना की।

शशि की सफलता पर महाप्रबंधक केके सिन्हा, खनन प्रबंधक मो अकरम, कार्मिक प्रबंधक अभिषेक आनंद, डिस्पैच अफिसर दयाशंकर ओझा सहित सहकर्मियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। मौके पर कैरम चैम्पियन शशि मोहन महतो ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन अपने कर्मियों का सर्वांगीण विकास करता है।

## स्पीड न्यूज

### कैरो सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में धूमधाम से मना विजय दिवस



**कैरो।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शुक्रवार को मनाया गया विजय दिवस । सर्वप्रथम विद्यालय परिवार के द्वारा 1971 के भारत - पकिस्तान मे बलिदान हुए सैनिको के चित्र पर पुष्प अर्पित कर,दीप प्रज्वलित करते हुए उन्हे नमन किया । विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद कुमार ने कहा कि 16 दिसंबर 1971 को भारत पाक युद्ध मे भारतीय सैनिकों के पराक्रम और युद्ध में साहस को देखते हुए 93000 हजार पाक सैनिकों ने भारत के आगे घुटने टेकते हुए आत्मसमर्पण कर दिया था । भारतीय सैनिकों की शौर्य और बीरता को युगों युगों तक याद करता रहेगा देश। विद्यालय के आचार्य देवा उराँव ने गुमला जिला के बीर सपूत बलमदीना एक्का के पुत्र परमवीर अल्बर्ट एक्का की जीवनी विद्यालय के भैया बहनों की बीच सुनायी उन्हौंने कहा कि महान योद्धा अल्बर्ट एक्का ने मातृभूमि की रक्षा हेतु पाक सैनिकों को दांत खट्टे कर दिये थे । मौके पर विद्यालय में उक्त विजय दिवस पर उपरोक्त लोगों के अलावा आचार्य गणेश कुमार,विनोद गोप,रामधारी साहू,विमलेश कुमार राम,रुपा कुमारी,पुजा कुमारी,शांति नाग,रीता यादव,प्रभा कुमारी,देवंती कुमारी के अलावा विद्यालय के भैया वहन विजय दिवस मे उपस्थित थे ।

### चट्टी व उदरंगी में खुला धान क्रय केंद्र



**भंडरा ।** बड़ागाई पंचायत स्थित चट्टी व उदरंगी पंचायत के उदरंगी मे धान क्रय केंद्र का उद्घाटन मुखिया कइली उरांव समाजसेवी रामजी प्रसाद व केदार प्रसाद,भदर उरांव,मधुसूदन उरांव,पूना उरांव ने संयुक्त रूप से किया। लैम्पस अध्यक्ष पूना उरांव व मधुसूदन उरांव ने बताया कि धान खरीदी कार्य क्रय केंद्र में मार्च तक की जाएगी। धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 1868 रुपए प्रति क्विटल तथा बोनस दर 182 रुपए क्विटल है.। धान खरीदने के मानक के संबंध में उन्होंने बताया कि धान निबंधित किसान से ही खरीदा जाएगा। एसएमएस प्राप्ति के बाद टोकन निर्गत के उपरांत केंद्र पर धान खरीदा जाएगा। निबंधित किसान का आधार कार्ड, जमीन लगान रसीद, बैंक खाता प्रतिलिपि तथा मोबाइल नंबर होना आवश्यक है.। किसानों के राशि का भुगतान आरटीजीएस /एनईएफटी /पीएफएमएस के माध्यम से उनके बैंक खाता में किया जाएगा। मुखिया कइली उरांव ने उपस्थित किसानों से अनुरोध करते हुए कहा कि किसान अपने धान को सरकारी क्रय केंद्र में ही बेचें। इस मौके पर पैक्स अध्यक्ष मधुसूदन उरांव,पूना उरांव, मुकेश तिवारी,संजय उरांव,सोमरा उरांव,दीपक उरांव समेत कई किसान उपस्थित थे।

### एसडीपीओ ने थाना का किया निरीक्षण



**लोहरदगा।** एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह शुक्रवार को पेशरार थाना पहुंचे। उन्होंने थाना का निरीक्षण किया। थाना प्रभारी मोहम्मद अख्तर अली को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए लंबित मामलों का निपटारा जल्द करने का निर्देश दिया। साथ ही क्षेत्र में आम लोगो की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ दूर करने की बात कही।

### भूतपूर्व सैनिकों का किया स्वागत



**लोहरदगा।** भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में विजय दिवस मनाया गया। भूतपूर्व सैनिक के द्वारा शहरी क्षेत्र के विभिन्न चौक चौराहों में स्थापित महापुरुषों के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। नगर भ्रमण के दौरान भूतपूर्व सैनिकों का जय श्री राम समिति के द्वारा भव्य स्वागत करते हुए पुष्पवर्षा की गई ज्ञात हो कि 16 दिसंबर को 1971 में भारतीय सैनिकों के द्वारा पाकिस्तान पर चढ़ाई कर विजय प्राप्त की थी उस दिन का याद कर आज भी पाकिस्तान सहमा रहता है ऐसे वीर सैनिकों का समिति आभार व्यक्त करती है मौके पर जिला संरक्षक अजय सोनी,अनूप गुप्ता,जिला कार्यकारी अध्यक्ष ओम महतो, दयाशंकर सिंह,हेमंत वर्मा,जिला उपाध्यक्ष अनिल उरांव,सुनील अग्रवाल,विनोद प्रसाद आदि लोग मौजूद थे।

### विद्या मंदिर में मना विजय दिवस



**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के वीर बुधु भगत सभागार में विजय दिवस का कार्यक्रम उत्साह पूर्ण वातावरण में आयोजित किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत सेनानायक बलिया उरांव एवं विश्वेश्वर भगत को विद्यालय में आमंत्रित करके उन्हें सम्मानित किया गया। विद्यालय के आचार्य प्रमेंद्र सिंह ने अतिथि परिचय कराया । इतिहास विषय के वरिष्ठ आचार्य गौरव पांडे ने विजय दिवस की पृष्ठभूमि एवं वर्तमान परिप्रेक्ष्य में इसकी प्रासंगिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि 16 दिसंबर 1971 में हुए भारत- पाकिस्तान के युद्ध में भारतीय सैनिकों ने लगभग 93000 पाकिस्तानी सैनिकों को आत्मसमर्पण करने पर मजबूर कर दिया था । भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम को अविस्मरणीय बनाए रखने के लिए हर वर्ष विजय दिवस मनाया जाता है। बलिया उरांव ने कहा कि मैं सेन्हा के पास कल्हेपाट का रहने वाला हूं। बहुत गरीबी में पला बढ़ा। अधिक पढ़ा लिखा तो नहीं परंतु देश सेवा की भावना से मैं सेना में गया और सेनानायक के पद से सेवानिवृत्त हुआ। मेरा मानना है कि यदि मन में जज्बा और जुनून हो तो किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। विश्वेश्वर भगत ने भी अनुभव साझा करते हुए कहा कि भारतीय सैनिक बहुत कठिन परिस्थिति में रहते हुए देश सेवा में अपना जीवन लगा देते हैं । उन्हीं के बल पर हम आज सुरक्षित एवं शांत रहकर जीवन यापन कर पा रहे हैं। हमें उनके योगदान को कभी भूलना नहीं चाहिए।

# गुमला के उपायुक्त ने जनता की सुनी समस्या

**कामेश्वर साहु को घर बनाने के लिए जमीन देने का दिया निर्देश**

खबर मन्त्र संवाददाता



गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव ने कार्यालय में आम नागरिको के समस्याओं को सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। सिसई प्रखंड के कामेश्वर साहु, ड़ारहा निवासी द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया कि पलमा-गुमला चौड़ीकरण में जमीन एवं घर का मुआवजा भुगतान नहीं किया गया है। इस पर उपायुक्त ने जिला भू-अर्जन को आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया गया। गुमला प्रखंड की गंदुर लोहरा, सिलाफारी निवासी द्वारा आवेदन समर्पित कर उनके भूमिहीनता की बात कही। उन्होंने बताया कि गांव के एक व्यक्ति द्वारा उनके घर बनाने के लिए जमीन दिया गया था। लेकिन रोड चौड़ीकरण होने के कारण जमीन रोड पर चला गया। उपायुक्त से घर बनाने के लिए भूमि उपलब्ध कराने को कहा गया। इस पर उपायुक्त ने अंचल अधिकारी गुमला को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। गुमला प्रखंड के शंकर बड़ाईक, अघनू बड़ाईक, सुखन बड़ाईक और राजेन्द्र बड़ाईक उर्मी निवासी द्वारा आवेदन समर्पित कर बताया कि उनके जमीन पर कुछ लोगों के द्वारा कब्जा कर लिया गया है। उपायुक्त ने आवेदन पत्र को अनुमण्डल पदाधिकारी गुमला को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने हेतु निर्देश दिया। साथ ही जमीन विवाद, मानदेय भुगतान, नौकरी सहित अन्यान्य समस्याओं से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए। जिसपर उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया।

**कल्याण विभाग की समीक्षा की**

गुमला। उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शुक्रवार को कल्याण विभाग अंतर्गत चलने वाले योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में मुख्य रूप से प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप , रोजगार सृजन योजना एवं पशुपालन योजना के संबंध में चर्चा करते हुए उपायुक्त ने आवश्यक दिशा निर्देश दिया। सभी योजनाओं की वर्तमान स्थिति को देखते हुए गैप असेसमेंट करते हुए जल्द से जल्द टारगेट को पूर्ण करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने प्री मैट्रिक स्कॉलरशिप अंतर्गत शिक्षा स्थापना की बैठक में चयनित बच्चों की सूची को पारित करते हुए सभी बच्चों के लिए स्कॉलरशिप की राशि उपलब्ध कराने एवं सभी का रजिस्ट्रेशन 22 दिसंबर तक पूर्ण करना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। रोजगार सृजन योजना के तहत उपायुक्त ने रोजगार मेला में कैंप लगाने का निर्देश दिया।

# परमवीर चक्र विजेता अलबर्ट एक्का को दी गयी श्रद्धांजलि

**विजय दिवस**

- योग परिवार के सदस्यों ने 1965 और 1971 के युद्ध में शामिल जयपाल को किया सम्मानित
- 13 दिन व 13 रात में भारत ने पाक से जीता था युद्धः जयपाल नायक

खबर मन्त्र संवाददाता



अलबर्ट एक्का की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते योग परिवार के सदस्य।

गुमला। 1971 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए जिले के लाल परमवीर चक्र विजेता अलबर्ट एक्का को विजय दिवस के अवसर पर योग परिवार गुमला के सदस्यों ने शुक्रवार को स्टेडियम परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। पूरे बिहार और झारखंड के एकमात्र शहीद सूरमा थे जिन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया था। वहीं 1965 व 1971 के भारत पाक युद्ध में शामिल गुमला के अरमई तिर्रा टोली निवासी जयपाल नायक को योग परिवार गुमला के सदस्यों ने विजय दिवस पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। जयपाल नायक ने बताया कि वे 1964 में परमवीर चक्र विजेता अलबर्ट एक्का के साथ सेना में बहाल हुए थे। जिसमें अलबर्ट एक्का गार्ड रेजिमेंट में और वे बिहार रेजिमेंट में शामिल किये गये थे। वे वर्ष 1993 में लेफटीनेंट के पद से सेवानिवृत हुए। जयपाल नायक ने बताया कि दानापुर में जब वे प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे थे तब 15 दिन की प्रशिक्षण अवधि बची हुई थी। उसी समय 1965 में भारत पाक युद्ध आरंभ हो गया। जिसमें उनके बटालियन को युद्ध में भेजा गया। वे श्रीनगर होते हुए कटरा, उद्यमपुर से उर्री पैदल पहुंचे थे। जयपाल नायक ने बताया कि 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारतीय सेना ने 13 दिन व 13 रात में विजय पताका लहरा दिया था और पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिये थे। भारत पाक युद्ध के दौरान उनका रेजिमेंट पैदल ही चल रहा था। इस दौरान सेना के प्रति देशवासियों का जोश पूरे चरम पर था। हम जहां जाते थे वहीं हमें भोजन गांव वाले देते थे। जयपाल नायक ने बताया कि पूरे सर्विस काल में उन्हें 11 मेडल मिला। लेकिन गुमला जिला प्रशासन के द्वारा कभी भी 15 अगस्त या 26 जनवरी को हमें सम्मानित नहीं किया गया। वहीं योग परिवार के सदस्य युद्ध में शहीद होने वाले, अपने अंग खोने वाले और लापता जवानों के लिए पुष्प अर्पित कर एक मिनट का मौन रखा। मौके पर अध्यक्ष अशोक कुमार जायसवाल, संस्था के सचिव संजय कुमार, शिवकुमार लाल, योगेंद्र साहू, विशाल कुमार, कृष्णा सोनी, रतन कुमार, संजय सिंह, ब्रजमोहन सिंह, दामोदर कसेरा, शशिकिरण जायसवाल, रविंद्र कौर, पूनम सिंह, कुमुद कुमारी, पल्लवी कुमारी, आशा श्री, पम्मी सिंह, लालबाबू सिंह, निरंजन कुमार, अजय साहू, अशोक, रवि, सुनील गुप्ता, अशोक अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद, विनय गुप्ता, कपूर्री ठाकुर आदि उपस्थित थे।



नायक को सम्मानित करते लोग।

### रौनियार समाज का निष्पक्ष हो चुनाव : भगवान दास



**गुमला।** रौनियार वैश्य समाज के सक्रिय सदस्य भगवान दास गुप्ता ने कहा है कि रौनियार वैश्य समाज का चुनाव लंबे समय से नहीं हुआ है। जिसे समाज के हितों पर प्रभाव पड़ रहा है। वर्ष 2015 से समाज में रबर स्टांप की तरह अनाधिकृत रूप से अध्यक्ष, सचिव व कोषाध्यक्ष का चयन किया जा रहा है। जिन सदस्यों का इन पदों पर चयन हो रहा है वे समाज हित नहीं केवल अपना हित ही अब तक साधे हैं। जिसके कारण रौनियार समाज के वंचित, गरीब व पिछड़े लोगों को किसी तरह की सुविधा समाज के द्वारा नहीं मिल पाता है। कुछ लोग मिलकर रौनियार समाज को अपने घर की जागीर की तरह चला रहे हैं। जबकि पदधारी लोग अपनी दुकानदारी व ठेकेदारी में जुटे हुए हैं। रौनियार समाज का आय का स्त्रोत वहां के धर्मशाला व दुकानें हैं। श्री गुप्ता ने कहा कि समाज के गरीब परिवार पर कभी विपती आती है तो समाज के पदाधिकारी अपना मुंह मोड़ लेते हैं जो दर्शाता है कि पदाधिकारियों का समाज के प्रति क्या रवैया है। श्री गुप्ता ने समाज के उत्थान के लिए चुनाव सही ढंग से कराने व समाज के सभी सदस्यों की भागीदारी चुनाव में कराने की मांग की गई है।

# झारखंड- छत्तीसगढ़ बार्डर पर पुलिस-पब्लिक मीटिंग

**डुमरी थानेदार ने ग्रामीणों को मानव तस्करी, नशापान, साइबर अपराध, डायन बिसाही और मॉब लिंचिंग की दी जानकारी**

खबर मन्त्र संवाददाता

**डुमरी।** झारखंड- छत्तीसगढ़ सीमा के बार्डर पर स्थित डुमरी प्रखंड से लगभग 12 किलोमीटर दूर घनघोर पहाड़ी के ऊपर अवस्थित अति दुर्गम क्षेत्र मिरचाईपाठ ग्राम में जोहार कोप सामुदायिक आउटरीच कार्यक्रम के तहत पुलिस पब्लिक सभा का आयोजन शुक्रवार को डुमरी थाना के द्वारा किया गया। जिसका नेतृत्व करते हुए थाना प्रभारी मनीष कुमार ने उपस्थित ग्रामीणों के समक्ष मानव तस्करी, नशापान, साइबर अपराध, डायन बिसाही कुप्रथा, मॉब लिंचिंग सहित सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही कहा की किसी भी तरह की सहायता हेतु पुलिस प्रशासन से सीधे बात कर अपनी समस्या रख सकते हैं। पुलिस प्रशासन आपकी सेवा हेतु सदैव तत्पर है। वहीं गांव के प्रत्येक बच्चों को शिक्षा से जोड़ने एवं अभिभावकों को नशापान से दूर रहकर रोजगार से जुड़ने की अपील की। वहीं ग्रामीणों ने भी सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा व्यवस्था व स्वास्थ्य सुविधा हेतु थाना प्रभारी से मांगें रखीं। इसपर थाना प्रभारी ने वरीय पदाधिकारियों एवं संबंधित विभाग से बातचीत कर समस्या के समाधान में सहयोग करने की बातें कहीं। मौके पर एस आई निर्मल कुमार सहित भारी संख्या में ग्रामीण एवं पुलिस के जवान उपस्थित थे।



### वीएचपी के खिलाफ दर्ज केस झूठाः सतीश पांडेय

**लोहरदगा।** गीता जयंती शौर्य संचलन के अवसर पर निकली शोभायात्रा में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पोस्टर फाड़ने को लेकर विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष और बजरंग दल के संयोजक सहित जुलूस में शामिल अज्ञात लोगो पर प्रशासन द्वारा मामला दर्ज कराने पर जिला वीएचपी में रोष देखा जा रहा है। जिसे लेकर वीएचपी द्वारा शुक्रवार को प्रेस वार्ता के जरिए प्रशासन से पूरे मामले की सही से जांच कराने की मांग की गई है।मौके पर वीएचपी द्वारा कहा गया की एफआईआर में विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता , बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार एवं अन्य अज्ञात के खिलाफ एफ आई आर दर्ज किया गया है, एफ आई आर के अनुसार दर्ज है कि, जुलूस 11: 40 मिनट बजे न्यू रोड अलका सिनेमा शिवाजी चौक के पास से बरवाटोली होकर ललित नारायण स्टेडियम के लिए गुजरी, तभी पोस्टर को फाड़ा गया। जबकि हमारी जुलूस 12:10 में ललित नारायण स्टेडियम से निकली और वापस 2:10 में ललित नारायण स्टेडियम पहुंची।

# सभी वृद्धों को 25 दिसंबर तक पेंशन दें : उपायुक्त

**सभी छात्रों को मिले सावित्री बाई फुले किशोरी योजना का लाभ**

खबर मन्त्र संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को जूम मीटिंग पदाधिकारियों के साथ हुई। बैठक में 13 दिसंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री को जिला की ओर से दिये गये आश्वासन से संबंधित बिंदुओं पर आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये। सर्वजन पेंशन योजना के बिंदु पर सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि 60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के लाभुकों का मतदान केंद्रवार मतदाता सूची से मिलान करते हुए यह सुनिश्चित किया जाना है कि वैसे लाभुक जो पेंशन प्राप्त करने के इच्छुक हैं। उन्हें पेंशन योजना से 25 दिसंबर के पूर्व लाभान्वित कर दिया जाय। साथ ही, प्रखण्ड स्तर पर आयोजित किये जानेवाले विभिन्न शिविरों के क्रम में डोर-टू-डोर सर्वे करते हुए दिव्यांग पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन के लाभुकों की सूची भी तैयार कर ली जाय। मुख्यमंत्री पशुधन योजना में जिला पशुपालन पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अगले पांच दिनों के अंदर बैंकों में स्क्रॉल अकाउंट खोलने की कार्रवाई पूरी करें। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में सभी बीडीओ को अपने-अपने प्रखंड में स्थित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों से उनके विद्यालय में कोई छात्रा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से छूटे नहीं हैं का प्रमाण प्राप्त कर लें। संबंधित प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों को भी जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को इस प्रकार का प्रमाण देने का निर्देश दिया गया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को सात दिनों के अंदर इसका प्रतिवेदन समर्पित किये जाने का निर्देश दिया गया। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा में निर्देश गया कि आइएनओ शत प्रतिशत सुनिश्चित करें। अंत में सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि उपरोक्त निर्देश का 25 दिसंबर तक अनुपालन करा कर प्रतिवेदन समर्पित करें।बैठक में संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी,अंचल अधिकारी शामिल हुए।

### समय पर पूरा करें योजनाएं : बीडीओ

भंडरा । बीडीओ रणजीत कुमार सिन्हा ने शुक्रवार को विकास कार्यों की समीक्षा की । बीडीओ ने सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, मनरेगा, पीएमईजीपी, सर्वजन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, केसीसी, मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना एवं फसल राहत योजना, आवास, राशन, अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं को लेकर बीडीओ ने प्रखंड के सभी पंचायतो की जानकारी ली। पदाधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन एवं उसके प्रगति प्रतिवेदन के बारे में पूछा गया।

## एक नजर में

### घाघरा में विजय दिवस पर बांटी गई मिठाई



**घाघरा।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद घाघरा लोहरदगा के द्वारा शुक्रवार को प्रखंड मुख्यालय के हाई स्कूल मैदान में विजय दिवस मनाया गया। इस मौके पर उपस्थित लोगों के समक्ष मिठाई वितरण कर खुशी मनायी गयी। मौके पर अध्यक्ष सूर्यनारायण उरांव ने कहा 1971 में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। जिसमें पाकिस्तान के 93000 सैनिकों ने सरेंडर किया और हमारे लगभग 1000 जवानों ने कुबार्नी दी। जिसके बाद बांग्लादेश का जन्म हुआ और भारत की विजय घोषित हुई। 16 दिसंबर 1971 के दिन ही युद्ध विजय की घोषणा हुई। जिसके बाद से 16 दिसंबर को विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान बैंक के कर्मी भी उपस्थित रहे और एक दूसरे को मिठाई खिलाकर विजय दिवस की शुभकामना दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से सूर्य नारायण उरांव, रमीज राजा, राजेश कुमार, एमके सिंह, तुलसी उरांव, सुशीत गोस्वामी, बालक उरांव, गौतम साहू, पप्पू ठाकुर व पारस साहू सहित कई लोग मौजूद थे।

### खाना बनाते आग से झुलसी महिला, रांची रेफर

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के पतिया सिकरिया टोली गांव निवासी कमलेश बड़ाईक की पत्नी राखी देवी खाना बनाते समय आग से झुलस कर गंभीर रूप से जख्मी हो गई। जिसे परिजनों ने तत्काल इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए घायल महिला के पति कमलेश ने बताया कि धान मिसनी का काम चल रहा है। जिसको लेकर हम सभी परिवार खलियान में काम कर रहे थे और मेरी पत्नी घर में अकेली थी और खाना बना रही थी। उसी वक्त कपड़े में अचानक आग पकड़ लिया। आग लगने से जोर जोर से चिल्लाने लगी। हल्ला सुनकर आस-पड़ोस के लोग एकत्रित हुए। जिसकी खबर आसपास के लोग मुझे दिए। जिसके बाद सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया गया। डॉक्टर ने बताया कि 50 प्रतिशत से ज्यादा महिला का शरीर जल चुका है। जिसको लेकर गंभीर स्थिति में रांची रिम्स रेफर किया जा रहा है।

### सर्पदंश से युवक जख्मी, अस्पताल में भर्ती

**गुमला।** गुमला थाना क्षेत्र के हुरहुरिया गढ़टोली निवासी बुधराम उरांव का 15 वर्षीय पुत्र शिवम उरांव को धान काटने के दौरान जहरीले सांप ने डस लिया। जिसे परिजनों ने आनन-फानन में सदर अस्पताल गुमला में भर्ती कराया है। जानकारी देते हुए किशोर के पिता बुधराम ने बताया कि धान कटनी का कार्य किया जा रहा है। उसी वक्त शिवम को एक जहरीले सांप ने डस लिया। जिसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चिकित्सकों की देखरेख में घायल किशोर का इलाज जारी है।

### पांच दिवसीय श्री हरि कथा हुआ संपन्न



**गुमला।** दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा बुढ़वा महादेव मंदिर परिसर करमटोली में आयोजित पांच दिवसीय श्री हरि कथा शुक्रवार को संपन्न हो गई। आशुतोष महाराज जी की शिष्या सुश्री शीतल भारती ने प्रवचन देते हुए राजा पीपा के महान जीवन का ब्याख्यान किया। उन्होंने कहा कि राजा पीपा महान धर्मात्मा हुए। जिन्हें संत शिरोमणि रामानन्द जी की शरणागति प्राप्त करनी पड़ी। शीतल भारती ने कहा कि संत कबीर दास की स्वीकारोक्ति है हम लाख यज्ञ हवन कर लें गुरु अनिवार्य एवं अपरिहार्य है जीवन में। वर्तमान समय में ब्राह्म ज्ञान की अति आवश्यकता एवम आदेयता है। पापों के झंझावात में धर्म विमुक्ति हेतु करुण क्रंदन करता है। वर्तमान काल में मानव जीवन से सुख शांति विलुप्त होता जा रहा है। यह ज्ञान ही परम शांति प्राप्ति में अभिलिपिस्त है। गुरु देव सर्वश्री आशुतोष महाराज जी की अमोल उक्ति है विश्व में शांति मानव में क्रांति ब्रह्म ज्ञान से ही प्राप्त होगा। दिव्य ज्योति जागृति संस्थान के संस्थापक एवम संचालक सर्वश्री आशुतोष महाराज की कृपा द्वारा वर्तमान में श्रद्धालु भक्तो को परम ईश्वरीय सत्ता का साक्षात दिग्दर्शन कराया जाता है। हरि कथा में गोपाल भैया, श्री चन्दन भैया एवम श्री रामचन्द्र भैया द्वारा कोकिल कंठ से गायन एवं अलौकिक वादन प्रस्तुत किया गया। अंतिम दिन भारी संख्या में महिलाएं कथा सुनने पहुंची थी।

### महिला विकास मंडल ने निकाली जागरूकता रैली



**घाघरा।** घाघरा प्रखंड के रुकी पंचायत में महिला विकास मंडल एवं प्रदान संस्था घाघरा के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला जागरूकता रैली का आयोजन शुक्रवार को किया गया जागरूकता रैली में महिलाओं ने कहा कि कम उम्र में बेटियों की शादी से परहेज करे। महिलाओं पर हो रही हिंसा के विरुद्ध जागरूक करने के लिए लगातार प्रयास जारी है। इस दौरान महिलाओं को लिंग आधारित हिंसा के बारे में जानकारी भी दी गई। जिसमें कम उम्र में अपने बेटियों की शादी ना करने की अपील की गई साथ ही घरेलू हिंसा बाल विवाह एवं सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ सबको मिलकर आगे आने की अपील भी की गई ताकि लोगों के बीच जागरूकता हो। इस मौके पर उपस्थित लोगों में बैजंती देवी महेंद्र महतो, चिंतामणि कुमारी ,सवंती देवी, लक्ष्मी देवी और गांव की महिला समूह के सदस्या शामिल थे।

### कुएं में गिरने से किसान की हुई मौत

गुमला। गुमला थाना क्षेत्र के सिलम नवाटोली निवासी 27 वर्षीय किसान अमीन उरांव की मौत कुंए में गिरने से हो गई। घटना की जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि वे लोग किसान हैं साग सब्जी उपज कर जीविका चलाते हैं। वहीं अमीन उरांव आज सुबह 7:00 बजे पटवन के लिए बारी गया हुआ था। जहां पटवन के लिए कुआ के पास गया हुआ था और मशीन ठीक कर रहा था। उसी दरमियान पैर फिसल जाने से कुएं में गिर गया। वही आस पड़ोस के लोगों ने देखा कुंए में गिरते देख तुरंत आमीन के परिजनों को खबर करते हुए रस्सी के सहारे उसे निकाला। वह बेहोशी की हालत में था। आनन-फानन में उसे दिन के 10:00 बजे सदर अस्पताल गुमला लाया गया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वही मृत्यु की खबर सुनते ही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

### बाइक से गिरकर नशे में धूत युवक घायल

गुमला। जारी थाना क्षेत्र के सिकरी निवासी 28 वर्षीय शालू गोप सड़क दुर्घटना में शुक्रवार को गंभीर रूप से घायल हो गये। जिसे इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में घायल की पत्नी अनिता देवी ने बताया कि उसका पति घर से बाईक लेकर निकला था और कहा कि दोस्त के घर जा रहे हैं। दोस्त के घर से वह नशे में धूत होकर वापस आ रहा था तब बाईक अनियंत्रित हो गया और वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।


## स्पीड न्यूज

### संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव



चतरा। सदर थाना इलाके से शुक्रवार को संदिग्ध अवस्था में युवक का शव बरामद किया गया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर सदर थाना स्थित कोरचा जंगल के सड़क किनारे से युवक का शव पुलिस ने बरामद किया। मृतक की पहचान अजय भुइयां के रूप में की गयी है। सूचना पर पहुंची सदर थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर कर पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं मामले की छानबीन में पुलिस जुट गयी है। युवक की हत्या या दुर्घटना में मौत हुई है, यह अबतक स्पष्ट नहीं हो सका है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा।

### पुआल व 15 क्विंटल धान जलकर राख



**सिमरिया।** थाना क्षेत्र के डाड़ी पंचायत अंतर्गत कटिया गांव निवासी वार्ड सदस्य शैलेंद्र कुमार सिंह के खलियान में 11 हजार तार गिर जाने से खलियान में रखे 100 बोझा धान और खलियान में रखे पुआल जलकर राख हो गया है।शैलेंद्र सिंह ने कहा कि आग लगने से 15 क्विंटल धान जलकर राख हो गया है। जानवरों को चारा की समस्या उत्पन हो गया है। भुक्तभोगी ने सिमरिया अंचल कार्यालय में आवेदन देकर मुआवजे की मांग की।

### अवैध बालू लदा तीन ट्रैक्टर जब्त

चतरा। अवैध बालू खनन की गुप्त सूचना पर डीएम?ओ गोपाल दास, एसडीएम मुमताज अंसारी , एसडीपीओ अविनाश कुमार और थाना प्रभारी के संयुक्त अभियान चलाकर संघरी घाटी के नदी से अवैध बालू लद तीन ट्रैक्टर जब्त किया। मामले को लेकर जोरी थाना में अज्ञात चालक व मालिक पर अवैध बालू खनन का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस चालक व मालिक को पकड़ने में जूटी हुई है।

### टंडवा में खतियानी रैली में उमड़ी भीड़



**टंडवा(चतरा)।** शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र के किसनपुर में झारखंडी भाषा, खतियान संघर्ष समिति के बैनर तले खतियानी रैली हुई। रैली में टाइगर जयराम महतो एवं झारखंडी खतियान से जुड़े खोरठा कलाकार मजबूल खान उपस्थित हुये। जयराम महतो ने 1932 लागू करो, नियोजन नीति लागू करो, स्थानीय नीति लागू करो खतियान आधारित स्थानीय, नियोजन, उद्योग लागू करो, जमीन मालिक ही खनिज का मालिक है, सरकार नही सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया केस संख्या 4549/2000, 8 जुलाई 2013 के प्रभावी पारित आदेश एवं संविधान के अनु 39वीं के आलोक में खनिज संपदा पर करो, पुनर्वास एवं विस्थापन आयोग का गठन समेत अन्य बिंदुओं पर विशेष दहाड़ लगाया। आगे बताया कि जमीन हमारी पूंजी तुम्हारी बराबरी होगी हिस्सेदारी। इस मौके पर समाजसेवी सुभाष दास, सरबजीत गंझू प्रयाग राम उपेंद्र यादव उमेश यादव मुबारक अंसारी समेत हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थें।

### सचिव पर मिड डे मील गबन का आरोप

**सिमरिया।** जांगी पंचायत स्थित उत्कर्मित प्राथमिक विद्यालय करहनी बाद में छात्रों को अब तक मिड डे मील का राशि नसीब नहीं हुआ है। विद्यालय के बच्चे और उनके परिजन ने विद्यालय के सचिव शीला तिर्की पर मध्याह्न भोजन के राशि गबन करने का आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि विद्यालय के सचिव शीला तिर्की ने छात्रों के बीच पैसा अबतक वितरण नही किए है। और हम लोग मांगते हैं तो कहते हैं कोई पैसा नहीं आया है। वहीं हम लोगों को लगातार सचिव के द्वारा फटकार लगाया जा रहा है। इससे यह प्रतीत होता है कि सचिव पैसे को डकार गए है।वहीं सचिव से बात करने पर किसी तरह का कोई भी बात कहने से इंकार कर दी है।

### एसपी ने लिया कोर्ट की सुरक्षा का जाएजा



चतरा। पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन ने शुक्रवार को व्यवहार न्यायालय परिसर का औचक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान वहां तैनात पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। उन्होंने अदालत परिसर के प्रवेश द्वार पर की गई सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया। जायजा लेने के दौरान उन्होंने सुरक्षा में तैनात सभी पुलिस जवानों को चौकन्ना रहने, संदिग्ध व्यक्ति अथवा संदिग्ध गतिविधि पर कड़ी निगाह रखने के संबंध में कड़े दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कोर्ट कंपलेक्स के प्रवेश द्वार तथा अन्य सुरक्षा बिदुओं पर सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध करने के मद्देनजर अदालत परिसर में तैनात सशस्त्र जवानों तथा मैटल डिटेक्टर के संबंध में जानकारी लेते हुए उनकी कार्यकुशलता के संबंध में दिशा निर्देश दिए। कोर्ट परिसर की सुरक्षा में तैनात सभी पुलिस कर्मचारियों को अतिरिक्त सावधानी रखने तथा किसी प्रकार की ढिलाई अथवा लापरवाही ना करने के संबंध में कड़ी हिदायत दी गई। विचाराधीन आपराधिक मामलों के आरोपितों की अदालत में पेशी के दौरान जवानों को हर पल चौकन्ना रहने के निर्देश दिए। कोर्ट परिसर के प्रवेश द्वारों पर तैनात जवानों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अदालत परिसर में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति की मैटल डिटेक्टर से जांच की जाए। उसके पश्चात ही उसे कोर्ट परिसर में प्रवेश करने की अनुमति दी जाए। किसी प्रकार की कोई लापरवाही ना करने की हिदायत दी गई। इस मौके पर एसडीपीओ अविनाश कुमार सहित जवान मौजूद थे।

### कांडी में 10 मुसहरों को मिला कंबल

**कांडी।** घटहुआं कला पंचायत में रह रहे मुसहर परिवार के 10 सदस्यों के बीच शुक्रवार को बीडीओ मनोज कुमार तिवारी ने कंबल वितरित किया। बढ़ते ठंड को देखते हुए बीडीओ ने कुंवर मुसहर, माया देवी, ददई देवी, दुर्गा देवी, पिंकी देवी व शोभा देवी सहित 10 मुसहरों के बीच कम्बल का वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ ने कहा कि सभी मुसहर परिवारों का आधार बनाने की प्रक्रिया शुरू कराई जा रही है। ताकि उन्हें राशन देने, वोटर आईडी बनाने व प्रधानमंत्री आवास दिलाने में सहूलियत हो। मौके पर घटहुआं कला पंचायत की मुखिया कौशल्या देवी, पंचायत सेवक सुदर्शन राम व पंचायत स्वयंसेवक कुंदन कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# सड़क किनारे लगे सूखे पेड़ और बेकार पोल को जल्द हटाएं : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददात**

#### ड्रिंक एंड ड्राइव रोकने के लिए प्रतिदिन चलाएं चेकिंग : एसपी



**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त आदित्य रंजन की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त ने पूर्व के बैठक में लिए गए निर्णय पर हुई कार्रवाई की समीक्षा किए। ततपश्चात डीटीओ भगीरथ प्रसाद द्वारा बताया गया कि नवम्बर माह में सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, जिस पर उपायुक्त ने हो रही दुर्घटनाओं का कारण पूछा एवं जल्द से जल्द नवलशाही, पॉलीटेक्निक कॉलेज मोड़ व अन्य जगहों में रंबल स्ट्रिप्स लगवाने के निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त लोहासिकर नदी के पास वाले मोड़ को सीधा करने का भी निर्देश दिए, ताकि दुर्घटना की संभावनाओं को रोका जा सके। साथ ही साथ उपायुक्त ने सभी सीएचसी में दुर्घटना के कारण घायल हुए व्यक्तियों के इलाज हेतु एमरजेंसी यूनिट स्थापित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त बैठक में समिति द्वारा समस्या उठाते हुए बताया गया कि आये दिन सड़क किनारे लगे सूखे पेड़ो अथवा बेकार पड़े पोल के कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, इसके कारण काफी जाम भी लगा रहता है, जिस पर उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि फॉरेस्ट गार्ड के सहयोग से एक माह के भीतर सभी सूखे पेड़ो की सूची बनाते हुए कटवाने की प्रक्रिया पूर्ण करें एवं सड़क किनारे लगे वैसे पोल जो बेकार पड़े हुए है उन्हें जल्द से जल्द हटवाएं। वहीं बैठक में एसपी कुमार गौरव ने दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर सघन वाहन चेकिंग अभियान एवं व्यापक जन जागरूकता करवाने, बिना हेलमेट और शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों की जांच कर उन पर सख्त कार्रवाई करने एवं नियमित रूप से वाहन चेकिंग अभियान चलाने का भी निर्देश दिया। बैठक में डीएफओ सूरज कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि विजय सिंह, प्रोजेक्ट डायरेक्टर एनएचएआई, प्रशासक नगर परिषद झुमरीतिलैया, कोडरमा व अन्य उपस्थित थे।

# प्रधानमंत्री करेंगे टंडवा पावर प्लांट का उद्घाटन

#### केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने सांसद सुनील सिंह और विधायक किशुन दास को दी जानकारी

## 660 मेगावाट की पहली यूनिट तैयार



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चतरा/टंडवा।** जिले के टंडवा में एनटीपीसी द्वारा स्थापित किए जा रहे पावर प्लांट की यूनिट वन का काम पूरा हो चुका है। जल्द ही बिजली उत्पादन शुरू हो सकता है। उम्मीद है कि पावर प्लांट का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नए साल के प्रारंभ में ही प्रस्तावित दौरे के दौरान किया जा सकता है। इसकी आधिकारिक घोषणा जल्द हो सकती है। 1980 मेगावाट के पावर प्लांट में 660 मेगावाट की पहली यूनिट बनकर तैयार है। सांसद सुनील कुमार सिंह सिमरिया के विधायक किशन कुमार दास ने दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा विद्युत मंत्री से मुलाकात के बाद यह संभावना जताई है। गौरतलब है कि 6 मार्च 1999 को तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने टंडवा में एनटीपीसी पावर प्लांट की आधारशिला रखी थी। लंबे उतार-चढ़ाव एवं काफी संघर्ष के बाद अब यह सपना साकार हो रहा है। एनटीपीसी टंडवा पावर प्लांट के उद्घाटन होने के साथ ही झारखंड में बिजली की समस्या समाप्त हो जाएगी। दिल्ली में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह से चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह एवं सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने शुक्रवार को मुलाकात की है। गौरतलब हो कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने 1999 में टंडवा एनटीपीसी पॉवर प्लांट की आधारशिला रखी थी और उनके कामों को आगे बढ़ाते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नये वर्ष 2023 में इस प्लांट का शुभारंभ करेंगे। सांसद सुनील सिंह बताया कि प्रधानमंत्री नये साल में झारखंडवासियों को तोहफा देने जा रहे हैं। जिससे राज्य में बिजली की समस्या का समाधान होगा और लोगों को ससमय निर्बाध रूप से बिजली मिलेगा।उन्होंने बताया कि यह देश का पहला ऐसा पावर प्लांट है जो 80 फीसद कम पानी की खपत के बावजूद बिजली उत्पादन में पूरी तरह से सक्षम है।सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के टंडवा में बनाए गए इस पावर प्लांट में तीन यूनिट से 1980 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। यहां 3000 आरपीएन पर 72 घंटों तक टरबाइन चलाने की तकनीक विकसित की गई है। इससे झारखंड को 500 मेगावाट बिजली मिलेगी।

### रमना बीआरसी खुलने का समय निर्धारित नहीं

**रमना।** राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग एक के परिसर में बना प्रखंड संसाधन केंद्र खुलने और उसमें कार्यरत पदाधिकारी व कर्मी के आने का कोई समय निर्धारित नहीं है। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि रमना और विशुनपुरा प्रखंड में संचालित सरकारी शिक्षण संस्थानों की हाल क्या होगी। शुक्रवार को प्रखंड संसाधन केंद्र (बीआरसी) की गतिविधियों की जांच की गई। जांच के दौरान प्रातः 9:55 में बीआरसी परिसर पहुंचा। उपेंद्र कुमार जो आउटसोर्सिंग शिक्षक के साथ-साथ बीआरसी के कर्मी भी है। वे 10 बजे बीआरसी पहुंच कर ताला खुलने का इंतजार कर रहे थे। इसके बाद अनुसेवक सह आदेशपाल मिथिलेश कुमार 10:16 बजे पहुंच कर बीआरसी का मेन गेट के अलावे अन्य कार्यालयों का दरवाजा खोलते हैं। इसी क्रम मे एडीएम के प्रभारी विरेन्द्र पाल 10:28 बजे कार्यालय पहुंचते हैं। इसके बाद कंप्यूटर ऑपरेटर राजकुमार 10:50 बजे और एमआईएस डाटा एंट्री ऑपरेटर विजय कुमार 10:55 में पहुंचते हैं। वही कई कर्मी ग्यारह बजे तक भी कार्यालय नहीं पहुंच पाए थे। प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विजय पांडेय रमना और विशुनपुरा प्रखंड के साथ श्री बंशीधर नगर प्रखंड के अलावे कई प्रखंडों के प्रभार मे है।

# मेराल प्रखंड प्रमुख गिरफ्तार



**गढ़वा।** जिले के मेराल पुलिस ने शुक्रवार को मेराल प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रखंड प्रमुख को थाना पुलिस ने लखेया गांव स्थित घर से गिरफ्तार किया। मेराल थाना क्षेत्र के हासनदाग निवासी नथन चौधरी की मौत मामले में हत्यारे को गिरफ्तार करने की मांग को लेकर गांव के सैकड़ों लोग मेराल थाना पहुंचकर एनएच 75 को जाम कर हंगामा कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस एवं ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हुई थी जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ पुलिस कर्मी घायल हुए थे। घटना को लेकर तत्कालीन अंचलाधिकारी अंगारनाथ स्वर्णकार द्वारा प्रखंड प्रमुख सहित 4 लोगों पर भीड़ को उकसाने तथा 23 नामजद तथा 4-5 सौ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उक्त मामले में थाना पुलिस ने पूर्व में ही 21 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दी थी जो बेल पर हैं। जबकि प्रखंड प्रमुख दीपमाला कुमारी तथा दुलदुलवा के मुखिया रामप्रताप साह पुलिस के गिरफ्त से बाहर थे। जानकारी के अनुसार प्रमुख ने अपने को निर्दोश बताते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी, जिस पर कोर्ट द्वारा 27 अक्टूबर तक उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगाई गई थी। निर्धारित अवधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को दीपमाला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इसी घटना को लेकर तत्कालीन अंचलाधिकारी अंगार नाथ स्वर्णकार तथा मेराल थाना के तत्कालीन प्रभारी लाल बिहारी प्रसाद को लाइन हाजिर कर दिया गया है।

### भवनाथपुर में बड़े पैमाने पर खैर की लकड़ी की हो रही है तस्करी



**भवनाथपुर।** भवनाथपुर उतरी वन क्षेत्र के मकरी बरवारी बिरसा नगर के पास वन विभाग द्वारा लगाया गए वर्षो पूर्व खैर की लकड़ी का बड़े पैमाने पर तस्करी करने का मामला आया है। जिसमे वन विभाग की संलिप्तता से इनकार नहीं किया जा सकता। इसकी खबर घटना स्थल से मीडिया के द्वारा रेंजर प्रमोद कुमार ठाकुर को देने के बावजूद दो घण्टे तक कोई कर्मी को नहीं पहुंचे। शुक्रवार को एक ग्रामीण के द्वारा मीडिया को सूचना दी गई कि वनकर्मी के मिलीभगत से मकरी के बिरसा नगर के पास लगे प्लांटेशन में दिन दहाड़े खैर की लकड़ी की तस्करी के लिए काटे जा रहे है। जिसमे अबतक लाखो रुपये के लकड़ी तस्कर लोग काट कर ले गए है। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे मीडिया के टीम को दो लोग आरा से लकड़ी चीरते दिखे परन्तु उक्त लोग समान छोड़कर भाग गए। घटना स्थल पर लगभग 40 से 50 बड़े व मोटे खैर की लकड़ी कटा पाया गया।

# गढ़वा में भाजपाईयों ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

#### 1971 में लड़ने वाले रिटायर्ड कैप्टन रामराज पांडेय को किया सम्मानित



गढ़वा। भाजपा के जिला कार्यालय में शुक्रवार को भाजपा के सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अजय तिवारी की अध्यक्षता में विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में 1971 में लड़ाई लड़ने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई। साथ ही 1971 में लड़ाई लड़ने वाले रिटायर्ड कैप्टन रामराज पाण्डेय को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक ने कहा कि 1971 में भारत पाकिस्तान के बीच भयंकर युद्ध हुआ था। जिसमें 16 दिसंबर 1971 को भारतीय सेना के सामने पाकिस्तान सैनिको ने हथियार डाल दिया और अपना हार स्वीकार कर लिया था। उन्होंने कहा कि देश के सैनिकों में इतना जज्बा हमेशा होता कि अगर भारत सरकार अनुमति देता है तो भारतीय फौजी पाकिस्तान जैसे देश को शाम से सुबह तक घुल चटाने के लिए काफी हैं। उन्होंने कहा कि 1971 की लड़ाई में देश के जवानों ने अपनी प्राणों की आहूति देकर पाकिस्तान के जवानों को बंदी बनाया था। जिसमें पाकिस्तान के जवानों ने घुटना टेक कर हार स्वीकार कर लिया था। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने देश की सीमाओं को काफी मजबूत बनाया है। रिटायर्ड कैप्टन ने कहा कि 1971 की लड़ाई को हमने बहुत ही मजबूती से लड़ा था। उस समय संसाधन की कमी थी लेकिन देश प्रेम मातृभूमि की रक्षा करने का संकल्प ने जीत का राह आसान बना दिया था। मौके पर मुख्य रूप से जिला महामंत्री संतोष दुबे, जिला मीडिया प्रभारी विवेकानंद तिवारी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रितेश चौबे, लक्ष्मीकांत पांडेय, ब्रजेश धर दुबे, विनय चंद्रवंशी, उदय कुशवाहा, रामाशंकर चैबे, अनवर साह, आरके दुबे, विपिन तिवारी, फौजी विनय कुमार दुबे, अभिमन्यु चौबे, ब्रजमोहन ठाकुर, कंचन जायसवाल, मोहन सिंह, जितेंद्र चंद्रवंशी, शुभम गुप्ता, अरविंद महतो आदि लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### डीटीओ ने दो स्कूल बसों को किया जब्त



जयनगर (कोडरमा)। जिला परिवहन पदाधिकारी भगीरथ प्रसाद ने गुरुवार को जयनगर प्रखंड अंतर्गत संचालित निजी 3 स्कूलों के टैक्स डिफॉल्टर बसों पर कार्रवाई की, दो बसों को जप्त कर जयनगर थाना परिसर में रखा गया। वहीं एक बस में बच्चों के बैठे होने की वजह से उसे सीजर दिया है। वहीं उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का अनुपालन नहीं करने वाले स्कूली बसों पर कार्रवाई की जा रही है। डीटीओ ने आदर्श प्लस टू हाई स्कूल मधवाटांड, आइडियल प्रोग्रेसिव स्कूल व लक्ष्मी नारायण स्कूल की बसों पर कार्रवाई की। डीटीओ ने बताया कि बस संचालकों द्वारा 2020 व 2021 से टैक्स बकाया रखा है। वहीं इन गाड़ियों का फिटनेस, इंश्योरेंस समेत अन्य कागजात भी फेल है। उन्होंने कहा कि यदि बस संचालकों द्वारा टैक्स जमा नहीं किया गया तो बसों को नीलाम किया जाएगा।

### 5 पैक्सों में खरीदा गया 2000 क्विंटल धान

कोडरमा। जिले में पहले दिन 5 पैक्सों से 2000 क्विंटल धान खरीदे गए। इस बार कुल 23 पैक्सों का चयन किया गया है। जिन पैक्सों की ओर से पहले दिन धान की खरीदारी शुरू की गई, उनमें कोडरमा, डंडाडीह, बागड़ो, मीरगंज व जोगीडीह पैक्स शामिल हैं। विभाग की ओर से निर्धारित किए गए शर्तो के अनुसार पहले जिन किसानों ने रजिस्ट्रेशन करवा रखा है उन्हें दुबारा बिना रजिस्ट्रेशन कराए धान बेचने की अनुमति दी गई है। नए किसानों को धान की बिक्री के लिए पहले रजिस्ट्रेशन कराना अनिवार्य है। इसके लिए विभाग की ओर से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन की व्यवस्था की गई है। ऑफलाइन के तहत किसान निबंधन के आवेदन के साथ जमीन का रसीद एवं खाता का फोटो कॉपी आपूर्ति कार्यालय के अलावा अंचल कार्यालय में जमा कर सकते हैं। वही ऑनलाइन के तहत किसान सीधे विभाग के उपार्जन पोर्टल पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। इधर कुछ पैक्सों की ओर से पहले से ही किसानों से धान की खरीदारी शुरू कर दी गई थी। धान की खरीदारी शुरू होने के साथ ही बिचैलिया भी काफी सक्रिय हो गए हैं।

### 23 हजार किसानों का हुआ रजिस्ट्रेशन

कोडरमा। मुख्यमंत्री सूखा राहत योजना के तहत किसानों को रजिस्ट्रेशन में काफी परेशानी हो रही है। इसके लिए 15 दिसंबर तक का समय निर्धारित किया गया था। मगर कॉमन सर्विस सेंटर में आए दिन सर्वर डाउन होने के कारण रजिस्ट्रेशन सही तरीके से नहीं हो पा रहा है। अब तक काफी कम किसानों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। सरकार की ओर से सुखाड़ से राहत को लेकर किसानों के अलावा खेतों में कार्य करने वाले मजदूरों को राहत के तौर पर 3500 रुपए दिए जाने हैं। इधर, किसान रजिस्ट्रेशन के लिए प्रज्ञा केंद्रों का प्रतिदिन चक्कर लगा रहे हैं, पर लगभग रोज 10 से लेकर शाम 5 बजे तक सर्वर डाउन होने के कारण उन्हें निराश होकर लौटना पड़ रहा है। योजना के तहत अब तक जिले में लगभग 23169 किसानों का रजिस्ट्रेशन हुआ है। जबकि सितंबर माह में फसल राहत योजना के तहत चलाए गए अभियान के दौरान जिले में 57,871 किसानों का रजिस्ट्रेशन किया गया था। वहीं 3274 किसानों के 33 प्रतिशत से ज्यादा फसल बर्बाद हो गई थी।

### सड़क दुर्घटना में हवलदार घायल, रिम्स रेफर



**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र अंतर्गत महतो अहरा के समीप गुरुवार शाम करीब 7:30 बजे सड़क दुर्घटना में पीसीआर हवलदार गंभीर रूप से घायल हो गया। मिली जानकारी के अनुसार हवलदार बनवारी रजक अपने मोटरसाइकिल से तिलैया से चंदवारा की ओर जा रहा था। इसी क्रम में माहतो अहरा के समीप के ट्रक के चपेट में आ गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से तिलैया व चंदवारा पुलिस ने घायल हवलदार को सदर अस्पताल लाया। जहां चिकित्सकों के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। वहीं घटना की सूचना पाकर एसपी कुमार गौरव सदर अस्पताल पहुंचकर घायल हवलदार का हालचाल जाने।

### अवैध महुआ शराब के खिलाफ छापेमारी



**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत चुटियारो में अवैध महुआ शराब के खिलाफ शुक्रवार को थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा के नेतृत्व में छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें कुल 2 अवैध महुआ चुलाई शराब भाटियों को पूर्ण रूप से ध्वस्त किया गया, साथ ही महुआ शराब निर्माण हेतु करीब 500 किलोग्राम जावा महुआ नष्ट किया गया। वहीं थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि अवैध महुआ शराब के विरुद्ध पूरे क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया जाएगा एवं कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर एसआई अमित कुमार, कुमार शिवम व अन्य पुलिस बल के जवान छापेमारी के दौरान मौजूद थे।

### केटीपीएस में मजदूरों का हड़ताल समाप्त



**कोडरमा।** केटीपीएस में मेसर्स सुरेश यादव की कंपनी में सफाई मजदूरी का काम करने वाले दर्जनों सफाई कर्मी 8 दिसंबर से अनिश्चितकालीन धरना के जरिए एरियर, मंहगाई भत्ता समेत मजदूरी हक में सुविधा बढ़ाने की मांग कर रहे थे। हड़ताल को विभिन्न मजदूर संगठन समेत कई संगठनों ने अपना समर्थन दिया था। आंदोलन धारदार तरीके से अपना जनाधार बढ़ाते जा रही थी। हालांकि आंदोलनकारियों से वार्ता को लेकर पहले प्रबंधन ने खास तबज्जो नही दी। आखिरकार मजदूरों ने केटीपीएस मुख्य अभियंता को वार्ता के लिए पत्र लिखा, जिसके बाद वार्ता की पहल शुरू हुई। केटीपीएस मुख्य अभियंता और हड़ताल में शामिल मजदूरों के बीच वार्ता के बाद, बनी सहमति के अनुरूप सफाई मजदूरों ने हड़ताल समाप्त करने की घोषणा कर दी। जानकारी के अनुसार मुख्य अभियंता ने सफाई मजदूरों को आश्वासन दिया है की एजेंसी को एरियर, मंहगाई भत्ता और मजदूरों के अन्य मांगो को पूरा करना होगा।

### केंद्रीय विद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता



गढ़वा। केंद्रीय विद्यालय में शुक्रवार को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य उत्तम पांडेय ने झंडोतोलन कर किया। विद्यार्थियों के बीच जलेबी दौड़, रिले दौड़ आदि प्रतियोगिता का फाइनल इवेंट कराया गया। तत्पष्चात खेल षिक्षक भानु प्रताप ने इस वर्ष हुए सभी खेल प्रतियोगिताओं के विजेताओं का नाम घोषित किया। विद्यालय के चार सदनों में अषोक सदन को प्रथम, टैगोर सदन को द्वितीय, षिवाजी सदन को तृतीय तथा रमण सदन को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि ने सभी प्रतिभागियों को मेडल देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन छात्रा आराध्या किसलय एवं रौषनी कुमारी ने की। धन्यवाद ज्ञापन षिक्षक अनिल कुमार ने किया। मौके पर मुख्य रूप से षिक्षक अमोद कुमार, सरिता कुमारी, शषांक कुमार, जितेंद्र कुमार सहित सभी षिक्षक-षिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं शामिल थी।

# सीसीएल एवं भ्रष्ट अधिकारी को बख्शा नहीं जायेगा: प्रतुल

## सीसीएल का सीएसआर फंड का पैसा खाया जा रहा है, उसका पूरा हिसाब लिया जाएगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के आरा ग्राम में शुक्रवार को मगध कोलियरी के विस्थापितों के साथ भाजपा प्रवक्ता प्रतुल नाथ शाहदेव ने बैठक कर विस्थापितों के साथ हो रहे अन्याय पर चर्चा की। उन्होंने कहा की झारखंड का निर्माण हुए 22 वर्ष हो गए और मगध कोलियरी खुले हुए लगभग 5 वर्ष हो जाने के बाद भी यहां के विस्थापितों को जमीन के बदले नौकरी व मुआवजा नहीं दी गई है। यहां के ग्रामीण अपने हक और अधिकार की बात करते हैं तो सीसीएल द्वारा उन्हें झूठे मुकदमे में फंसा कर जेल भेज दिया जाता है। उड़ते धूलकन के कारण लोग नए-नए बीमारी के आगोश में समाते जा रहे हैं यहां नियमित जल छिड़काव तक नहीं होता है और यहां के भ्रष्ट सीसीएल अधिकारी सिर्फ कोयले का दोहन कर रहे हैं और भ्रष्टाचार का बढ़ावा दे रहे हैं। ग्रामीण द्वारा दिए हुए सीसीएल के जमीन से निकले कोयले का वजह से पूरे देश में बिजली मिलता है। और यहां के लोग अंधेरे में रहने को विवश है। कुछ भ्रष्ट अधिकारी की वजह से सीसीएल का सीएसआर फंड का पैसा खाया जा रहा है। उसका पूरा हिसाब लिया जाएगा। उन्होंने वादा किया कि ग्रामीणों पर हुए केस जो हाई कोर्ट में चल रहे है उस लड़ाई को लड़ने के लिए उनका पूरा सहयोग रहेगा। केंद्रीय कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी से मिलकर सीसीएल द्वारा किए जा रहे अत्याचार को बताऊंगा और उनका समाधान निकालने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि सीसीएल द्वारा किए जा रहे मनमानी, अत्याचार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भ्रष्ट अफसरों को छोड़ा नहीं जायेगा। यह मोदी जी की सरकार है इसमें किसी गरीब विस्थापित के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। मोदी सरकार में गरीबों और विस्थापित का अच्छे से ख्याल रखा जाता है। वहीं बालूमाथ प्रमुख ममता देवी ने कहा की किसी भी स्थिति में मैं आपके साथ खड़ी हूँ। आपकी लड़ाई मेरी लड़ाई है।

### सीसीएल द्वारा जनता को ठगने का काम किया जा रहा है: प्रियंका

जिप सदस्य प्रियंका कुमारी ने कहा की सीसीएल द्वारा जो जनता को ठगने का काम किया जा रहा है। इनके इरादे को हम सफल नहीं होने देंगे। मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने कहा की जब तक ग्रामीण जनता एक साथ मिल कर नही आयेंगे तब तक सीसीएल से अपना हक नही ले पाएंगे ।सीसीएल द्वारा ग्रामीणों को बार बार डराए जाने से ग्रामीणों के बीच जो डर का मौहौल है पहले उसे दूर करे। मौके पर भाजपा नेता रामकुमार गुप्ता,देवनांदन प्रसाद, सूरज शाह, अमित कुमार, अखिलेश भोक्ता, गंगेश्वर यादव, मुखिया परमेश्वर उराँव, ईश्वर साव, रामबृक्ष साव, भोला राणा, तुलसी प्रसाद, गोपाल साव, अनिरुद्ध साव, गोपाल यादव, सुरेश साव, जीतन यादव, महेंद्र साव समेत कई महिलाएं और पुरुष मौजूद रहे।




विस्थापित ग्रामीणों के साथ बैठक करते प्रतुल नाथ शाहदेव, बैठक में मौजूद ग्रामीण

## एक नजर में

### प्रखंड स्तरीय कुकिंग कंपटीशन का आयोजन



विजेता को पुरस्कृत करते

खबर मन्त्र संवाददाता

**गारू।** प्रखंड स्तरीय कुकिंग कंपटीशन का आयोजन प्रखंड संसाधन केंद्र गारू में किया गया। जिसमें गारू प्रखंड अंतर्गत चारों संकुल के विजेता रसोईया प्रतिभागी शामिल हुए। जिन्होंने अपने कला का प्रदर्शन करते हुए श्रेष्ठ व्यंजन तैयार किए। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से रसोईया द्वारा भोजन बनाने के दौरान स्वच्छता एवं सफाई का ध्यान रखना, भोजन के स्वाद, उसकी गुणवत्ता एवं स्वच्छता आदि विषयों पर विशेष ध्यान रखते हुए भोजन तैयार किया गया। निर्णायक मंडली द्वारा उक्त बिंदुओं का ध्यान रखते हुए सर्वश्रेष्ठ विजेता एवं उपविजेता का चयन किया गया। गारू, कबरी, बारेसांढ़ और सरयू संकुल के रसोईया प्रतिभागियों में मध्य विद्यालय कबरी की मनतोरनी देवी को प्रथम स्थान प्रदान करते हुए आज के विजेता घोषित की गई। वहीं पर दूसरा स्थान राजमुणि देवी उत्क्रमित मध्य विद्यालय लाई सरजू संकुल को प्रदान किया गया और उपविजेता घोषित किया गया।

# जीवन बचाने का सरल तरीका है रक्तदान : मुकेश



रक्तदान करते मुकेश भारती

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के बस स्टेंड स्थित जीवन हॉस्पिटल में भर्ती एनीमिया पीड़ित बबिता देवी नामक महिला को तत्काल ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता पड़ी। उक्त खबर की सूचना खबर मंत्र के द्वारा सोशल मिडिया पर दिए जाने के बाद कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के लेखापाल मुकेश कु. भारती ने तत्काल अस्पताल पहुंच पीड़ित महिला के प्रति मानवता दिखाते हुए रक्तदान कर उसकी जान बचाई और मानवता की मिसाल पेश की। जहां चिकित्सकों ने बताया कि एनीमिया पीड़ित महिला के शरीर में मात्र छह प्रतिशत हीमोग्लोबिन बचा था। जहां मुकेश भारती ने खबर मंत्र को बताया कि वह पहले भी कई बार रक्तदान कर चुके हैं।

## चोरों ने तीन घरों में दिया चोरी की घटना को अंजाम

**बरवाडीह।** बरवाडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़वाटॉड में एक ही रात चोरों ने तीन घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया हैं। बता दें कि गढ़वाटॉड निवासी विजय विश्वकर्मा (पिता मोती मिस्त्री) के घर से गुरुवार की रात अज्ञात चोरों ने चारदीवारी फांग कर आंगन के सटे गली में रखे हौंडा का बाइक जिसका नम्बर खल्ड1इअ 5324 चोरी कर ली। भुक्तभोगी विजय विश्वकर्मा ने कहा गरुवार की रात हम सभी परिवार खाना खाकर सोए गए। शुक्रवार की सुबह में जब उठे तो बाइक गायब था अगल बगल में खोजबीन की गई। लेकिन कुछ पता नही चला। वहीं गढ़वाटॉड में ही राकेश ठाकुर उर्फ वकील के आंगन का दीवार फांद अज्ञात चोरों ने गाय चोरी करने का प्रयास किया। लेकिन चोर गाय को छोड़ कर भाग निकले। भागने के दौरान चोरों में से किसी एक का मोबाइल गिर पड़ा। जिसे पुलिस ने बरामद कर लिया है।

## क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन 18 दिसम्बर से

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत टोटी पंचायत के इटके ग्राम मे 18 दिसम्बर से सुपर क्रिकेट टूनामेंट के तत्वाधान मे क्रिकेट टूनामेंट का आयोजन किया जायेगा। टूनामेंट के अध्यक्ष अनिल उरांव, सचिव मो. माशूम, सहिम शाह, उप सचिव उमर फारूक ने जानकारी देते हुए बताया की 18 दिसम्बर को सुबह 9:30 बजे से दस-दस ओवर का टूनामेंट कराया जायेगा। जिसमे सभी खिलाड़ियों को मैच का नियम को पालन करना अनिवार्य है। इंट्री फिश 1099 तय की गई है।

# शिवान्या व केईआई ने किया सेमिनार आयोजित



सेमिनार में उपस्थित लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** जिला के महुआडांड़ प्रखंड अंतर्गत स्थित कार्मेल हॉस्पिटल के समीप बाला जी के नए शोरूम में शिवान्या समर्थ इंटरप्राइज एंड केईआई वायर एंड केबल लिमिटेड कंपनी के द्वारा शुक्रवार को एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें वायर से संबंधित जानकारी विक्रेता व इससे संबंधित इलेक्ट्रिशियन मिस्त्री को दिया गया। विक्रेताओं को वायर एंड केबल के बिक्री को लेकर कई दिशा-निर्देश भी दी गई। मौके पर सुपर स्टॉकिस्ट संजय खंडेलवाल, मार्केट एक्जीक्यूटिव अविसेक कुमार ने कहा कि वायर एंड केबल कंपनी मे केईआई ही ऐसा कम्पनी जिसको इंडिया का सुपर ब्रांड टेस्टेड वायर कम्पनी घोषित किया गया है और इस प्रोडक्ट को कई सालो से यूज कर रहे है अन्य कम्पनी के अपेक्षा अच्छी प्रोडक्ट बनाता आ रहा है और सभी के घर में 54 साल से लगाते आ रहे हैं। लोग इस से काफी खुश हैं।

## कोयला लदे ट्रैक्टर छाड़ने के एवज में 90 हजार देने की बात में सत्यता नहीं

**रांची।** खबर मन्त्र में 16 दिसंबर 2022 के अंक में छपी खबर चंदवा वन विभाग की टीम ने अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर को पकड़ा, 90 हजार रिश्वत लेकर छोड़ा के संबंध में चंदवा वन प्रक्षेत्र के अंतर्गत सिकनी बारी रोड के हुचलु ग्राम निवासी कुर्बान मियां पिता सादिक मियां ने एक पत्र लिख कर कहा है कि उनके द्वारा वन विभाग के किसी कर्मचारी एवं अधिकारी को कोयला लदे ट्रैक्टर को छाड़ने के एवज में 90 हजार रुपये देने की बात महज एक अफवाह है। दूसरी ओर, खबर मन्त्र ने इस संबंध में जानने की कोशिश की तो इस बात की पुष्टि नहीं हो पायी। अवैध कोयला लदे ट्रैक्टर को छाड़ने के एवज में 90 हजार रुपये देने की बात असत्य पायी गयी।

## बाइक से गिरकर युवती हुई घायल

बालूमाथ। बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर शुक्रवार को दिरीदाग ग्राम के पास ठोकर में बाइक अनियंत्रित हो जाने के कारण बाइक से गिरकर एक युवती घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोमल कुमारी 18 वर्ष पिता गिरधारी यादव इटके बारियातु निवासी अपने भाई के साथ लातेहार गई हुई थी जहां से वापस लौटने के क्रम में दिरीदाग ग्राम के पास यह घटना हुई। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से घायल युवती को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार के देखरेख में इलाज किया गया।

## स्वच्छ पोषणयुक्त खाना उपलब्ध कराना जरूरी: अश्विनी



रसोईया को प्रमाणपत्र प्रदान करते अतिथि

खबर मन्त्र संवाददता

**चंदवा।** स्थानीय बालक मध्य विद्यालय प्रशालकक्ष में शुक्रवार को प्रखंड स्तरीय कुकिग कंप्टीशन का आयोजन किया गया। कंप्टीशन में मौजूद बीडीओ विजय कुमार ने रसोईया की महता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों को पोषणयुक्त एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना जरूरी है। उपप्रमुख आश्विनी मिश्रा ने कहा कि पोषणयुक्त एवं स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराने के लिए शिक्षा परियोजना द्वारा किया जा रहा प्रयास सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन करते बीईईओ राम प्रसाद यादव ने विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वच्छ एवं संतुलित आहार प्रदान करने के लिए रसोईया को समर्पित होकर कार्य करने की बात कही। अतिथियों ने रसोईया द्वारा बनाए गए मीनू के अनुसार भोजन को चखा। प्रखंड स्तरीय कुकिंग कंप्टीशन में चंदवा सीआरसी की टीम को प्रथम और कामता सीआरसी की टीम को द्वितीय स्थान का प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

## करंट के चपेट में आकर महिला घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के धाधु पंचायत स्थित मुरगांव ग्राम में शुक्रवार को मोटर से पानी भरने के दौरान करंट की चपेट में आने से एक महिला घायल हो गई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शीला देवी 35 वर्ष पति बना गंझु ग्राम मुरगांव थाना बालूमाथ निवासी अपने घर के कुआं में लगे मोटर से पानी भरने गयी हुई थी। बिजली के नंगे तार की चपेट में आ गयी। महिला को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया जहां डॉक्टर पुरुषोत्तम कुमार की देखरेख में महिला का प्राथमिक उपचार किया गया। वहीं बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

# लुकुईया आश्रम में रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन




रक्तदान शिविर में मौजूद लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लुकुईया स्थित आश्रम परिसर में शुक्रवार को सदगुरू सदाफल देव विहंगम योग पीठ चंदवा के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम सदगुरू सदाफल देव जी महाराज, परंपरा सदगुरू धर्म चंद्र देव जी महाराज एवं वर्तमान सदगुरू स्वतंत्र देवजी महाराज के चीत्र के समक्ष पुष्प अर्पण कर रक्तदान की शुरूआत की गयी।

## तम्बाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# तंबाकू सेवन कैंसर का खतरा : प्राचार्य डॉ . फादर

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** संत जेवियर कॉलेज महुआडांड़ में जिला स्वास्थ्य समिति एनडीसी कोषांग, लातेहार के तत्वावधान में तम्बाकू निषेध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय में तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान की चर्चा की गई। प्राचार्य फादर जोश ने कहा कि तंबाकू सेवन करने से फेफड़ों के कैंसर होने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है। ऐसा इसलिए क्योंकि तंबाकू में क्रोमियम, आर्सेनिक, बंजोपाइरींस, निकोटीन, नाइट्रोसामाइंस जैसे तत्व बहुत अधिक मात्रा में पाए जाते हैं। तंबाकू का सेवन करने के कारण होने वाले गंभीर रोगों के बारे में यहां बताया। इस परीक्षा कार्यक्रम में प्रथम पुरस्कार निशा दीप्ति टोप्पो, द्वितीय पुरस्कार फिलीप केरकेट्टा, तृतीय पुरस्कार करिश्मा कुमारी को और 50 विद्यार्थियों को सांत्वना पुरस्कार से पुरस्कृत तम्बाकू निषेध जागरूकता हेतु प्रेरित किया गया।



कार्यक्रम में उपस्थित लोग

## बुधबाजार में होगा भव्य दुर्गा मंदिर का निर्माण: समिति



बैठक में मौजूद धर्मप्रेमी

खबर मन्त्र संवाददता

**चंदवा।** शिव मंदिर बुध बाजार समिति की बैठक शुक्रवार को संदीप अग्रवाल की अध्यक्षता में ग्रीन फील्ड एकेडमी में संपन्न हुई। बैठक में शिव मंदिर के बगल में भव्य दुर्गा मंदिर निर्माण को लेकर चर्चा किया गया। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शेष जमीन 7337 पर मंदिर का हॉल का निर्माण किया जाएगा। वही अंतिम छोर में 3021 में टू बीएचके का घर बनाया जाएगा। मंदिर बहुमंजिला हो सकता है जिसे देखते हुए मंदिर निर्माण पर चर्चा की गयी। अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने कहा कि 15 दिनों के अंदर अच्छे इंजीनियर से मिलकर इस मंदिर का प्रारूप तैयार कर बृहद रूप से इस पर चर्चा कर निर्माण कार्य शुभ मुहूर्त में प्रारंभ कर दिया जाएगा। वही राजकुमार साहू ने कहा कि भविष्य को देखते हुए सभी प्रकार की सुविधा इस मंदिर परिसर में हो इसकी जरूरत है।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में मनाया गया विजय दिवस

## भारतीय सैनिको के सौर्य गाथा की दी गयी जानकारी



विजय दिवस मनाते

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर में विजय दिवस कार्यक्रम मनाया शुक्रवार को मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि बारियातू थाना प्रभारी विन्देश्वर महतो, एसआई दीपक नारायण सिंह, विशिष्ट अतिथि विद्यालय के अध्यक्ष किशोर प्रसाद, आरएसएस पलामू विभाग संघचालक जानकी नंदन राणा समिति सदस्य सत्येन्द्र प्रसाद व प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने संयुक्त रूप से भारत माता, ऊं के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पित कर किया। उपस्थित अतिथियों को कक्षा अष्टम के बहनों ने स्वागत गीत के साथ स्वागत किया तथा विद्यालय की ओर से उपस्थित अतिथियों को अंग वस्त्र के साथ सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य जितेन्द्र राम ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए बताया कि विद्या भारती योजना के अनुसार सोलह दिसंबर को विजय दिवस कार्यक्रम मनाया जाता है। सोलह दिसंबर 1971 को भारतीय सैनिक एवं पाकिस्तानी सैनिकों के साथ युद्ध हुआ था। इस युद्ध में भारतीय सैनिकों के साहस एवं पराक्रम के कारण 93,000 पाकिस्तानी सैनिक भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण कर दिए थे। इस युद्ध में हमारे भारतीय सैनिक तकरीबन 3900 शहीद हो गए थे, और लगभग 9851 घायल हुए थे। भारतीय सैनिकों का पराक्रम एवं शौर्य गाथा का बोध कराने के लिए हर वर्ष सोलह दिसंबर को विजय दिवस मनाया जाता है। इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन से भैया बहनों के अंदर भारतीय सैनिकों के प्रति आदर एवं सम्मान का भाव जगेगा। साथ ही उनके अंदर राष्ट्रभक्ति का भी भाव जगेगा। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी विन्देश्वर महतो ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी शिक्षा प्राप्त करने के बाद देश सेवा के लिए हम से भी बड़ा अधिकारी बने यही मेरी शुभकामना है। हजारीबाग के पूर्व छात्र एवं एसआई दीपक नारायण सिंह ने कहा कि आप सभी पढ़कर एक उच्च अधिकारी बनकर अपने माता- पिता एवं विद्यालय का नाम रौशन करें। अध्यक्ष किशोर प्रसाद, पलामू विभाग संघचालक जानकीनंदन ने भी अपने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय सैनिकों के साहस एवं पराक्रम की शौर्य गाथा का वर्णन किया। मंच संचालन आचार्य लवकेश उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन लक्ष्मण राम व अतिथि परिचय समिति सदस्य सत्येन्द्र प्रसाद ने किया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय गीत के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आचार्य राज किशोर मिश्रा, नितेश ठाकुर, वीणा देवी, किरण देवी, मनीषा कुमारी, खुशबू कुमारी ,विनीता कुमारी एवं सभी भैया बहने उपस्थित थे।

## मुख्य अतिथि कें रूप में उपस्थित रहे चंद्रशेखर कुशवाहा झा सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ



कमांडेंट को स्वागत करते प्रधानाचार्य

**लातेहार।** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर धर्मपुर पथ लातेहार के वंदना सभागार में भारतीय सैनिकों के अदम्य साहस का प्रतीक विजय दिवस शुक्रवार को मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रशेखर कुशवाहा झा सहायक कमांडेंट सीआरपीएफ 11 बटालियन उपस्थिति रहे। चंद्रशेखर झा और विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और भारत माता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई, मुख्य अतिथि का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया। कमांडेंट श्री झा ने बताया कि किस प्रकार 16 दिसंबर 1971 को 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों ने पूर्वी कमांडर के कमांडेंट जगदीश सिंह अरोड़ा के समकक्ष समर्पण किया। जो विश्व सैनिक इतिहास में सबसे बड़ा आत्मसमर्पण का उदाहरण देखने को नहीं मिलता है। उन्होंने आगे बताया कि छात्र-छात्राओं को देश की सेवा सैनिक बनने के अलावा डॉक्टर शिक्षक इंजीनियर इत्यादि बन कर भी किया जा सकता है। मौके पर प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी, लाल लाल बहादुर राम, शशिकांत पांडे, ओंकार नाथ सहाय, विजय कुमार पाठक, रेनू गुप्ता, सुरेश ठाकुर, राधेश्याम मिश्रा, रितेश रंजन गुप्ता, विकास कुमार, आलोक कुमार पांडे, धर्म प्रकाश प्रसाद, गोपाल प्रसाद, अभिनय कुंभकार, रविंद्र पांडे, दीपक कुमार, रुपेश कुमार, गीता कुमारी, पूनम कुमारी, अनुजा कुमारी, रजनी नाग, उपासना कुमारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

## धान अधिप्राप्ति केंद्र का हुआ शुभारंभ



धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ करते जनप्रतिनिधि

खबर मन्त्र संवाददाता

**गारू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित लैमप्स में गुरुवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र का शुभारंभ किया गया। अधिप्राप्ति केंद्र के शुभारंभ होने से किसानों में काफी खुशी देखी जा रही है। जिलापरिषद सदस्य जीरा देवी, प्रखंड प्रमुख सीता देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष कमरुद्दीन खलीफा, बीडीओ प्रताप टोप्पो, सीओ शम्भु राम ने संयुक्त रूप से फीता काटकर धान अधिप्राप्ति केंद्र का उद्घाटन किया गया। अधिप्राप्ति केंद्र के उद्घाटन के पश्चात स्थानीय किसान की धान की खरीदारी की गई। जिला परिषद ने कहा कि अब नियमित रूप से किसानों के धान का क्रय किया जाएगा। मौके पर जिलापरिषद सदस्य जीरा देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष कमरुदिन खलीफा, प्रमुख सीता देवी, बीडीओ प्रताप टोप्पो, सीओ शम्भु राम समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## हर दिन बन रहे हैं 7-8 लाख आयुष्मान कार्ड



**नयी दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्री मनसुख लाल मंडाविया ने शुक्रवार को कहा कि देश में प्रतिदिन सात से आठ लाख आयुष्मान कार्ड बन रहे हैं और प्रत्येक गरीब को इसके जरिए चिकित्सा सुविधा देने का प्रयास किया जा रहा है। मंडाविया ने लोकसभा में एक पूरक प्रश्न के जवाब में बताया कि देश में हर दिन लाखों आयुष्मान कार्ड बन रहे हैं और जिन लोगों को यह नहीं मिले हैं, उन्हें यह कार्ड जल्द उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उनका कहना था कि 2011 में जो सूची तैयार की गई थी उसके हिसाब से आयुष्मान कार्ड बनाने थे लेकिन सही लोग 25 प्रतिशत ही मिले हैं ,इसलिए कार्ड बनाने में दिक्कत आ रही है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वामी चिन्मयानंद फरार घोषित

**शाहजहांपुर।** 11 साल पुराने शिष्या से दुष्कर्म मामले में कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया है। साथ ही कोर्ट ने आदेश दिया है कि चिन्मयानंद के घर के बाहर और सार्वजनिक स्थान पर आदेश की कापी चस्पा की जाए। इसके अलावा कोर्ट ने चिन्मयानंद को फरार घोषित मानते हुए कार्रवाई करने का आदेश दिया है।

## आफताब ने दायर की जमानत याचिका

**नयी दिल्ली।** देश के बहुचर्चित श्रद्धा हत्याकांड के आरोपी आफताब पूनावाला ने आज साकेत कोर्ट में जमानत याचिका लगाई थी। आरोपी ने कोर्ट नंबर 303 में जमानत याचिका लगाई। कोर्ट ने बेल एप्लीकेशन को शनिवार तक के लिए पेंडिंग रख दिया है। अब इस मामले पर शनिवार को सुनवाई होगी।

## सेसेंक्स 461 अंक लुढ़का

**मुंबई।** हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सेंसेक्स 461 अंकों की गिरावट के साथ 61,337 अंकों पर जबकि निफ्टी 146 अंक फिसलकर 18269 अंकों पर बंद हुआ।

## ओपिनियन-एग्जिट पोल पर बैन लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं

**नयी दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को लोकसभा को बताया कि ओपिनियन पोल और एक्जिट पोल पर रोक लगाने कोई प्रस्ताव उसके विचाराधीन नहीं है। कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में एक सवाल के जवाब में यह जानकारी दी।

### बिलावल की टिप्पणी को लेकर भारत ने पाक को लगाई लताड़

# भुट्टो का बयान असभ्य, 1971 भूल गये...

**• बागची ने कहा, पाक को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है**

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो द्वारा न्यूयॉर्क में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर पर की गई विवादित टिप्पणी पर भारतीय विदेश मंत्रालय ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय ने इस संबंध में एक बयान जारी करते हुए कहा कि पाक विदेश मंत्री का बयान 'असभ्यता' से पूर्ण है।

पाकिस्तान को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है। विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता अरिंदम बागची ने अपने बयान में कहा कि बिलावल भुट्टो की ये टिप्पणियां पाकिस्तान के लिए भी एक नया निचला स्तर हैं। पाक के विदेश मंत्री स्पष्ट रूप से 1971 के आज के दिन को भूल गए हैं, जो जातीय बंगालियों और हिंदुओं के खिलाफ पाकिस्तानी शासकों द्वारा किए गए नरसंहार का प्रत्यक्ष परिणाम था। विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान पर हमला करते हुए अपने बयान में कहा कि पाकिस्तान एक ऐसा देश है जो ओसामा बिन लादेन को एक शहीद के रूप में महिमामंडित करता है।

इतना ही नहीं, लखवी, हाफिज सईद, मसूद अजहर, साजिद मीर और दाऊद इब्राहिम जैसे आतंकवादियों की पनाहगाह भी है। कोई अन्य देश 126 संयुक्त राष्ट्र नामित आतंकवादी और 27 संयुक्त राष्ट्र नामित आतंकवादी संस्थाओं का संचालन हो रहा हो। विदेश मंत्रालय ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के विदेश मंत्री को यूएनएससी में मुंबई की एक नर्स अंजलि कुलथे द्वारा दी गई गवाही को और अधिक गंभीरता से सुनना चाहिए था, जिसने पाकिस्तान के आतंकवादी अजमल कसाब की गोलियों से 20 गर्भवती महिलाओं की जान बचाई थी। यूएनएससी में दिए गए उनके बयान से यह साफ होता है कि वे उस आतंकवादी घटना में पाकिस्तान की भूमिका को साफ करने में अधिक रुचि रखते हैं। बागची ने खरीखोटी सुनाते हुए कहा कि भुट्टो की हताशा उनके अपने देश में चल रही आतंक की फैक्ट्रियों के मास्टरमाइंड्स की ओर से निर्देशित होगी।

जिन्होंने आतंकवाद को अपनी देश की नीति में शामिल कर लिया है। पाकिस्तान को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है।

### यूएनएससी में बोले थे बिलावल





मालूम हो कि यूएनएससी में पाकिस्तान के विदेश मंत्री भारत पर सियासी हमले करने में जुटे हैं। गुरुवार को पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) मुख्य रूप से अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए जिम्मेदार है। सुरक्षा परिषद की छत्रछाया में बहुपक्षीय समाधान शांति को बढ़ावा देने और संघर्षों को हल करने के लिए सबसे प्रभावी दृष्टिकोण प्रदान करते हैं। भुट्टो ने बिना नाम लिए जम्मू और कश्मीर के संदर्भ में कहा कि विवाद के पक्ष एक दिन बहुपक्षीय प्रक्रिया, एक दिन बहुपक्षीय सुधारों की वकालत नहीं कर सकते हैं और अगले दिन वह द्विपक्षीय रास्ते पर जोर देते हैं और अंततः एकतरफा कार्रवाई करते हैं।

### जयशंकर ने बंद की पड़ोसी की बोलती

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दूसरे दिन भी भारत और पाकिस्तान के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने 'यूएनएससी ब्रीफिंग: ग्लोबल काउंटर टेररिज्म अप्रोच, चैलेंज एंड वे फॉरवर्ड' की अध्यक्षता की। जिसमें उन्होंने पाकिस्तान को आतंकवाद का एपीसेंटर तक कह डाला। यूएनएससी की बैठक के बाद, एस जयशंकर मीडिया को संबोधित कर रहे थे। उसी दौरान एक पाकिस्तानी पत्रकार ने उनसे पूछा कि कब तक दक्षिण एशिया नयी दिल्ली, काबुल, पाकिस्तान से आतंकवाद को देखेगा और कब तक वे युद्ध में रहेंगे। एस जयशंकर ने पलटवार करते हुए कहा कि आप ये सवाल गलत मंत्री से पूछ रहे हैं। यह पाकिस्तान के मंत्री हैं जो आपको बताएंगे कि उनका देश कब तक आतंकवाद का अभ्यास करना चाहता है।

## चीन ने की युद्ध की तैयारी, तवांग मुद्दे को छिपा रही सरकार : राहुल




एजेंसी

**भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे**

**जयपुर।** भारत जोड़ो यात्रा के 100 दिन पूरे होने पर राहुल गांधी जयपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ऐसी पार्टी है जो महात्मा गांधी की राह पर चलती है। भाजपा भारत जोड़ो यात्रा के खिलाफ अभियान चला रही है। कांग्रेस विचारधार की पार्टी है, जो लोग भाजपा के दबाव में हैं वे चले जाएं तो बेहतर रहेगा।

राजस्थान कांग्रेस में चल रही गुटबाजी पर राहुल गांधी ने कहा कि हमारी पार्टी लोकतांत्रिक पार्टी है। यहां बयानबाजी कम चर्चा अधिक है, जो एक अच्छी बात है। राजस्थान ही नहीं, अन्य राज्यों में भी ऐसा होता है। लेकिन, नेताओं की बयानबाजी से पार्टी को नुकसान नहीं होना चाहिए, अगर ऐसा होता है तो हम कार्रवाई करते हैं। कांग्रेस पार्टी एक विचारधारा की पार्टी है, लोगों को बोलने की आजादी है, हम उन्हें डराकर चुप नहीं कराते हैं। राहुल गांधी ने कहा कि राजस्थान में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की कमी नहीं है। प्रदेश की दो-तीन योजनाएं ऐसी हैं जिनके बारे में लोग बात करते हैं। भारत जोड़ो यात्रा को लेकर राहुल गांधी ने कहा कि कन्याकुमारी से राजस्थान तक यात्रा को लोगों का भरपूर समर्थन मिल रहा है।

**चीन मुद्दे पर राहुल ने केंद्र पर बोला हमला :** राहुल गांधी ने कहा केंद्र सरकार चीन मुद्दे को नजरअंदाज कर रह है। तवांग मुद्दे को छिपाने की कोशिश की जा रही है। देश की सरकार सोई हुई है और चीन ने युद्ध की तैयारी की है।

## चीन सीमा पर हालात कंट्रोल में : सेना

एजेंसी

**तवांग।** तवांग झड़प मामले में सेना की तरफ से आधिकारिक बयान आया है। पूर्वी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता ने कहा कि चीन बॉर्डर पर स्थिति नॉर्मल है। बुमला पास पर झड़प को लेकर फ्लैग मीटिंग की गई। इसमें दोनों देशों के कमांडर मौजूद थे। जनरल कलिता ने कहा कि शांति और युद्ध दोनों स्थितियों में हम अपने देश की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। तवांग में अब हालात पूरी तरह से हमारे कंट्रोल में हैं।

उन्होंने कहा कि 9 दिसंबर को भारत और चीन के सैनिकों में हाथापाई हुई। इस दौरान हमारी सेना ने मजबूती से चीनी सेना का मुकाबला किया। हालांकि, कुछ जवानों को मामूली चोटें भी आईं।



मालूम हो कि अरुणाचल के तवांग में 9 दिसंबर को भारत और चीन के सैनिकों में हाथापाई हुई। 600 चीनी सैनिकों ने 17 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित भारतीय पोस्ट को हटाने के लिए घुसपैठ की कोशिश की थी। यह पोस्ट यांगत्से में है। भारतीय सैनिकों ने चीनियों को खदेड़ दिया।

## राजौरी में सेना के अस्पताल के पास फायरिंग में दो लोगों की मौत

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में शुक्रवार सुबह आर्मी अस्पताल के पास आतंकी हमला हुआ। फायरिंग में 2 लोगों की मौत हो गई। एक अन्य घायल है। सेना व्हाइट नाइट कोर के अधिकारियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि फायरिंग आतंकवादी ने की है। इस घटना के बाद राजौरी में हालात तनावपूर्ण हो गए। लोगों ने आर्मी कैम्प अल्फा गेट पर पथराव किया। एसएसपी राजौरी के मुताबिक मरने वाले लोग सेना में कुली का काम कर रहे थे। सुबह करीब 6.15 बजे वे सैन्य शिविर के अल्फा गेट के पास आ रहे थे, तब उन पर गोली चलाई गई। मृतकों के नाम कमल किशोर व सुरिंदर कुमार हैं।

## रूस ने कीव सहित 3 शहरों में दागीं ताबड़तोड़ मिसाइलें

एजेंसी

**कीव/मॉस्को।** रूस ने एक बार फिर यूक्रेन पर मिसाइल अटैक कर दिया है। इस बार उसने राजधानी कीव सहित तीन शहरों को निशाना बनाया है। रूस ने यूक्रेन के जिन तीन शहरों पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागी हैं, उनमें कीव, कीव, दक्षिणी क्रीवीय रिह और पूर्वोत्तर खारकीव शामिल हैं। स्थानीय यूक्रेनी अधिकारियों ने दावा किया कि रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों और बुनियादी ढांचों पर एक और बड़ा मिसाइल हमला किया है। उन्होंने कहा कि देशभर में रूसी मिसाइल हमलों के प्रति आगाह करने वाले अलार्म बजाए गए हैं। रूस ने मध्य अक्टूबर से यूक्रेन के ऊर्जा प्रतिष्ठानों और बुनियादी ढांचों पर कई बड़े मिसाइल हमले किए हैं।



**शहर की बिजली गुल**

खारकीव के मेयर इहोर तेरेकोव ने बताया कि शहर की बिजली गुल हो गई है। शहर के अहम बुनियादी ढांचों को निशाना बनाकर तीन हमले किए गए हैं।

**राजधानी पर हमले जारी हैं**

मेयर ने बताया कि राजधानी पर हमले जारी हैं। राजधानी में सबवे सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं, क्योंकि नागरिक हमलों से बचने के लिए भूमिगत स्टेशनों में शरण लेने के लिए उमड़ पड़े हैं। ऊर्जा प्रतिष्ठानों को नुकसान पहुंचने के कारण पूर्वी और मध्य खार्कीव, किरोवोहराद, दोनेत्स्क और निप्रोपेत्रोव्स्क में कई स्टेशनों पर बिजली आपूर्ति ठप पड़ गई है।

## स्वीडन से मिला 15 हजार करोड़ का निवेश प्रस्ताव

**लखनऊ।** स्वीडन में रोड शो करने गए औद्योगिक विकास मंत्री नंदगोपाल गुप्ता नंदी और मंत्री जितिन प्रसाद को स्टॉकहोम में 15 हजार करोड़ से अधिक का निवेश प्रस्ताव मिला है। स्वीडन की प्रमुख कंपनी आईएनजीकेए की ओर से यूपी में रिटेल स्टोर्स, लग्जरी मॉल और निर्माण कंपनी सरनेके ने यूपी फिल्म सिटी में दस हजार करोड़ का निवेश करने का प्रस्ताव दिया है। आईएनजीकेए के क्रिस्टेंसन और क्रेलिना ने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान रिटेल स्टोर्स और लग्जरी मॉल्स की श्रृंखला के विस्तार के लिए 4300 करोड़ रुपये का निवेश पर चर्चा हुई।

# शराब से मौत पर मुआवजा नहीं : नीतीश

>> विधानसभा में तेजस्वी के बयान के दौरान विपक्षी विधायकों ने उठाई कुर्सी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**पटना।** बिहार में जहरीली शराब से मौत का सिलसिला जारी है। मामले को लेकर विपक्ष नीतीश सरकार को घेरने में जुटा है। अब शुक्रवार को विधानसभा में उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने जैसे ही बोलना शुरू किया, विपक्षी विधायकों ने कुर्सियां उठा ली और सदन में हंगामा शुरू कर दिया। बिहार विधानसभा में तीसरे दिन भी मामले को लेकर हंगामा हुआ। मुख्य विपक्षी पार्टी भाजपा नेताओं ने इस मुद्दे पर सदन में जमकर नारेबाजी की। वहीं नीतीश कुमार के 'जो पियेगा, वो मरेगा' वाले बयान पर विपक्ष उनसे माफी की मांग कर रहा है।




**शराब पीकर मृत्यु पर सहायता राशि देने का सवाल ही नहीं**

दूसरी ओर नीतीश कुमार ने विपक्ष को जवाब देते हुए कहा कि शराब से मौत पर कोई मुआवजा नहीं मिलेगा। शराब पीकर मृत्यु पर हम उसे सहायता राशि देंगे? ये सवाल ही नहीं पैदा होता...इसलिए यह बातें सही नहीं है। जब हम संसद का चुनाव लड़ते थे तब पार्टियां हमारे साथ नहीं थी फिर भी सीपीआइ-सीपीएम के लोग हमारा साथ देते थे।

### छपरा : अबतक महिला समेत 75 की मौत

छपरा। सारण के मशरक के आधा दर्जन गांवों में मंगलवार से शुरू हुआ मौतों का सिलसिला थम नहीं रहा। शुक्रवार तक यह आंकड़ा 75 पहुंच गया। मरने वालों की सूची में पहली महिला का भी नाम शामिल हो गया। इसुआपुर माहुली की रहने वाली मंजू देवी की शराब से मौत हुई है। अबतक कार्रवाई के नाम पर मशरक थानेदार और चौकीदार को निलंबित किया गया है।

**सीवान में जहरीली शराब से चौकीदार समेत 5 की मौत**

इधर अब निकटवर्ती जिले सीवान के भगवानपुर थाना क्षेत्र में मौतों का सिलसिला शुक्रवार सुबह शुरू हुआ तो थाने के चौकीदार समेत पांच की एक-एक कर मौत हो गई।

## पच्चीस वर्षों के लिए रोडमैप तैयार करने वाला होगा आम बजट : सीतारमण

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि पिछले वित्त वर्षों के बजट की तरह ही अगले वित्त वर्ष का आम बजट भी देश के लिए अगले 25 वर्षों का रोडमैप तैयार करने वाला होगा। सीतारमण ने उद्योग संगठन फिक्की की 95वीं वार्षिक आम बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि अगला बजट भी पहले के बजट की तरह ही होगा जो वर्ष 2047 में भारत में रहने वाले बच्चों के लिए देश को तैयार करने का रोडमैप होगा क्योंकि उस समय बच्चे अधिक विकसित भारत में रहने वाले होंगे। उन्होंने कहा कि देश में विनिर्माण क्षेत्र को मजबूत बनाये जाने के साथ ही सेवा क्षेत्र के नये क्षेत्रों में भी संभावनायें तलाशने की जरूरत है।

## गूगल पर मोस्ट सर्च्ड एशियन अभिनेत्री बनीं कैटरीना कैफ



अभिनेत्री कैटरीना कैफ गूगल पर मोस्ट सर्च्ड एशियन अभिनेत्री बन गयी हैं। गूगल ने हाल ही में टॉप 10 मोस्ट सर्च्ड एशियन्स की लिस्ट जारी की है। कैटरीना कैफ वर्ष 2022 में गूगल पर सबसे ज्यादा सर्च किए जाने वाली एशियन अभिनेत्री बन गई हैं। कैटरीना कैफ आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा को पीछे छोड़ते हुए लिस्ट में टॉप पर हैं। टॉप 10 लिस्ट में कैटरीना सातवें, आलिया आठवें और प्रियंका नवें स्थान पर हैं। लिस्ट में सबसे पहला नंबर दक्षिण कोरियाई बैंड बीटीएस फाइव का है। इस बैंड के फैंस महज कोरिया में नहीं बल्कि दुनिया भर में फैले हुए हैं। दूसरे नंबर पर जंगकुक हैं, जो कि खुद बीटीएस बैंड के ग्रुप मेंबर हैं। तीसरे नंबर पर भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली हैं। चौथे पर जिमिन, पांचवें नंबर पर दिवंगत गायिका लता मंगेशकर और छठे नंबर पर साउथ कोरियन सिंगर लिसा है।











# आंकड़ों में अर्जेंटीना का पलड़ा भारी

एजेंसी

**दोहा।** फीफा विश्वकप 2022 के रविवार को होने वाले खिताबी मुकाबले के लिये अर्जेंटीना और फ्रांस की टीमे कमर कस चुकी हैं। आंकड़ों पर नजर डाले तो अजेर्टीना का पलड़ा भारी दिखता है मगर बड़े उलटफेर का गवाह बन चुका मौजूदा विश्वकप का फाइनल रोमांच से भरपूर होना तय है।

अर्जेंटीना और फ्रांस इससे पहले आधिकारिक मैचों में 12 बार भिड़ चुके हैं, जिसमें अर्जेंटीना ने छह जीते और तीन हारे हैं। दोनो टीमों के बीच आखिरी मुकाबला रूस में 2018 विश्व कप के प्री क्वार्टर फाइनल में हुआ था जिसमें फ्रांस ने 4-3 से जीत हासिल की थी। दोनो टीमो के बीच पहली आधिकारिक भिड़ंत 15 जुलाई 1930 को विश्व कप में हुयी थी, जिसमें अर्जेंटीना को एक गोल से जीत मिली थी। इसके बाद 1971, 1974, 1978 विश्वकप,2007 और 2009 में भी अर्जेंटीना ने फ्रांस के खिलाफ हुये मैचों में जीत हासिल की थी वहीं फ्रांस ने आठ जनवरी 1971 और 26 मार्च 1986 को अर्जेंटीना को हराया था। इसके अलावा 1965,1972 और 1977 में दोनो टीमे एक दूसरे के खिलाफ गोल करने में असफल रही थी।



### मेसी और एम्बाप्पे के बीच होगी टक्कर

अर्जेंटीना के लियोनल मेसी और फ्रांस के कीलियन एम्बाप्पे इस फीफा वर्ल्ड कप के सबसे कामयाब खिलाड़ियों में शामिल हैं। फाइनल में दोनों की जंग काफी दिलचस्प होगी। फीफा वर्ल्ड कप का खिताबी मुकाबला रविवार को फ्रांस और अर्जेंटीना के बीच खेला जाएगा। इस मुकाबले में फैंस सबसे ज्यादा कीलियन एम्बाप्पे और लियोनल मेसी की जंग देखने को बेकरार हैं। यह वर्ल्ड कप लियोनल मेसी का आखिरी फीफा वर्ल्ड कप हैं। वहीं एम्बाप्पे के अंतरराष्ट्रीय करियर की अभी शुरूआत भर है। मेसी ने साल 2006 में फीफा वर्ल्ड कप में डेब्यू किया था। तबसे अब तक उन्होंने 25 मुकाबले खेले हैं। वहीं एम्बाप्पे ने अपना डेब्यू मुकाबला 2018 में खेला मेसी ने फीफा वर्ल्ड कप में 11 गोल दागे हैं। जबकि महज एक वर्ल्ड कप पुराने एम्बाप्पे अब तक नौ गोल दाग चुके हैं। अपने लगभग दो दशक लंबे करियर में लियोनल मेसी वर्ल्ड कप का खिताब नहीं जीत पाए हैं। वहीं कीलियन पिछले वर्ल्ड कप में चैंपियन बनी फ्रांस की टीम का हिस्सा थे। लियोनल मेसी ने मैदान पर ज्यादा समय बिताया है, लेकिन उस लिहाज से उनके गोल काफी कम हैं।

## चटगांव टेस्ट : पुजारा-गिल के शतक, भारत के पास 471 रन की बढ़त,कुलदीप ने लिये 5 विकेट

चटगांव। भारत और बांग्लादेश के बीच पहले टेस्ट मैच के तीसरे दिन का खेल समाप्त हो गया। भारत के पहली पारी में 404 रन के जवाब में बांग्लादेश 150 रन पर ऑल आउट हो गया। कुलदीप यादव ने पांच विकेट लिए। सिराज को तीन विकेट, जबकि उमेश और अक्षर को एक-एक विकेट मिला। भारत को पहली पारी के आधार पर 254 रन की बढ़त मिली। दूसरी पारी में भारत ने 61.4 ओवर में 2 विकेट पर 258 रन पर पारी घोषित कर दी। भारत ने कुल 512 रन की बढ़त बनाई है। वहीं, बांग्लादेश ने दूसरी पारी में बिना विकेट खोए 42 रन बना लिए हैं। उसे जीत के लिए 471 रन की जरूरत है। बांग्लादेश को 150 रन पर ऑल आउट करने के बाद केएल राहुल और शुभमन गिल ने सधी हुई शुरूआत दी। दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी हुई। हालांकि, राहुल 23 रन बनाकर आउट हो गए, लेकिन शुभमन गिल ने शतक पूरा किया। आउट होने से पहले शुभमन गिल ने 152 गेंद पर 110 रन की पारी खेली। वहीं चेतेश्वर पुजारा ने 52 पारियों के बाद टेस्ट क्रिकेट में शतक पूरा किया। पुजारा का शतक होते ही भारत ने पारी घोषित कर दी। भारत ने 512 रन की कुल बढ़त हासिल की। मेहदी हसन और खालिद अहमद को एक-एक विकेट मिला।

